
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-338 ❑ शुक्रवार, 12 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



कांग्रेस पार्टी के इसी बहिष्कार-बहिष्कार के चलते जनता अब कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार कर रही है। कांग्रेस पार्टी अपनी प्रवृति के अनुरुप चल रही है और उसी के हिसाब से कार्य कर रही है।

सुधांशु त्रिवेदी

चुनाव आयोग की वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च 11 मैं बुआ और मुख्यमंत्री मामा के रूप में बच्चों के साथ खड़े हैं: रेखा आर्या 12

## संक्षेप

### अफगानिस्तान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, उत्तर भारत में भी झटके

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 50 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काबुल से 241 किलोमीटर उत्तर उत्तरपूर्व में था। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस होने की बात कही।

### बृजभूषण मामला: पुलिस की रिपोर्ट पर अदालत दो मार्च को सुनाएगी फैसला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग पहलवान की शिकायत को रद्द करने का अनुरोध करने वाली पुलिस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर दो मार्च को अपना आदेश सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर बृहस्पतिवार को आदेश पारित करने वाली थीं। हालांकि उन्होंने कहा कि मामले में कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। सिंह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को लड़की द्वारा मामला रद्द करने की मांग करते हुए अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट दायर की थी। मामले को बंद करने की रिपोर्ट तब दायर की गई जब लड़की के पिता ने दावा किया कि उसने अपने साथ कथित अन्याय को लेकर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### हम 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से असहमत : ममता

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। समिति के सचिव को लिखे पत्र में ममता ने कहा कि 1952 में केंद्र और राज्य स्तर पर एक साथ पहली बार आम चुनाव कराए गए थे। उन्होंने कहा, ''कुछ वर्षों तक इस तरह से चला लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई। उन्होंने पत्र में लिखा, ''मुझे खेद है कि मैं आपके द्वारा तैयार 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हूं। हम आपके सूत्रीकरण और प्रस्ताव से असहमत हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, ''शासन की 'वेस्टमिंस्टर' प्रणाली में संघ और राज्य चुनाव एक साथ न होना एक बुनियादी विशेषता है, जिसे बदला नहीं जाना चाहिए। संक्षेप में कहें तो एक साथ चुनाव नहीं होना भारतीय संवैधानिक व्यवस्था की मूल संरचना का हिस्सा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर अपनी-अपनी राय रखने के लिए एक पत्र लिखा था।

# वाराणसी और प्रयागराज को बेहतर स्वच्छता पर राष्ट्रीय पुरस्कार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में राष्ट्रीय स्तर पर यूपी के दो शहरों वाराणसी और प्रयागराज को पुरस्कृत किया गया है। राज्य पुरस्कार में नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, लखनऊ, कानपुर, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी को पुरस्कार मिला है। नोएडा, गाजियाबाद और अलीगढ़ को क्षेत्रीय पुरस्कार मिला है। यूपी में कचरा मुक्त शहरों (जीएफसी) में उत्कृष्ठ प्रदर्शन और रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है। ऐसे शहरों में पिछले दो वर्षों में 13 गुना की वृद्धि हुई है। वाराणसी को थ्री स्टार गार्ब्रेज फ्री सिटी रेटिंग और प्रयागराज को वाटर प्लस सिटी का दर्जा भी मिला है।

नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से यह पुरस्कार नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विभाग एवं पुरस्कृत नगर निकायों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जोनल स्तर पर यूपी के तीन शहरों को उत्तरी जोन का पुरस्कार मिला है। इनमें बरवर, अनूप शहर और गजरौला शामिल हैं।

**उपलब्धि**

- ❑ नोएडा, गाजियाबाद व अलीगढ़ को क्षेत्रीय पुरस्कार
- ❑ लखनऊ समेत 10 शहरों को मिला राज्य पुरस्कार
- ❑ यूपी के 65 शहर कचरामुक्त, तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार
- ❑ 129 निकाय ओडीएफ डबल प्लस

यूपी में 65 शहरों को कचरामुक्त होने का प्रमाण पत्र दिया गया है। वर्ष 2021 में केवल पांच शहर कचरा मुक्त घोषित किए गए थे। यूपी ने दो सालों में 13 गुना की वृद्धि की है।◦ इस साल यूपी के सभी शहर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित किए गए हैं। ओडीएफ की विभिन्न श्रेणी में दो निकायों ने पहली बार वाटर प्लस का प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। ◦ओडीएफ की अन्य श्रेणी में 129 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस के रूप में प्रमाणित किया गया है।◦ पिछले साल यह आंकड़ा 40 था। 435 यूएलबीएस को ओडीएफ प्लस के रूप में प्रमाणित किया गया है जबकि पिछले साल यह संख्या 411 थी।



यूपी के तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार मिला। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। एक लाख की आबादी में क्लीन सिटी का राज्य स्तरीय पुरस्कार नोएडा को मिला। जीएफसी शहरों में वन स्टार के 56, थ्री स्टार में आठ और फाइव स्टार में एक शहर शामिल हैं। इस वर्ष यूपी के सभी शहर ओडीएफ हो गए हैं। ओडीएफ की विभिन्न श्रेणी में दो निकायों को पहली बार वाटर प्लस प्रमाण पत्र मिला है। यूपी ने यह वॉटर प्लस प्रमाण पत्र पहले कभी ● शेष पेज 11 पर

### सेफ सिटी परियोजना में लखनऊ का तीसरा स्थान

**लखनऊ।** सेफ सिटी योजना के तहत शहरों को सुरक्षित करने में कई विकास प्राधिकरणों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब तक सिर्फ 12,220 सीसीटीवी कैमरे ही लग पाए हैं। प्रदेश के 17 विकास प्राधिकरणों को अपने शहर की अपनी बिल्डिंग तथा अपार्टमेंट में सीसीटीवी कैमरे लगवाने थे लेकिन लगवा नहीं पाए। कैमरे लगवाने में गाजियाबाद सबसे आगे हैं। आगरा दूसरे और लखनऊ तीसरे नम्बर पर है। सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम शहरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद चल रही है। गृह विभाग इसकी निगरानी कर रहा है। शहरों व प्राधिकरणों को अपनी बहुमंजिला आवासीय तथा व्यावसायिक इमारत में सीसीटीवी कैमरे लगवाने थे लेकिन इसमें भारी लापरवाही हो रही है। छह विकास प्राधिकरणों की प्रगति रिपोर्ट शून्य है। प्रदेश में सबसे अधिक सीसीटीवी कैमरे गाजियाबाद ने अपनी बहुमंजिला बिल्डिंग में लगवाए हैं। यहां कुल 256 बहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग हैं। इसमें 953 टावर बने हैं। इन सभी में उसने 4611 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इनमें से 246 बिल्डिंग ऐसी हैं जिनके प्रवेश तथा निकास द्वार पर 601 कैमरे लगाए गए हैं। गाजियाबाद की 10 बिल्डिंग में अभी भी सीसीटीवी नहीं हैं। आगरा में 126 मल्टी स्टोरी बिल्डिंग हैं। इनमें 260 टावर बने हैं। इनमें 2069 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। एलडीए ने लखनऊ में 39 बिल्डिंग की रिपोर्ट दी है। इसमें 145 टावर बने हैं। इनमें कुल 2011 सीसीटीवी लगाए हैं। एलडीए की भी 10 बिल्डिंग ऐसी हैं जिनमें सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। कानपुर में 27 बहुमंजिला बिल्डिंग में कुल 792 टावर हैं। इनमें केवल 104 कैमरे ही लगाने की रिपोर्ट दी गई है। सीसीटीवी कैमरे लगाने की रिपोर्ट कुछ शहरों की जीरो है। अयोध्या ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण में तीन बहुमंजिला इमारत हैं। लेकिन एक भी कैमरे नहीं हैं। इसी तरह वाराणसी में 151 बहुमंजिला इमारतें होने की रिपोर्ट है। लेकिन कैमरे शून्य दिखाए गए हैं। फिरोजाबाद, शिकोहाबाद में 25 बहुमंजिला बिल्डिंग ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद - अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया। वहीं केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि बहुत जल्द अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती में भी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है।

अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गई है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुंबई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ होने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 जनवरी से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गई। बीते तीन वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार और प्रयागराज में 45 हजार थी। वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है। इसलिए प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। सीएम ने कहा कि इंडिगो उत्तर प्रदेश के आठ नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढ़ोतरी भी हो रही है। लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुई। वर्तमान में 13 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 84 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी



**उपलब्धि**

- ❑ वाइब्रेंट गुजरात और आध्यत्मिक अयोध्या का संगम करायेगी नई हवाई सेवा : ज्योतिरादित्य
- ❑ प्रदेश में 2016-17 में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गई:
- ❑ जिस उत्तर प्रदेश में 2014 में 700 एयरक्राफ्ट मूवमेंट प्रति सप्ताह था, आज 137 गुना बढ़कर 1654 एयर मूवमेंट प्रति सप्ताह तक पहुंच गया: ज्योतिरादित्य

# जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिशें जारी : सेना प्रमुख

एजेंसी

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने दिल्ली में गुरुवार (11 जनवरी) को कहा- देश की उत्तरी सीमा पर स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। जम्मू-कश्मीर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। इसलिए उत्तरी सीमा पर सेना के जवानों की भारी संख्या में मौजूदगी है। हालांकि, सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

जनरल पांडे ने कहा- 2024 में आर्मी में मॉडर्नाइजेशन किया जाएगा। हम नई टेक्नोलॉजी को अपनाते रहे हैं, लेकिन इस साल इस मामले में और आगे बढ़ेंगे। सेना में आर्टिलरी यूनिट और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम को बेहतर बनाया जा रहा है। हम पशुओं से होने वाले ट्रांसपोर्ट को ड्रोन से करने पर विचार कर रहे हैं। इसका प्रपोजल सरकार को भेजा गया है। दरअसल, भारत की सीमाओं की चुनौतीपूर्ण जगहों पर जवानों तक सामान पहुंचाने के लिए सेना एनिमल ट्रांसपोर्ट पर निर्भर है। जनरल पांडे ने कहा कि हम इसकी बजाय ड्रोन का इस्तेमाल करेंगे। इससे 2027 तक 1 लाख वर्कफोर्स में कमी आएगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लगने वाली सीमा पर फिलहाल स्थिति सेंसिटिव है। हमने इस क्षेत्र में भारी संख्या में जवानों को तैनात किया हुआ है, जिससे किसी भी ऑपरेशन के लिए सेना तैयार रहेगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए सैन्य स्तर और राजनयिक स्तर पर भी बातचीत जारी है। जम्मू-कश्मीर में लगातार घुसपैठ की कोशिशें हो रही हैं। ड्रग्स और हथियारों की ● शेष पेज 11 पर



❑ रोकने के लिए भारी संख्या में जवान तैनात, सीमा पर ड्रोन से सामान भेजने की तैयारी

## गन्ना मूल्य पूरी कैबिनेट बैठक में तय होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार चालू पेराई सत्र के लिए गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य अब कैबिनेट की पूरी बैठक में तय करेगी। गुरुवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के तहत कई विभगों के प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। गन्ना मूल्य निर्धारण का प्रस्ताव भी तैयार था। मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये कि चूंकि यह गन्ना किसानों के व्यापक हित से जुड़ा मामला है, इसलिए इससे संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट की पूरी बैठक में लाया जाए। गन्ना विकास और चीनी उद्योग विभाग के सूत्रों के अनुसार आगामी कैबिनेट की पूरी बैठक में गन्ना मूल्य तय करने के प्रस्ताव पर निर्णय हो सकता है।

# कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कई अन्य जिलों में कोहरा छाया रहने की यलो वार्निंग भी जारी हुई है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, आगरा, इटावा, औरय्या, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहने की संभावना है। इसी तरह सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, ● शेष पेज 11 पर



# भारतीय पासपोर्ट की बढ़ी ताकत

## दुनिया के 62 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं भारतीय



एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के पासपोर्ट की ताकत दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। आज ही जारी हुई नई रैंकिंग के मुताबिक भारत का पासपोर्ट दुनिया में 80वें स्थान पर आता है। यही नहीं भारत के पासपोर्ट की अब यह ताकत है कि देश के नागरिक दुनिया के 62 देशों में बिना वीजा के ही जा सकते हैं। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक पाकिस्तान के पासपोर्ट की हालत पतली है और वह दुनिया में नीचे से चौथे स्थान पर आता है। वहीं भारतीय नामी देशों में बिना वीजा के ही जा सकते हैं। वहीं दुनिया के टॉप 6 देश ऐसे हैं, जिनके पासपोर्ट धारी 194 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं।

वहीं सबसे नीचे अफगानिस्तान आता है, जहां के नागरिक सिर्फ 28 देशों में ही बिना वीजा के जा सकते हैं। इसके अलावा सीरिया के लोग 29 और इराक के लोग 31 देशों में जा सकते हैं। वहीं नीचे से चौथे नंबर पर आने वाले पाकिस्तान के लोग महज 34 देशों में ही बिना वीजा के एंट्री पा सकते हैं। दुनिया के 10 सबसे खराब रैंकिंग वाले पासपोर्ट वाले देशों में नेपाल, फिलिस्तीन, सोमालिया, यमन, इराक, सीरिया, अफगानिस्तान, इराक, पाकिस्तान और लीबिया शामिल हैं। दुनिया के कुल 6 देश ही ऐसे हैं, जहां के लोग पूरे विश्व के 194 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। इन देशों में फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन शामिल हैं। इन देशों के बाद दूसरे नंबर पर फिनलैंड, साउथ कोरिया और स्वीडन आते हैं। वहीं तीसरे पर ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, ● शेष पेज 11 पर

### भारतीय बिना वीजा के किन 62 देशों में जा सकते हैं...

1. अंगोला, 2. बारबाडोस, 3. भूटान, 4. बोलिविया, 5. ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, 6. बुरुंडी, 7. कम्बोडिया, 8. केप वर्डे आइलैंड, 9. कोमोरो आइलैंड, 10. कुक आइलैंड, 11. जिबूती, 12. डोमिनिका, 13. अल सल्वाडोर, 14. इथियोपिया, 15. फिजी, 16. गैबन, 17. ग्रेनाडा, 18. गुएना बिसाउ, 19. हैती, 20. इंडोनेशिया, 21. ईरान, 22. जमैका, 23. जॉर्डन, 24. कजाखस्तान, 25. केन्या, 26. किरिबाती, 27. लाओस, 28. मकाओ, 29. मैडागास्कर, 30. मलयेशिया, 31. मालदीव, 32. मार्शल आइलैंड, 33. मॉरिटैनिया, 34. मॉरीशस, 35. माइक्रोशिया, 35. मॉन्टसेराट, 36. मोजाम्बिक, 37. म्यांमार, 38. नेपाल, 39. निउए, 40. ओमान, 41. पालाउ आइलैंड, 42. कतर, 43. रवांडा, 44. सामोआ, 45. सेनेगल, 46. सेशेल्स, 47. सिएरा लियोन, 48. सोमालिया, 49. श्रीलंका, 50. सैंट किट्स ऐंड नेविस, 51, सेंट लूसिया, 52. सेंट विंसेट, 53. तंजानिया, 54. थाइलैंड, 55. तिमोर, 56. टोगो, 57. त्रिनिदाद एंड टोबैगो, 58. ट्यूनीशिया, 59. तुवालु, 60. वनुआतु, 61. जिम्बाब्वे, 62. ग्रेनाडा।

# 22 जनवरी को दीपमाला की प्रभा से जगमगायेगा सरयू घाट

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 22 जनवरी को सरयू घाट पर दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शाम को यहां के हर घर, घाट व मंदिरों में दीपोत्सव जैसा कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के लिए सूचना विभाग की तरफ से 50 अतिरिक्त स्क्रीन/डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था सजीव प्रसारण के लिए की जाएगी। आयुक्त गौरव दयाल ने बताया कि कार्यालयों में 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान एवं प्लास्टिक व गंदगी की सफाई करके परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर रखा जाएगा। सभी कार्यालयों में विशेष प्रकाश व्यवस्था रहेगी। 22 जनवरी के लिए लोगों को प्रेरित कर घर-घर एवं संस्थानों में ज्योति जलाई जाएगी।

आयुक्त के मुताबिक कार्यक्रम के दिन अयोध्या में चिकित्सा व्यवस्था भी बेहतर रखी जाएगी। शहर के मुख्य मार्ग रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट से मंदिर मार्ग आदि को



विशेष सफाई करते हुये धूल एवं गंदगी मुक्त रखने का निर्देश दिया गया है। सिंचाई विभाग द्वारा 1.37 किमी. तक नदी पर बैरियर बनाया जाय तथा राम की पैड़ी पर भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

स्वच्छतम अयोध्या के लिए कुम्भ मेला की भांति स्थापित शौचालयों की नगर विकास सफाई व्यवस्था कराये। 50 मुख्य स्थानों पर पेयजल/वाटर कूलर की व्यवस्था रहेगी। साथ ही लोगों को रास्ते बताने के लिए 250 पुलिस गाइड को भी तैनात किया जाएगा। डिजिटल टूरिस्ट एप दिनांक 14 जनवरी 2024 को लांच करने की कार्यवाही पूरी हो जाएगी। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं पार्किंग स्थल तथा शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर हेल्प डेस्क और खोया पाया केन्द्र स्थापित किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु व्यापक मोनिटरिंग की जा रही। प्रमुख मार्गों पर साइन बोर्ड लगाया जा रहा है, जिससे आम लोगों को निश्चित स्थान पर पहुंचने में कोई दिक्कत न हों। 14 से 22 जनवरी सप्ताह तक प्रत्येक देव मंदिर में राम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मण्डलायुक्त ने राजस्व, पुलिस, शिक्षा, परिवहन, पर्यटन, चिकित्सा, सूचना, संस्कृति आदि विभाग के स्थानीय अधिकारियों एवं मण्डलीय अधिकारियों से अपने अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो को समय से पूरा ● शेष पेज 11 पर

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले श्री राम नाम महायज्ञ का होगा आयोजन

**अयोध्या (उप्र)।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सरयू तट पर 14 से 25 जनवरी तक 'श्री राम नाम महायज्ञ' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। उसके आयोजकों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वृहद अनुष्ठान के लिए 1008 नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी इसके लिए राम मंदिर से दो किलोमीटर दूर सरयू नदी के घाट पर 100 एकड़ में 'टेंट सिटी' बसाई गई है। इस महायज्ञ का नेतृत्व और आयोजन आत्मानंद दास महात्यागी उर्फ नेपाली बाबा करेंगे और इस यज्ञ में नेपाल से 21 हजार पंडित भाग लेंगे। नेपाली बाबा के नेपाल में काफी अनुयायी बताये जाते हैं । नेपाली बाबा ने पत्रकारों से कहा कि हर दिन 50 हजार भक्तों को ठहरने की व्यवस्था की जा रही है और एक भोज का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन लगभग एक लाख ● शेष पेज 11 पर

# देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है उत्तर प्रदेश : केशव प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषयक राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। प्रदेश खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, लैंगिक समानता व सुशासन, अन्त्योदय और सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में विकास की पवित्र गंगा बह रही है। भारतीय सांस्कृतिक सभ्यता के मूल्यों को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। लोक कल्याण के आदर्श स्थापित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नयी उड़ान भर रहा है। उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। उपमुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका हक देने तथा भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सहभागी बनाने वाला प्रधानमन्त्री का यह कालजयी निर्णय विकसित भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। कार्यशाला के दौरान खाद्य, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वछता पोषण गतिबिधियो में किये गए उत्कृष्ट कार्यों एवं अनुभवों को साझा करते हुए और आगामी रणनीति तैयार करते हुए हम सब एक टीम के रूप में इसी प्रकार नवीन उर्ज़ा, समर्पण, बेहतर समन्वय के साथ प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास, समानता एवं अन्त्योदय के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

## वर्ल्ड क्लास कोर्सेज में नि:शुल्क प्रशिक्षण पा सकेंगे यूपी के युवा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। युवाओं के लिए कौशल विकास मिशन द्वारा ओरिजनल इक्विपमेंट्स मैन्युफ़ेक्चरर्स (ओईएम) को अनुबंधित करने तथा अपेक्षित मानकों का निर्धारण करने के लिए ओईएम पॉलिसी तैयार की गई है। ओईएम पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश के आईटी सेक्टर में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी को दूर करने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रशिक्षित इंजीनियर्स तैयार किए जा सकेंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आईटी-आईटीईएस नीति, 2022 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के जरिए प्रदेश के युवाओं को विश्व स्तरीय पाठ्यक्रमों में निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

# बसों में श्रद्धालुओं को सुनाई देगी रामधुन

## 14 जनवरी तक साउंड बाक्स लगाने के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के सभागार कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आरटीओ, एआरटीओ, आरएम, एआरएम के साथ अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए एक सौभाग्य है कि लगभग 500 वर्षों के इन्तजार के पश्चात भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के हम लोग साक्षी बनने जा रहे हैं। परिवहन विभाग एवं निगम के सभी अधिकारी और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करें। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर, सुखद, आरामदायक परिवहन सेवाएं मुहैया हों। बसों में साफ सफाई रखें, जिससे कि श्रद्धालुओं को गुड फील हो। 22 जनवरी की तैयारियों के दृष्टिगत सबसे अधिक जिम्मेदारी परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग की है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु 22 जनवरी के पश्चात भगवान श्रीराम के दर्शन करने अयोध्या आएंगे। सभी आरटीओ, एआरटीओ, निजी वाहन स्वामियों के साथ अपने स्तर से मीटिंग करें और परिवहन निगम के साथ साथ निजी बसें भी फूल माला से सुसज्जित रहें, इसके लिए प्रयास करें। बसों में 14 जनवरी तक साउण्ड बाक्स लग जाएं और श्रद्धालुओं को रामधुन सुनाई पड़े। इसके साथ निजी वाहन स्वामियों की बसों में भी रामधुन बजे इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जाय। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम अयोध्या परिक्षेत्र में 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करेगा। साथ ही उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारियों एवं क्षेत्रीय प्रबंधकों को निजी बस संचालकों से वार्ता कर अपने अपने क्षेत्र से कम से कम 05 बसें लगाये जाने का प्रयास करें, जिससे कि एक अच्छी परिवहन सेवा श्रद्धालुओं को मिल सके। परिवहन मंत्री ने कहा कि लखनऊ से अयोध्या, प्रयागराज से अयोध्या, चित्रकूट से अयोध्या, वाराणसी से अयोध्या एवं गोरखपुर से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहेगी। सभी को परिवहन सेवाएं समय से प्राप्त हों, इसके लिए आवश्यकतानुसार अन्य क्षेत्रों से अधिकारी-कर्मचारी लगाये जाएं। उन्होंने कहा कि ड्राइवर्स कन्डक्टर्स वर्दी में रहें, धूम्रपान, गुटखा इत्यादि का सेवन न करें, इसका विशेष ध्यान दिया जाय। वाहनों में किराया सूची एवं डैशबोर्ड पर ड्राइवर का फोटो सहित नाम इत्यादि चस्पा हो। अधिक किराया वसूली की शिकायत पर सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाने वाली बसों में भगवान श्रीराम की मंदिर वाले फोटो चस्पा करें, जिससे कि श्रद्धालुओं को स्वतः अयोध्या जाने वाली बसों के बारे में जानकारी हो जाय। टोल प्लाजों पर हेल्पडेस्क स्थापित किये जाएं साथ ही साइनेज के माध्यम से श्रद्धालुओं को जानकारी हो, इसकी व्यवस्था करें। अयोध्या से 200 किमी0 की परिधि में परिवहन विभाग की इन्टरसेप्टर गाड़ियां संचालित रहें, जिससे कि ओवर स्पीडिंग को रोका जा सके। रेलवे स्टेशन एवं एयरपोर्ट पर इन्टरसेप्टर गाड़ियां अवश्य रहें।

## ओईएम पॉलिसी के जरिये युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी कड़ी में युवाओं के लिए कौशल विकास मिशन द्वारा ओरिजनल इक्यूपिमेंट्स मैन्यूफ़ेक्चरर्स को अनुबंधित करने तथा अपेक्षित मानकों का निर्धारण करने हेतु ओईएम पॉलिसी तैयार की गयी है। बताया कि प्रदेश को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आईटी-आईटीईएस नीति, 2022 के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के जरिये प्रदेश के युवाओं को विश्व स्तरीय पाठ्यक्रमों में नि:शुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं को संस्थायें ग्लोबल सर्टिफिकेट भी प्रदान करेंगी, जिससे देश में रोजगार प्राप्त करने के साथ साथ विदेशों में भी रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। ओईएम पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश के आईटी सेक्टर में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी को दूर करने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रशिक्षित इंजीनियर्स तैयार किये जा सकेंगे। उन्होने बताया कि शुरूआत में आईबीएम की सहयोगी संस्था रेड हेट के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा राजकीय पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत 10,000 छात्रों को यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। आईबीएम द्वारा वैश्विक मांग को देखते हुए पाठ्यक्रम तैयार किये जायेंगे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को विभिन्न देशों में मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी।

## उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू स्थापित करा रहा इन्क्युबेशन सेंटर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करा रहा है। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में इनोवेशन हब के नेतृत्व में इन्क्युबेशन सेंटर को स्थापित किया जाना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संस्थानों को पत्र लिखा है। इसके तहत इन्क्युबेशन सेंटर के प्रथम चरण के तहत सेक्शन 8 कंपनी के पंजीकरण को जनवरी तक कर उसका प्रमाणपत्र इन्क्युबेटर्स एट एकेटीयू डॉट एसी डॉट इन पर भेजना होगा। जिससे कि 15 मार्च से पहले सभी संस्थान में इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना और संचालन करने लगें। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं का रिजल्ट घोषित किया जा चुका था। ऐसे में जो छात्र इस परीक्षा की अपनी कॉपियों का चैलेंज मूल्यांकन कराना चाहते हैं उनकी कॉपियां ईआरपी लॉगइन पर अपलोड कर दी गयी हैं। छात्र कॉपियों के चैलेंज मूल्यांकन के लिए 25 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## बसपा ने मिस्ड काल के जरिये शुरु किया कैंपेन

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले अपने जनाधार को मजबूत करने की कवायद के तहत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 'मिस्ड काल' अभियान की शुरुआत की है। बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने गुरुवार को इस सिलसिले में एक फोन नंबर जारी कर अपने समर्थकों से मिस्ड काल के जरिये एकजुटता दर्शाने की अपील की है। उन्होने ट्वीट कर कहा ना रुके हैं, ना रुकेंगे,सत्ता की 'गुरु किल्ली' लेकर रहेंगे। अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए, सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष के लिए, देश में समतामूलक समाज बनाने के लिए हमें संगठित होना होगा, और ये आपसे शुरू होगा। इस मिशन से जुड़ने के लिए 9911278181 पर एक मिस्ड कॉल दीजिए और सीधे मुझसे जुड़िये।

## डिम्पल यादव की होर्डिंग बनी चर्चा का केन्द्र

**लखनऊ।** लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर अक्सर होर्डिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता अपने संदेश देते रहे हैं। गुरुवार को सुबह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अब्दुल अजीम की होर्डिंग चर्चा में आ गयी। डिम्पल यादव को भावी मुख्यमंत्री के रुप में दर्शाते हुए लगी होर्डिंग चर्चा का केन्द्र बनी। लोकसभा मैनपुरी से सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश की धर्मपत्नी डिम्पल यादव का 15 जनवरी को जन्मदिन है। डिम्पल के जन्मदिन के चार दिन पहले उनके समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता अब्दुल ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए होर्डिंग लगायी तो स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थक चौंक गये। डिम्पल यादव के अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने वाले बयान के बाद से स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों में रोष रहा, जिसे स्वामी ने शांत करने के लिए कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले बयान से शांत किया।

# असंल एपीआई के कब्जे से सरकारी जमीनों को मुक्त कराने को भाकियू की महापंचायत आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। अंसल एपीआई के अवैध कब्जे से श्मशान,तालाबो समेत अन्य सरकारी जमीनो व किसानो की जबरन कब्जा गयी जमीनो को मुक्त कराये जाने समेत 12सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले सैकड़ो किसान सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर बीते 24दिनो से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हुये।किसानो का आरोप है बीते काफी दिनो से चल रहे धरने में तहसील समेत जिला प्रशासन के किसी भी जिम्मेदार अफसर ने मौके पर आकर ना तो उनसे वार्ता की ओर ना ही सरकारी जमीनो को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।जिसको लेकर किसान आक्रोशित है शुक्रवार को भाकियू बड़ी पंचायत का आयोजन कर प्रशासन से आर पार की लड़ाई की भूमिका तय करेगी।भाकियू अराजनैतिक के मंडल महामंत्री दिलराज सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को पदाधिकारियो ने किसानो के साथ धरना स्थल पर बैठक कर महापंचायत के बाद आर-पार की लड़ाई की रणनीति बनाई।मंडल महामंत्री सरदार दिलराज सिंह ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है अगर किसान अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर आंदोलन करें तो यह सरकार के लिए शर्म की बात है सरकार और शासन की जिम्मेदारी है कि किसानों की समस्याओं का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनका अभिलंब निस्तारण करें अगर शासन किसनों की बात नहीं मानते तो संघर्ष विराट रूप धारण करेगा इन्हीं सभी बातों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) शुक्रवार को धरना स्थल पर बड़ी पंचायत के लिए बाध्य हो रही है।बैठक में जिला मीडिया प्रभारी करन गुप्त, जिला सचिव मदनलाल लोधी, तहसील अध्यक्ष बद्री प्रसाद रावत, ब्लॉक उपाध्यक्ष हनुमान प्रधान, राकेश प्रधान, ब्लॉक सलाहकार शिवकुमार समेत काफी संख्या में पदाधिकारी व किसान मौजूद रहें।

## भाषा विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षोत्सव समारोह का समापन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विगत छः दिवसीय आठवें दीक्षोत्सव समारोह का समापन किया गया। भाषा विश्वविद्यालय में आठवां दीक्षोत्सव कार्यक्रम 06 से 11 जनवरी तक चला। इस दीक्षोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला, संस्कृति और ज्ञान का परिचय दिया। समापन समारोह के इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की नींव वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी होते है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी की ज़िम्मेदारी है कि जीवन के हर पड़ाव पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करे।



# नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्टेट फोकस पेपर का विमोचन


कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ गुरूवार को नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्टेट फोकस पेपर 2024-25 का विमोचन किया। प्राथमिकता क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड राज्य के लिए ऋण संभाव्यता का आकलन करते हुए हर साल राज्य फोकस पेपर तैयार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, इस शीर्ष विकास वित्त संस्थान ने उत्तर प्रदेश के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत 5.73 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के अनुमान से 52.4 प्रतिशत अधिक है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के नए विकास इंजन के रूप में उभरा है। ऋण किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास का आधार होता है। मंत्री ने ऋण और अन्य सहयोग के माध्यम से राज्य के प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रों को मजबूत करने में पिछले 40 वर्षों से नाबार्ड के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बैंकरों से अपील की कि वे राज्य फोकस पेपर में अनुमानित ऋण संभाव्यता का 100 प्रतिशत प्राप्त करने के लिए प्रयास करें। वहीं विशेष अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कृषि और सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने में उत्तर प्रदेश में नाबार्ड के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य में सहकारी समितियों और पैक्स को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि एआईएफ योजना के तहत उत्तर प्रदेश में दी जाने वाली 6 प्रतिशत ब्याज सहायता, पूंजीगत सब्सिडी और क्रेडिट गारंटी जैसे लाभों को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है। इससे फसल कटाई के बाद के नुकसान की समस्या का समाधान होगा और राज्य में कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। एस के दोरा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा कि राज्य फोकस पेपर में निर्धारित अनुमान राज्य के सभी 75 जिलों के लिए जमीनी स्तर पर आकलित की गई संभाव्यता का एकत्रीकरण है और राज्य फोकस पेपर के आधार पर, 2024-25 के लिए राज्य की वार्षिक ऋण योजना को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक डॉ बालू केंचप्पा ने कहा कि राज्य फोकस पेपर में जिलों की ऋण संभाव्यता और संबंधित विभागों और बैंकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर इस अंतर को पूरा करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों का उल्लेख किया जाता है। उन्होंने महा सदस्यता अभियान के तहत पैक्स स्तर पर 30 लाख नए शेयरधारक जोड़ने के लिए राज्य सरकार और सहकारिता विभाग को बधाई दी।

# संगम तट पर साइबेरियन पंक्षी करेंगे कल्पवासियों का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेले के दौरान गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर संयम, श्रद्धा एवं कायाशोधन का कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए साइबेरियन पक्षियों का जमावड़ा शुरू हो गया है।

माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के हवन, पूजन, साधु-संतों के प्रवचन से जिस प्रकार पूरे मेला क्षेत्र में आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहता है उसी प्रकार दूर देश से प्रयागराज पहुंचे साइबेरियन पक्षियों के संगम के जल में कलरव और अठखेलियों से तट गुलजार हो गया है। ऐसा लगता है कल्पवासियों की तरह साइबेरियन पक्षियों का भी एक मास का कल्पवास शुरू होगा।

देश के कोने-कोने से संगम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही ये साइबेरियन पर्यटक भी हजारों मील से उड़कर यहां पहुंचे हैं। संगम के जल पर विदेशी मेहमानों के कलरव और अठखेलियों को देखकर पर्यटक एवं श्रद्धालु आनन्द की अनुभूति महसूस करते हैं। इनके पहुंचने से संगम तट के सौंदर्य में और भी निखार आया है। तट पर सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। शाम ढ़लते यहां का नजारा और भी रमणीय हो जाता है। सात समंदर पार से आने वाले साइबेरियन पक्षियों को घाटों पर देखकर सैलानियों को सुकून मिलता है।

प्रयाग धर्म संघ के अध्यक्ष और तीर्थ पुरोहित राजेन्द्र पालीवाल ने बताया कि पिछले शनिवार को संगम में नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने भी साइबेरिया पक्षियों के साथ आनंद के कुछ पल बिताए। उन्होंने अपने हाथो से चुगने के लिए कुछ बेसन से बने सेव और चावल की लाई संगम में प्रवाहित किया जिसे देखकर इन पक्षियों का झुण्ड एक साथ आवाज निकालते हुए टूट पड़े। श्री शर्मा यहां माघ मेला और आगामी वर्ष में लगने वाले कुंभ की तैयारियों का अवलोकन करने पहुंचे थे। उन्होंने मेला प्राधिकरण में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संगम का तुत्फ उठाया। उन्होंने विदेशी पक्षियों को अपने हाथो से दाना चुगाया। श्री पालीवाल ने बताया कि आवाज लगाकर सेव को अपनी हथेली पर रख कर इन पक्षियों को चुगाने का अपना अलग ही आनंद मिलता है। हथेली पर उड़कर चोंच से जब सेव उठाती हें तब इनके पंखों में लगे संगम का जल चेहरे पर जब पडता है उस एहसास का वर्णन नही किया जा सकता। उन्होंने बताया कि हिन्दी साहित्य के महान सन्त कवि और रामचरितमानस गौरव ग्रन्थ के रचयिता स्वामी तुलसी दास ने बालकाण्ड में लिखा है माघ मकरगति रवि जब होई, तीरथ पतिहिं आव सब कोई देव, दनुज, किन्नर, नर श्रेनी, सागर मज्जहिं सकल त्रिवेणी। माना जाता है माघ मास में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश समेत आदित्य, रूद्रण एवं अन्य सभी देवी-देवता माघ मास में संगम स्नान करते हैं। जिनका सौभाग्य होता है वही माघ मास में त्रिवेणी स्नान का पुण्य पाता है चाहे वह मनुष्य हो या पशु-पक्षी। माघ मेले से पहले गुलाबी ठण्ड शुरू होते ही साइबेरियन पक्षी यहां क्रीड़ा करते हुए बिताते हैं और गर्मी शुरू होते ही अपने वतन को लौटना शुरू कर देते हैं। ये विदेशी मेहमान स्वीटजरलैंड, साइबेरिया, जापान और रूस समेत विश्व के अन्य ठंडे देशों से सर्दियों में संगम की ओर कूच करते हैं और गर्मी शुरू होने से पहले अपने वतन लौट जाते हैं। उन्होने बताया कि संगम के जल पर इनका तैरना और पंख फड़फडाना यहां पहुंचने वाले कल्पवासियों, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को लुभाता है। सफ़ेद, काले रंग मिश्रण वाली चिडियां संगम के जल पर अठखेलियां करती मिलती हैं। यह इंसानों से बिल्कुल नहीं डरतीं। नाव सं संगम विचरण करने वाले सैलानी हाथ पर बेसन के सेव चुगाते हैं। जल में सेव फेंकने के बाद एक साथ बड़ी संख्या में पक्षियों का झुण्ड पानी पर टूट पड़ता है। तीर्थ पुरोहित पालीवाल ने बताया कि एक तरफ ये पक्षी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ अपनी खूबसूरती से संगम की शोभा बढ़ा रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा में न जाने का निर्णय स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों के अनुरूप : शाहनवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मोदी सरकार को नेहरु द्वारा मौलाना आज़ाद को दिए गए सुझाव से सबक लेना चाहिए**

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गाँधी द्वारा अयोध्या में आरएसएस और भाजपा आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार करने को स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास और मूल्यों के अनुरूप बताया है।

कांग्रेस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाहनवाज़ आलम ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही कांग्रेस धर्म के राजनीतिक इस्तेमाल का विरोध करती रही है। मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा से उसके विरोध का मुख्य आधार ही इन दलों द्वारा धर्म का राजनीतिक इस्तेमाल किया जाना था। इसीलिए सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर 1938 में यह नियम बना दिया था कि मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा के सदस्य कांग्रेस के सदस्य नहीं बन सकते। सोनिया गांधी और खड़गे जी द्वारा आरएसएस और भाजपा द्वारा कराए जा रहे आयोजन में न जाने का निर्णय उसी परम्परा के अनुरूप है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सेकुलर राज्य व्यवस्था में संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का धार्मिक आयोजनों का नेतृत्व करना स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों के खिलाफ़ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को आधुकनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहर लाल नेहरू के उस प्रसंग से सीख लेनी चाहिए जिसमें उन्होंने तुर्की दौरे पर जा रहे मौलाना आज़ाद के तुर्की के राष्ट्रपति को क़ुरान भेंट करने की योजना से असहमति जताते हुए उन्हें भारत का संविधान भेंट करने की सलाह दी थी। नेहरू का मत था कि धार्मिक ग्रंथों के बजाए हमारा संविधान वो सबसे विशिष्ट भेंट है जो हम दुनिया को दे सकते हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि आज जब शासकीय मशीनरी के दुरूपयोग से संविधान विरोधी हिंदुत्ववादी नैरेटिव प्रचारित किया जा रहा है तब 12 मई 1940 को बंगाल के झाड़ग्राम में दिया गया नेता जी सुभाषचंद्र बोस का भाषण हमें याद करना चाहिए। जिसमें उन्होंने कहा था कि ''हिंदू महासभा ने त्रिशूलधारी संन्यासी और संन्यासिनों को वोट माँगने के लिए जुटा दिया है। त्रिशूल और भगवा लबादा देखते ही हिंदू सम्मान में सिर झुका देते हैं। धर्म का फ़ायदा उठाकर इसे अपवित्र करते हुए हिंदू महासभा ने राजनीति में प्रवेश किया है। सभी हिंदुओं का कर्तव्य है कि इसकी निंदा करें। ऐसे गद्दारों को राष्ट्रीय जीवन से निकाल फेंकें। उनकी बातों पर कान न दें''।

# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों व मलेरिया निरीक्षकों की हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**10 से 28 फरवरी के दौरान खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा**

घर घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलाएंगे। इसी क्रम में गुरूवार को जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों और मलेरिया निरीक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डा रितु श्रीवास्तव ने कहा कि समय से आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कराएँ तथा उनसे समय से फैमिली रजिस्टर भराना सुनिश्चित करें। वह फॅमिली रजिस्टर भरने



के दौरान ही लोगों को आईडीए अभियान के बारे में भी जानकारी दें कि 10 से 28 फरवरी के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायी जाएगी। समुदाय को इस अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए जागरूक करें जिससे कि कोई भी व्यक्ति दवा खाने से न रह जाये। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था पाथ के प्रतिनिधि डा अनंत विशाल ने कहा कि फाइलेरियारोधी दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को नहीं खानी है। लोगों को इस बात की जानकारी दें कि कुछ लोगों में कुछ व्यक्तियों में दवा खाने के बाद सिर दर्द, शरीर में दर्द, बुखार उल्टी, बदन पर चकत्ते तथा खुजली देखने को मिलती है लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसका मतलब है कि व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे, उन परजीवियों के मरने के परिणामस्वरूप यह प्रतिक्रिया हुई। जो थोड़ी देर में ठीक हो जाती है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है और एल्बेंडाजोल चबाकर खानी है।

# सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने हेतु तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के पहल पर रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने हेतु तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। उन्होने कहा कि रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत के बारे में आने वाली पीढ़ियां जान सकें और उनसे प्रेरणा ले सकें, इसके लिए रायबरेली महोत्सव का आयोजन कराया गया है। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य रायबरेली जनपद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा गौरवशाली इतिहास को आने वाली पीढ़ी को परिचित कराया जा सके, ताकि जनपद के निवासी यहां के आदर्श मूल्यों एवं आजादी की लड़ाई में दिये गये योगदान पर गौरवान्वित हो सकें। उद्यान मंत्री ने कहा कि जनपद रायबरेली का गौरवशाली इतिहास एवं समृद्ध विरासत है। स्वतंत्रता संग्राम में यह जनपद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के पहले दिन उद्यान मंत्री एवं साधु संतों की उपस्थिति में महामण्डलेश्वर देवेन्द्रानंद गिरीजी महराज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव में अलग अलग शहरों से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## प्रदेश के युवाओं को विश्व स्तरीय पाठ्यक्रमों में उपलब्ध कराया जायेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण : कपिल देव अग्रवाल

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी कड़ी में युवाओं के लिए कौशल विकास मिशन द्वारा ओरिजनल इक्यूपिमेंट्स मैन्यूफ़ेक्चरर्स (ओ0ई0एम0) को अनुबंधित करने तथा अपेक्षित मानकों का निर्धारण करने हेतु ओ0ई0एम0 पॉलिसी तैयार की गयी है। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आईटी-आईटीईएस नीति, 2022 के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के जरिये प्रदेश के युवाओं को विश्व स्तरीय पाठ्यक्रमों में नि:शुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं को संस्थायें ग्लोबल सर्टिफिकेट भी प्रदान करेंगी, जिससे देश में रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। ओ0ई0एम0 पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश के आईटी सेक्टर में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी को दूर करने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रशिक्षित इंजीनियर्स तैयार किये जा सकेंगे।कौशल विकास मंत्री ने बताया कि शुरूआत में आईबीएम की सहयोगी संस्था रेड हेट के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा राजकीय पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत 10,000 छात्रों को यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

# वारंटी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।निगोहां पुलिस ने न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर को गिफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2016 में दर्ज एक मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से अभियुक्त व हिस्ट्रीशीटर सोनू निवासी बदनखेड़ा थाना निगोहां फरार चल रहा था.गुरूवार को उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्त सोनू के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का विधान परिषद सदस्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी । सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित प्रयास में,गौरव सिंह ने बीकेटी तहसील क्षेत्र के बौरूमऊ इरा पैराडाइज,सेवा फार्म पर एक सफल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया।जहां लगभग 500 स्थानीय लोगों को व्यापक स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सीतापुर पवन सिंह चौहान ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि इरा पैराडाइज,सेवा फार्म के द्वारा लगातार



क्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से समाज सेवा का कार्य करते आ रहे हैं इनके द्वारा कई वर्षों से इस तरह के आयोजन किया जा रहा है,वाकई सराहनीय कार्य है,इसके लिए इनको बहुत बहुत बधाई।इस मौक़े पर आयोजक समाजसेवी गौरव सिंह ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है,ऐसे बीमार मरीज जो पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पाते हैं,उनके लिए मेरे द्वारा निरंतर निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाता है, उन्होंने कहा गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी समाजसेवा है।चिकित्सक टीम में डॉ.मनिंदर सलूजा इंप्रेशन डेंटल सेंटर,डॉ.गौरव आनंद स्माइलक्राफ्टर्स डेंटल क्लिनिक सहित वागा हॉस्पिटल,इप्सम डायग्नोस्टिक्स के डॉक्टर्स व स्टाफ मौजूद रहें।

# चिनहट में अग्नि रोधी संयंत्र के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट क्षेत्र अंतर्गत देवा रोड पर स्थित अग्नि रोधी संयंत्र की दुकान सैफ्टी प्लस लखनऊ पर लोगों को अग्नि रोधी संयंत्रों की जानकारी तथा उसके उपयोग और उसके फायदे की जानकारी दी गई । इस मौके पर दुकान के मालिक शहजाद सलीम ने सेफ्टी इक्विपमेंट इस्तेमाल करके लोगों को आग बुझाने का तरीका बताया। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में सिर्फ औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ही नहीं बल्कि घरों में भी अग्निरोधी संयंत्रों की आवश्यकता है जिसके लिए सरकार भी लगातार तमाम तरीकों से जागरूक कर रही है। ताकि आग लग जाने के बाद लोगों को जायदा दिक्कतों का सामना न करना पड़े और आसानी से इस यंत्र को प्रयोग कर सके इससे लाखों लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

# युवा महोत्सव का शहला नुसरत किदवई ने फीता काटकर शुभारंभ किया

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को महामाया राजकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0)शहला नुसरत किदवई ने महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया।इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।मेहंदी प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं चाँदनी अवस्थी,नैंसी, एमन जिन्हें प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।हस्तकला प्रतियोगिता में ज्योती यादव,आंचल यादव,अंजू देवी को प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान मिला।रंगोली प्रतियोगिता में ज्योति यादव,अंचल यादव,अमिता को प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।प्राचार्य प्रो0शहला नुसरत किदवई ने कहा कि सभी छात्रो अपना विकास करने का प्रयास करना चाहिए।असफ़लताओं से घबराना नही



चाहिए,युवा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग से प्रतिभागियों की रचनात्मकता का विकास होता है।कार्यक्रम का संचालन डॉ शालिनी अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में प्रो.अखंड प्रताप सिंह कॉर्डिनेटर आई आई सी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जीतेंन्द्र यादव, एन सी सी प्रभारी डॉ.प्रीति चंद नेगी, रोवर रेंजर प्रभारी डॉ.शोभना दीक्षित, डॉ.ममता मधुर, डॉ.जवाहिरलाल, डॉ.दीपिका सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## पत्रकार के ताऊ का निधन

**सरोजनी नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** टीवी चैनल के पत्रकार और अवध प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के ताऊ आलमबाग के रामनगर निवासी रमाशंकर लाल श्रीवास्तव का 85 वर्ष की उम्र में गुरुवार को पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। ब्रेन स्ट्रोक होने के बाद परिजनों द्वारा उन्हें पीजीआई अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वे लंबे समय से बीमार भी चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को जनपद उन्नाव के गंगा घाट पर किया जाएगा। उनके निधन पर अवध प्रेस क्लब के सभी पत्रकार साथियों, पदाधिकारियों समेत राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा तथा कहा कि अगर भारत को 2047 में एक विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें विवेकानंद के आदर्शों को स्वीकार करना होगा। विकसित राष्ट्र बनने के लिए सतत विकास पर ध्यान देना होगा। जल, जन, जीवन, जंगल इत्यादि को समान रूप से महत्व देना होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर प्रीति सक्सेना डीएवी डिग्री कॉलेज तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ पश्चिम की जिला सह प्रमुख ने विवेकानंद के बारे में छात्रों को बताया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## नागरिको को मिली ओपन जिम की सौगात

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डालीगंज स्थित कलेक्टरगंज राणा प्रताप पार्क में ओपन जिम का शुभारंभ उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा, क्षेत्र के वरिष्ट नागरिक, समाजसेवी भारत भूषण गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल ने नारियल फोड़ करके पूजन कार्य सम्पन्न किया। विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि जल्द ही ओपन जिम की सौगात क्षेत्रवासियो में मिल जाएगी।

## भारतीय श्रमिकों को सेवायोजित किये जाने हेतु 23 से 29 जनवरी, 2024 तक परीक्षा आयोजित होगी परीक्षा

लखनऊ । भारत सरकार एवं इसराइल सरकार के बीच हुए एम0ओ0यू0 के तहत प्लास्टरिंग वर्क, मेसन, सेरेमिक टाइलिंग, बिल्डिंग फ्रेमवर्क तथा आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को 01 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किये जाने हेतु 23 जनवरी, 2024 से 29 जनवरी, 2024 तक राजकीय आई0टी0आई0 अलीगंज, लखनऊ में परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा से सम्बन्धित समस्त तैयारियो का निरीक्षण भारत सरकार की टीम एन0एस0डी0सी0 के अधिकारीगण सुधांशु अग्रवाल, अजय रैना, दीपक, उस्मान एवं शाहीना के द्वारा किया गया। तैयारियों की समीक्षा करने पर प्रधानाचार्य आईटीआई लखनऊ राज कुमार यादव एवं उनकी टीम को एन0एस0डी0सी0 के अधिकारियों ने प्रशंसा किया। एन0एस0डी0सी0 के अधिकारियों ने अवगत कराया कि कोई भी अभ्यर्थी जो प्लास्टरिंग वर्क, मेसन, सेरेमिक टाइलिंग, बिल्डिंग फ्रेमवर्क तथा आयरन वेन्डिंग में जानकारी रखता हो वे 15 जनवरी 2024 तक वेबसाइट www.nsdcjobx.com पर आवेदन कर सकते है। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आवयश्क जानकारी करना हो तो वे राजकीय आईटीआई लखनऊ में इस कार्य में लगाये गये अनुदेशक नृपेन्द्र सिंह से उनके दूरभाष नम्बर 7619999936 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है। नोडल प्रधानाचार्य एवं परीक्षा केन्द्र अधीक्षक राज कुमार यादव ने बताया कि समस्त तैयारियाँ कर ली गयी है। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी ने बताया कि गुरूवार को मारूति सुजुकी इण्डिया लि0 गुडगांव के एचआर मैनेजर अमित एवं विजन इण्डिया के अभिषेक, कुणाल एवं रवि के द्वारा लिये गये इन्टरव्यू में कम्पनी द्वारा 210 अभ्यर्थियों को रूपये 30000 प्रतिमाह के वेतन पर जॉब ऑफर दिया। चयनित अभ्यर्थियों को सत्यकान्त, संयुक्त निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के द्वारा बधाई दी गयी।

## फिल्म मैं अटल हूँ में अटल का किरदार निभाएंगे बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बॉलीवुड के जाने माने एक्टर पंकज त्रिपाठी गुरूवार को आलमबाग स्थित मूवी मैक्स हाल में फिल्म मैं अटल हूँ के प्रमोशन के लिए मीडिया से रूबरू हुए। तो वहीं फिल्म का गीत हिन्दू तन मन भी रिलीज किया गया। वहीं उन्होने मीडिया से बातचीत करते हुए मैं अटल हूँ को लेकर विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होने कहा कि उनकी यह फिल्म 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। पंकज त्रिपाठी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर बनी फिल्म 'मैं अटल हूं' में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है।

# हेल्थकेयर में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इन्नोहेल्थ पर एक नई व्याख्यान श्रृंखला शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने हेल्थकेयर में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इन्नोहेल्थ पर एक नई व्याख्यान श्रृंखला शुरू की। संस्थान ने स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों को आगे बढ़ाने में कृत्रिम मेधा के गहन प्रभाव पर एक विचारोन्मुख व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यानमाला के प्रथम वक्ता, आईआईआईटी दिल्ली में कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के एक प्रतिष्ठित एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ देबार्का सेनगुप्ता थे। डॉ सेनगुप्ता इंफोसिस सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी नेतृत्व करते हैं। सीएसआईआर सीडीआरआई लखनऊ के मुख्य सभागार में आयोजित व्याख्यान में संस्थान की निदेशक डॉ राधा रंगराजन ने डॉ



देबार्का सेनगुप्ता का स्वागत किया और नवाचारों को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्याख्यान के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों में तेजी लाने में कृत्रिम मेधा की बहुमुखी भूमिका को उजागर करने पर केंद्रित था, जो समकालीन चिकित्सा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक विषय है। अपनी आकर्षक एवं विचारपरक व्याख्यान के दौरान डॉ देबार्का सेनगुप्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह से कृत्रिम मेधा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। डॉ राधा रंगराजन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आज के व्याख्यान पर अपने विचार दिए, जिसमें उन्होने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति में आगे रहने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। उन्होने एआई को स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान एवं अभ्यास में एकीकृत करने हेतु सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व को भी रेखांकित किया।

# परिजनों ने दी हत्या की तहरीर पुलिस बता रही दुर्घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिले चोट के निशान**

**अमौसी रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार सुबह खून से लथपथ मिला था प्रॉपर्टी डीलर का शव**

सरोजनीनगर । थाना क्षेत्र के अमौसी रेलवे स्टेशन के समीप झाड़ियों में बुधवार सुबह क्षेत्र के ही हाइडल निवासी प्रॉपर्टी डीलर प्रभात कुमार (32) पुत्र राम नारायण प्रसाद का छत-विछत खून से लथपथ शव मिला था। सूचना पर सरोजिनी नगर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौके से जांच पड़ताल करते हुए शव को परिजनों को सूचित करने के साथ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को मृतक के पिता रामनारायण प्रसाद ने सरोजिनी नगर थाने में हत्या की लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है हालांकि थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र गिरि ने दुर्घटना की आशंका व्यक्त की है। थाना अध्यक्ष के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। थाना अध्यक्ष ने किसी प्रकार की तहरीर मिलने से इनकार किया है। मृतक के पिता राम नारायण प्रसाद के अनुसार मंगलवार को उनके बेटे प्रभात कुमार का जन्मदिन था। बेटा शाम को जन्मदिन मनाने के लिए घर से निकला था जब वह देर रात घर वापस नहीं लौटा दो उन्होंने बेटे के मोबाइल पर फोन किया किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि उसे वह फोन सड़क पर पड़ा हुआ मिला है इसके बाद किसी अनहोनी की आशंका में मृतक के परिजनों ने रात भर प्रभात की खोजबीन की किंतु वह कहीं नहीं मिला सुबह पुलिस द्वारा शव मिलने की सूचना मिली। रामनारायण प्रसाद के अनुसार उनके बेटे के शरीर पर चोट के कई निशान थे और बेटे का शरीर खून से सना हुआ था जिसको देखते हुए लग रहा था कि उनके बेटे की हत्या कर उसका शव फेंका गया है।

# प्रधानमन्त्री योजना से बनी सड़कों का सांसद ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**मोदी सरकार देश को बिकसित भारत बनाने का लिया संकल्प**

**प्रधान मंत्री मोदी ने मूल भूत सुविधा सड़क, बिजली, पानी, भोजन, आवास को पूरा किया**

**मोदी ने अटल जी की योजना गांव से गांव को जोड़ने का कार्य किया**

मछरेहटा-सीतापुर। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना केंद्र सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत देश के गांवों को मुख्य मार्गों तक जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर जारी है । ग्रामीण विकास को महत्व देते हुए सरकार ने इस दिशा मे सार्थक प्रयास किए हैं जिसके फलस्वरूप आज गांवों मे आर्थिक रूप से तरक्की साफ दिखाई देती है और किसान अपने उत्पाद को आसानी से महानगरों तक सुगमता से पहुंचा रहा है । इसी क्रम मे मिश्रिख क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अशोक रावत ने मछरेहटा ब्लाक की ग्राम पंचायत गौरिया मे आयोजित कार्यक्रम मे करोड़ों की लागत से बनी चार सड़कों का लोकार्पण किया। जिसमे गौरिया से सेनपुर , गढ़ी संपर्क मार्ग, संदना रोड से गोंदलामऊ होते हुऐ तेरवा तक , मिश्रिख टी 3 से लछिमनपुर मार्ग, टी 7 से जगन्नाथपुर मार्ग प्रमुख हैं । इस अवसर पर बोलते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि आजादी के बाद मोदी सरकार ने ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे देश मे चौड़ी सड़कों का जाल बिछा दिया है जिससे किसानों की न केवल तरक्की का रास्ता खुला है बल्कि दूर-दराज के अविकसित क्षेत्र भी राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़कर आर्थिक रूप से संपन्नता की ओर बढ़ रहे हैं । क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, समाजसेवी राहुल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एसपी सिंह उर्फ गम्पू सिंह, मछरेहटा प्रधान संघ अध्यक्ष जयपाल सिंह, प्रेम सागर पाण्डेय और मछरेहटा मंडल अध्यक्ष केपी सिंह ने भी सभा को संबोधित किया । मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी , दिलीप मिश्र आमाघाट, अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार सिंह, जेई अभय प्रताप सिंह, जेई आलोक कुमार, काजू यादव, मनोज यादव, संजय सिंह, विनय सिंह, आदर्श सिंह, बबलू प्रधान, भाजपा युवा मोर्चा के धीरेन्द्र मौर्य, पिछड़ा मोर्चा से संतोष पाल , सेक्टर संयोजक शशिकांत तिवारी , मंडल महामंत्री हरिवक्श सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# आख़िर कौन सी किताब पढ़कर नाजिम बनी महक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सनातन धर्म को अपनाने में मुस्लिम लड़कियां आगे आ रही है एक ऐसा ही मामला खैराबाद में देखने को मिला जिसमे मिश्रिख की रहने वाली नाजिम 24 ने नैमिष के रहने वाले राहुल उम्र 27 वर्ष हिंदू लडके के साथ हिंदू रीति रिवाज से विवाह के बंधन में बंधे इन दोनो की मित्रता पिछले एक साल से चल रही थी । नाजिम ने बताया उसने अंडर स्टैंडिंग मुहम्मद नामक किताब पढ़ी तो उसे इस्लाम में औरतों के साथ होने वाले क्रूरता के बारे में पता चला जिससे उसकी रूह कांप गई, नाजिम ने तुरन्त फ़ैसला लिया कि अब वह जल्द से जल्द इस्लाम धर्म को छोड़ देंगी, इसीलिए उसने राहुल को अपना जीवनसाथी बनाया,और महक बन गई, महक ने सभी मुस्लिम लड़कियों से इस किताब को पढ़ने का आग्रह किया है जिससे इस्लाम में औरत की क्या इज्जत होती है इसकी जानकारी हों सके। मिली जानकारी के खैराबाद थानाक्षेत्र के भुइयां ताली तीर्थ में हिंदू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ।

## बीडीओ सकरन व उपजिलाधिकारी बिसवां को घोटालों की लिखित शिकायत के बाद भी जांच लटकी अधर में।

सकरन/सीतापुर । क्षेत्र सकरन में न ही थम रहे घोटाले और न ही हो पा रहीं जांचे।घोटालेबाज ग्राम प्रधान व सचिव डकार गए लाखों रुपए के ह्यूम पाइप व सीमेंटेड कुर्सियां,हो गया पूरा भुगतान फिर भी गांव में नहीं मौजूद कुछ भी सामान।पूर्व वर्षों में लगभग 3 लाख 60 हजार के ह्यूम पाइप ग्राम पंचायत में सचिव आरती गौड़ व ग्राम प्रधान खरीद कर लाए और विभिन्न स्थानों पर दिखाकर फर्जी तरीके से निकाल लिए पूरी रकम उसी प्रकार पंचायत सचिव विकास तिवारी व ग्राम प्रधान ने 1 लाख 50 हजार की सीमेंटेड कुर्सियाँ फर्जी तरीके से निकाल कर हजम कर गए जिसकी लिखित रूप में ग्रामीण ने बीडीओ व एसडीएम साहब से शिकायत की फिर भी करवाई के नाम पर सिर्फ सिफर।आखिर शिकायतों पर क्यों नहीं किया जा रहा अमल?किस सियासतदान के संरक्षण में हो रहा ये सब खेल के इंतजार में ग्रामीण? मामले को लेकर जब उपजिलाधिकारी बिसवां से वार्ता करने का प्रयास किया गया परंतु उनका फोन नही लगा।

# समाजसेवा का भाव एक संस्कार होता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां। समाज की विसंगतियों के खिलाफ विद्रोही हो जाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए, ये सीख हमें स्व अरुण कुमार मिश्र ने सिखाई। यह बातें पदम कांत शर्मा ने कही। वे सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था साथी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता पत्रकार, समाजसेवी, लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय अरुण कुमार मिश्रा की पुण्यतिथि पर स्थानीय आदर्श शिशु निकेतन बिसवां सभागार में श्रद्धाजलि समारोह में बोल रहे थे। इसमें विशिष्ट अतिथि की भूमिका में बि. ला. एशो. अध्यक्ष सुनील पाण्डेय, संतोष कुमार भल्ला तथा रामचंद्र वर्मा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम स्व.अरुण कुमार मिश्रा के चित्र पर उपस्थित लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गए। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पुष्प ने कहा कि समाजसेवा का भाव एक संस्कार होता है। एक अच्छे नागरिक की भांति अपने दायित्व का निर्वहन करना ही सच्चे समाजसेवी का धर्म होता है। अधिवक्ता आनंद मेहरोत्रा ने कहा कि समाजसेवा, उपकार की भावना से नहीं बल्कि आत्मसंतोष के लिए कर्तव्य भाव से की जानी चाहिए। उपकार भाव की सेवा से अहंकार बढ़ता है। जबकि कर्तव्य भाव से सेवा हो तो नम्रता आती है। क्षितीश कुमार मिश्र ने कहा हमारे पिता ने हमेशा दबे कुचले शोषित मजदूर के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। ये भी समाज सेवा का एक हिस्सा है। अरुण कुमार मिश्रा की पुण्य तिथि पर लोकतंत्र सेनानी संतोष कुमार भल्ला, अधिवक्ता इंतखाब आलम, अधिवक्ता आनंद मेहरोत्रा, अशोक पुष्प, लोकतंत्र सेनानी भोलानाथ वर्मा, मोहम्मद नसीर, सुशील शुक्ला अधिवक्ता, अरुण नाथ सिंह, अध्यक्ष सुनील पाण्डेय एडवोकेट को अरुण सम्मान से सम्मानित किया। सभी आए हुए समस्त अभ्यागतों का कार्यक्रम आयोजक बृज भूषण पांडेय एवं मधुकर वर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान पवन मिश्रा, राजीव बाजपेयी, अश्विनी कुमार त्रिपाठी, नैय्यर शकेब, हरिशंकर गुप्ता, पंकज भारतीय, जयेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप वर्मा, रफीकुल्ला खान,आशुतोष तिवारी, संतोष कठेरिया,अतुल त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में हुई लोकसभा 2024 चुनाव पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जहांगीराबाद(सीतापुर)। सेवता विधानसभा अन्तर्गत मवासेपुर गांव में अपनादल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष कालिका प्रसाद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच अपना दल(एस) रामसिंह वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव वीरेन्द्र कुमार पटेल मौजूद रहे। संचालन विधानसभा महासचिव सुधाकर कुमार मिश्र ने किया। बैठक शुरू होने से पहले अतिथियों और कार्यकर्ताओं द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर व लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल तथा दल के संस्थापक बोधिसत्व डा0 सोनेलाल पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।महासचिव सुधाकर कुमार मिश्र ने पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनायी जिसका उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने समर्थन किया।

मुख्य अतिथि राम सिंह वर्मा ने इस वर्ष प्रस्तावित लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कालिका प्रसाद पटेल से शीघ्र से शीघ्र विधानसभा के सभी सेक्टरों और मण्डलों की कमेटियों के गठन को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में एक साथ जुटकर अपना दल (एस) के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में कोई कोर कसर नही रहनी चाहिए।विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र कुमार पटेल ने चुनाव से पहले ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को दल की नई व सक्रिय सदस्यता दिलाये जाने और बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन पर जोर दिया। इस मौके पर राम सिंह वर्मा द्वारा फ़ेरीलाल यादव, मंजीत कुमार यादव, घनश्याम यादव व सर्वेश कुमार यादव को दल की सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। उपाध्यक्ष राम लखन वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। बैठक में जिला सचिव डा0 गया प्रसाद वर्मा, विधानसभा सचिव संतोष कुमार वर्मा, मनोज कुमार गौड़ (लीला), मोहम्मद रिजवान, लालाराम, राज कुमारी , बाबू राम, राम प्रसाद व फूल कुमार तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीडीओ निधि बंसल ने देखे मछरेहटा ब्लाक के विकास कार्य

**सी डी ओ निधी बंसल ने गन्ना क्रय केन्द्र निघुवा मऊ तौल लिपिक तथा किसान से जानकारी की अधिकारियो का वजन भी कराकर भी देखा।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा-सीतापुर। सीतापुर जिले की तेज तर्रार मुख्य विकास अधिकारी निधी बंसल ब्रहस्पति वार को लगभग बारह बजे मछरेहटा ब्लाक की ग्राम पंचायत परसदा मे बनी नंदिनी गौशाला पहुंची । उनके साथ डी डी ओ, पी डी, बीडीओ अजीत कुमार, एडीओ पंचायत संदीप कुमार , ग्राम सचिव भी मौजूद रहे ।उन्होने गौशाला के अंदर जाकर पशुओं के रहने और चारा पानी की व्यवस्थाओं को देखा और चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों को बेहतर देखभाल करने के लिए निर्देशित किया । एक ही ग्राम पंचायत मे अमृत सरोवर, गौशाला ,खेल मैदान जैसे बड़े कार्य कराए जाने पर उन्होने बीडीओ से सवाल भी किए । इसके बाद उनका काफिला ग्राम पंचायत निघुवामऊ पहुंचा जहां आवास लाभार्थियो की पात्रता की जॉच की । बताते चलें कि आवास से संबंधित शिकायतें शासन स्तर तक पहुंची थी ग्राम पंचायत में अपात्र किए जानें की शिकायत । वहीं हिसाम पुर गांव में बनी इंटर लाकिंग रास्ते पर बह रहे गन्दे पानी को देख कर भड़क गई और बीडीओ, एडीओ सचिव के साथ उपस्थित प्रधान से कहा कि तत्काल प्रभाव से नाली निर्माण कराया जाए ।

उसके बाद मछरेहटा ब्लाक आकर प्रत्येक विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली और सभी कर्मचारियो के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा की । वहीं बीडीओ अजीत कुमार से कहा कि आवास बना क्या रुकते हैं इस पर दबी जुबान कहा रुकते नहीं यहां। सवाल तो यह है रुकना तो दूर प्रत्येक दिन ब्लाक आने की बात जाननी चाहिए ?

# रात में कड़ाके की ठंड से ठिठुरते लोगों को गोला कोतवाल ने बांटे कंबल, बदले में लोगों ने दिया आशीर्वाद

**गोला पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल**

**भीषण ठंड के दृष्टिगत गरीब असहाय लोगों को बांटे कंबल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला-खीरी। जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच बेघर लोगों को राहत देने के लिए खीरी पुलिस महकमा आगे आया है पुलिस महकमें ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए सड़क किनारे रह रहे बेघर लोगों को सर्दी के कपड़े एवं कंबल वितरित करने का निर्णय लिया है। गरीबों की मदद के लिए गोला पुलिस ने शुरू की पहल! गोला प्रभारी निरीक्षक इस मुहिम में लोगों से भागीदार बनने की अपील की सर्द हवाओं व बूंदाबांदी के साथ गलन बढ़ गई है, ऐसे मौसम में भी तमाम गरीब रोड किनारे सोते हैं ठंड लगने से उनकी जान भी जा सकती है, ऐसे गरीबों की मदद के लिए पुलिस ने एक नई पहल की है गोला पुलिस ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए भीषण ठंड के द्रष्टिगत रात्रि के समय थाना प्रभारी गोला इंद्रजीत सिंह ने कड़ाके की ठंड में गरीब,असहाय और निर्धन लोगों से उनका हाल-चाल व कुशल छेम पूछा और उनको गरम कंबल वितरित किया। असहाय व गरीबों ने उनके इस व्यवहार पर उनकी भूरि भूरि प्रशंसा कर उनको दुआएं दी। कंबल वितरण के समय थाना प्रभारी गोला इंद्रजीत सिंह के साथ कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह, आरक्षी अनुज कुमार, सूर्य प्रताप राघव, मोहित एवं गौरव साथ में मौजूद रहे। वही गोला मे की स्थानो पर बने रैन बसेरों मे रह रहे लोगो का हाल चाल लिया और उन्होंने कहा कि यदि आप लोगो को कोई परेशानी होती है तो फौरन ही गोला पुलिस को सूचित कर सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से हुई ई-लाटरी, 127 यंत्रों के लिए किसानों का चयन

एजेंसी



लखीमपुर-खीरी।कृषि यंत्रों के चयन के संबंध में गुरुवार को पूर्व सूचना के अनुसार सभी नामित सदस्यों एवम पंजीकृत कृषकों की उपस्थिति में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में पोर्टल के माध्यम ई-लाटरी की कार्यवाही सकुशल पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि जनपद में 127 यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष 127 कृषको का चयन ई-लाटरी के जरिए किया गया। 50 प्रतिशत की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की गई है। ई लाटरी के माध्यम से चयनित कृषको द्वारा यंत्र न लेने पर वरीयता सूची के किसानों को अवसर दिया जाएगा।

बताते चलें कि पूरी प्रक्रिया में निर्धारित लक्ष्य यंत्रों के सापेक्ष कृषकों का चयन किया। इसी के साथ 50 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। चयनित कृषको को पोर्टल से ही तत्काल उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। चयनित किसान यंत्र क्रय करके बिल कृषि विभाग के पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद सत्यापन की कार्यवाही करते हुए अनुदान का भुगतान कर दिया जाएगा।

ई लाटरी की कार्यवाही के समय डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, डीएचओ मृत्युंजय कुमार सिंह, डीसीओ वेद प्रकाश, डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र कुमार, एलडीएम अजय पांडेय, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, समिति में नामित कृषक उपस्थित थे। ई-लाटरी के समय अनुदान पर यंत्र लेने के लिए टोकन जारी करने वाले कृषक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आरोपी युवक के घर पहुंचा बुलडोजर, ढहाया अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ओयल-खीरी। नगर पंचायत से एक हिन्दू किशोरी को लेकर फरार हुए विषेश समुदाय के आरोपी नवयुवक के घर पर आज पहली बार पुलिस व नगर पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें आज नगर पंचायत के द्वारा चिंहित आरोपी नव युवक आदिल पुत्र मैनुद्दीन के घर के बाहर दबंगई वश बनाए गए अवैध अतिक्रमण को बुल्डोजर के माध्यम से ढ़हाया गया। आरोपी के परिजनों को सख्त हिदायत दी गई कि अगर 24 घंटे के अन्दर आरोपी हाजिर न हुआ तो आगे इससे कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

ज्ञात हो कि बीते दो जनवरी 2024 को ग्राम साड़ीनामा के निकट बड़ी नहर सायफन (झाल) के पास कस्बे के मोहल्ला जुलाहनटोला निवासी आदिल का आधार कार्ड, नाबालिंग सहित दोनों के जूते, दो मोबाइल फोन व अन्य सामान लावरिष अवस्था में पड़ा मिला था। जिसके बाद शंका के आधार पर दो दिनों तक पुलिस ने गोताखोरों से नहर में काफी खोजबीन कराई। मगर उन्हें सफलता नहीं मिली। घटना के दिन कस्बा निवासी किशोरी की पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था। नहर में खोजबीन के बाद पुलिस को पक्का यकीन हो गया कि नहर पर रखी सामग्री मात्र स्वांग है। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस टीम सहित कई पहलुओं पर जांच प्रारम्भ की। किन्तु घटना के नौ दिनों बाद भी एकाएक गुम हुए आरोपी व नाबालिग लड़की का कोई सुराग नहीं लग सका। अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस व नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने आरोपी के घर के बाहर दबंगई से डाले गए अवैध अतिक्रमण को बुल्डोजर के द्वारा ध्वस्त कर दिया। इस दौरान एसओ खीरी अजीत कुमार, चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी, एसआई विनोद सिंह, नगर पंचायत कर्मचारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# प्रेमिका ने पहले आशिक से करायी हत्या, तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। नाबालिग 'अमित चौरसिया' हत्याकांड का राजफाश हो गया है। आशनाई में उसकी निर्मम हत्याकर शव को नहर में फेंका गया था। आज पुलिस ने उसकी नाबालिग प्रेमिका समेत चार को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों में प्रेमिका सहित तीन नाबालिगों को बाल सुधार गृह में भेजा गया है। जबकि एक को कोर्ट ने जेल भेजा है।




बल्दीराय थानाक्षेत्र के बीही गांव निवासी अमित चौरसिया (14 वर्ष) पुत्र विजय पाल बीते 26 दिसंबर को शाम साढ़े पांच बजे घर से साइकिल से बल्दीराय बाजार में डेरी पर दूध देने गया था। डेरी पर दूध देकर वो वापस घर नहीं पहुंचा था। अमित का पिता बाहर रहता है। ऐसे में मां कुसमा ने थाने पर तहरीर दी, जिस पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। अगले दिन बल्दीराय कस्बे के निकट नहर के किनारे साइकिल, दूध का बर्तन व एक पैर का चप्पल मिला था। अमित बल्दीराय स्थित राममिलन सालिकराम ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा आठवीं में पढ़ता था। घटना के आठवें दिन थानाक्षेत्र के सराभारी गांव के निकट शारदा सहायक खंड 16 नहर पुल के पास शव मिला था। अगले दिन पोस्टमार्टम में ये बात सामने आई कि उसके मुंह में कपड़ा ठूंस और गला दबाकर अमित को मारा गया। इसके बाद अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। एसएचओ आरबी सुमन की टीम लगी तो परत दर परत मामला खुलता गया। पुलिस की पड़ताल में ये बात सामने आई कि मृतक अमित का गांव की जिस किशोरी से प्रेम प्रसंग था वो पहले गांव के ही परशुराम तिवारी उर्फ सुधीर तिवारी से प्यार करती थी। पहले प्रेमी से अनबन के बाद जब किशोरी की अमित से बातचीत होने लगी तो ये बात परशुराम को नागवार गुजरी। उसने किशोरी पर बात नहीं करने का दवाब बनाया। लेकिन इधर बात आगे बढ़ चुकी थी। ऐसे में किशोरी प्रेमिका ने परशुराम से अमित को रास्ते से हटाने के लिए कहा। जिसके बाद परशुराम ने हत्याकांड की स्क्रिप्ट लिखी। उसने गांव के ही दो दो किशोर साथियों को लिया और घटना वाले दिन नहर के पास उन्हें बैठा दिया। वो स्वयं रास्ते में अमित से मिला उसे समोसा खिलाया और फिर उसकी साइकिल पर बैठकर नहर की ओर से गुजरा। जहां उसके साथी पहले से बैठे थे। यहां इन सभी ने मिलकर अमित को जकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबाकर मार डाला। उसके बाद शव नहर में फ़ेक दिया। पुलिस ने आज जब परशुराम को बहुरावां बाजार मोड़ व अन्य को ग्राम बीही निदुरा से गिरफ्तार किया तब ये राज खुला। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से परशुराम को जेल तो अन्य को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# दुधमुंहे की मौत पर जागे प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। चांदा-पट्टी रोड पर 'अमरावती बाल चिकित्सालय' 25 वर्षों से से संचालित है। न डिग्री न कोई जिम्मेदार डॉक्टर लेकिन इस सबके बावजूद मौत की दुकान सजी रही। अक्सर स्वास्थय अधिकारी इधर से गुजरते लेकिन उनकी आंख पर बंधी पट्टी चार माह के मासूम शिवांश की मौत के बाद खुली। मौत के सौदागर के यहां अब नोटिस चस्पा की गई है।



चांदा कोतवाली क्षेत्र के बरनी गांव निवासी सोनी निषाद के चार माह के दुधमुंहे शिवांश को मंगलवार शाम बुखार हो गया था। परिजन उसे चांदा-पट्टी रोड स्थित अमरावती बाल चिकित्सालय ले आए। आरोप है कि वहां कथित डॉ. विनोद कुमार व विजय कुमार ने शिवांश को अधिक मात्रा में दवा दे दी। इससे बच्चे के मुंह से झाग निकलने लगा और उसकी वहां मौत हो गई। चांदा थाने पर इसकी सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने से पहले झोलाछाप डॉक्टर अस्पताल से फरार हो गया। परिजनों ने घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी। एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा के निर्देश पर बुधवार को तहसीलदार लंभुआ देवानंद तिवारी, एसएचओ चांदा जेपी सिंह व पीपी कमैचा के सीएचसी प्रभारी डॉ. आरसी यादव ने बाल चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां चिकित्सक गायब थे। सीएचसी पीपी कमैचा के प्रभारी डॉ. आरसी यादव ने बताया कि सीएमओ कार्यालय के अभिलेख में चिकित्सक व चिकित्सालय का कोई पंजीयन नहीं मिला है। डॉक्टर के चिकित्सालय और घर पर नोटिस चिपकाया गया है। उसको बुधवार शाम चार बजे तक अपने अभिलेखों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। उसने कोई जवाब नहीं दिया है। इस मामले में विभागीय कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों की माने तो कथित चिकित्सक के पिता भी अस्पताल में प्रैक्टिस करते थे। अभी भी वह आते-जाते रहते हैं। बाल चिकित्सालय के बाहर जांच व इलाज का बड़ा बोर्ड लगाया गया है। इसमें 24 घंटे की इमरजेंसी सेवा व तमाम तरह की जांच का प्रचार-प्रसार किया गया है। इसमें वार्मर, पल्स ऑक्सीमीटर, नेबुलाइजर, फोटोथैरेपी जैसी सुविधा का जिक्र किया गया है। लोगों का कहना है कि इसी बोर्ड के प्रचार-प्रसार के झांसे में फंसकर लोग यहां पर चले आते हैं।

## आर्टिस्ट चन्द्रपाल राजभर को मिला हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान



**सुल्तानपुर।** हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आर्टिस्ट चन्द्रपाल राजभर को हिंदी साहित्य गौरव सम्मान 2024 से नवाजा गया जनपद सुल्तानपुर का नाम रोशन कर रहे आर्टिस्ट,लेखक,शिक्षक चन्द्रपाल राजभर को उनकी रचना 'कदम-कदम दर चलना भैया,लोकजन से कहना भैया, मेरा वतन है मेरी शान, मेरा यह देश मेरी जान भैया, नामक रचना के लिए उन्हें हिंदी साहित्य गौरव सम्मान 2024 से नवाजा गया आपको बताते चलें कि चन्द्रपाल राजभर विविध अवसरों पर अपनी कविता,लेखन,शिक्षण एवं चित्रकारिता के माध्यम से जन समाज में जन जागृति फैलाने का कार्य करते रहते हैं जिनकी प्रतिभा,लालित्य और समर्पण को देखते हुए देखते हुए उत्तर प्रदेश गोंडा की संस्था शांति फाउंडेशन ने चन्द्रपाल राजभर को हिंदी साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा वहीं चन्द्रपाल राजभर कहते हैं कि एक कलाकार का जीवन ही हमेशा जन जागृति और चेतना के साथ देश को एक नई दिशा की तरफ अग्रसर करना होता है जहां से देश एक नई दिशा और दशा में प्रगति कर विकास करे चन्द्रपाल राजभर के इस सम्मान की खुशी क्षेत्रवासियों के साथ सभी जनपद वासियों को है।

## एकाउंटेंट पर जिला समाज कल्याण अधिकारी मेहरबान

**सुल्तानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में तैनात एकाउंटेंट अजय चौरसिया पर जिला समाज कल्याण अधिकारी मेहरबान। गौरतलब हो कि जिला समाज कल्याण विभाग में तैनात एकाउंटेंट अजय चौरसिया लगभग 15 साल से इस विभाग में कार्यरत हैं उनके ऊपर अधिकारियों की मेहरबानी इस कदर है कि शासनादेश को दरकिनार करते हुए उनको सामूहिक विवाह व पेंसन जैसा महत्वपूर्ण चार्ज भी दे दिया गया है जबकि शासनादेश है कि सहायक लेखाकार/कनिष्ठ लेखा लिपिकों से समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में लेखा संबंधी कार्यों के अतिरिक्त अन्य किसी योजना का कार्य नहीं लिया जा सकता। लेकिन सुल्तानपुर के जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह द्वारा शासनादेश को दर किनार कर सामूहिक विवाह व पेंसन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर खुलेआम शासनादेश का उल्लघंन किया जा रहा है।

## टू लेन बनेगी कटका मायंग सड़क, जल्द शुरू होगा चौड़ीकरण का कार्य

सुल्तानपुर। बहुप्रतीक्षित कटका मायंग मार्ग के दिन सुधरने वाले हैं। स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री के प्रयास के बाद अब जल्द ही इस टू लेन सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। करीब 13.55 किलोमीटर बनने वाली इस सड़क के लिए करीब 41 करोड़ रुपए लगेंगे। जिसमें प्रथम किस्त के रूप में करीब 10.22 करोड़ रुपए स्वीकृत भी कर दिए गए हैं। कटका मायंग की इस टू लेन सड़क बन जाने से करीब 50 से ज्यादा गांव वालों और राहगीरों का आवागमन सुलभ हो जायेगा। इस खबर की जानकारी लगते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं महमूदपुर प्रधान संतोष सिंह, प्रधान सराय गोकुल मनीष तिवारी, बरियौना प्रधान अखिलेश सिंह, गरथौली प्रधान मोनू चौबे, रतापुर प्रधान अंबुज, धर्मदासपूर प्रधान शंकर मिश्रा, प्रधान अमऊ जासरपुर बब्लू मिश्रा, सहित तमाम जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया है और खुशी जताई है।

## कन्नौज में पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा ढेर, दूसरा घायल

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के गुरुसहायगंज क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार सुबह एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी को मार गिराया जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारा गया शातिरगुरसहायगंज में पांच जनवरी को हुयी लूट का आरोपी है। आज सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों का रुकने का इशारा किया मगर बदमाशों ने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुये पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक लुटेरा मौके पर ढेर हो गया जबकि दूसरे को पैर में गोली लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गये लुटेरे की पहचान इजहार निवासी समधन गुरसहायगंज के तौर पर की गयी है जबकि तालिब को अस्पताल ले जाया गया है। मुठभेड़ में दो पुलिस कांस्टेबल अमन सिंह व विनय कुमार भी घायल हुए है। सभी को हॉस्पिटल रवाना किया गया। उन्होने बताया कि लुटेरो के कब्जे से लगभग 250 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी के अलावा चार लाख 30 हजार रुपये नगद बरामद किये गये है। पूछताछ के दौरान पता लगा है कि लुटेरों के एक अन्य साथी ने लूटे गये जेवरात एक सुनार को बेचे हैं। जिस पर कार्यवाही की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक ने 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## महोबा में भाजपा नेता के घर की होगी कुर्की

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले की एक अदालत ने गुरुवार को हत्या के मामले में वांछित भाजपा के कबरई ब्लाक प्रमुख के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही के आदेश पारित किए है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए ब्लाक प्रमुख के मकान में नोटिस चस्पा किया है। अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में खरेला थाना क्षेत्र में हुई एक घटना में ब्लाक प्रमुख अवनींद्र सिंह राजू ने दुश्मनी के चलते अपने फार्म हाउस में अंधाधुंध फायरिंग की थी। इसमे गोली लगने से भरत तिवारी नामक युवक की मौके पर मौत हो गई थी जबकि चैनू सेन गम्भीर रूप से घायल हो गया था। अवनींद्र सिंह के भाई पुष्पराज सिंह ने घटना की रिपोर्ट पुलिड थाने में पंजीकृत कराई थी। इस मामले में अवनींद्र उसकी पत्नी रमासिह समेत अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 302 व 307 कर तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियोजन अधिकारी के मुताबिक यह प्रकरण में स्थानीय अदालत से अपने खिलाफ निर्णय होने पर ब्लाक प्रमुख द्वारा उच्च न्यायालय में अपील करते हुए गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश हासिल कर लिया गया था लेकिन उच्च न्यायालय के पिछले दिनों अपील खारिज कर देने पर मामला अपर जिला सत्र न्यायालय वापस आ गया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश डकैती कोर्ट राजीव कुमार पालीवाल द्वारा इसमे सुनवाई शुरू किये जाने पर अवनींद्र ने गैरहाजिर रहते हुए केस की अनदेखी की। इस पर पिछले दिनों उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। लेकिन पुलिस उन्हें कथित रूप से खोज कर अदालत में पेश कर पाने में नाकामयाब रही। अदालत ने इसी के चलते आज उनके खिलाफ कुर्की के आदेश पारित किए है। न्यायालय का आदेश आने के कुछ समय बाद ही पुलिस ने ब्लाक प्रमुख के मकान के दरवाजे पर आदेश को चस्पा करते हुए अपनी अग्रिम कार्यवाही शुरू की है। उल्लेखनीय है कि बसपा सरकार में श्रम मंत्री रहे दबंग राजनेता कुअँर बादशाह सिंह के भतीजे कबरई ब्लाक प्रमुख अवनींद्र सिंह राजू अपनी आपराधिक छवि के लिए कुख्यात है। उनके विरुद्ध पुलिस रिकार्ड में 12 से अधिक गम्भीर मामले पंजीकृत है। खासी दबंग छवि के चलते उनका इलाकाई राजनीति में खासा दखल है। अवनींद्र सिंह की मां बीते सत्र में नगर पंचायत खरेला की चेयरमेन रही है जबकि पत्नी रमा सिंह यहां ग्योंढी सीट से भाजपा जिला पंचायत सदस्य है।

# अटल के किरदार के लिये जाना पड़ा एक्टिंग टीचर की शरण में: पंकज त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मिर्ज़ापुर और क्रिमिनल जस्टिस जैसी कई लोकप्रिय वेबसीरीज के जरिये अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके बालीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व को रुपहले पर्दे पर निभाना उनके फिल्मी करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य था जिसे अंजाम तक पहुंचाने के लिये उन्हे 25 साल बाद अपने एक्टिंग टीचर की शरण में जाना पड़ा।

पूर्व प्रधानमंत्री की आत्मकथा पर बनी फिल्म 'मैं अटल हूं' के गीत हिन्दू तन मन...' की लाचिंग के मौके पर नवाब नगरी आये पंकज ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा ल्र मै अपने अभिनय के 25 साल के करियर में किसी भी किरदार के लिये अपने एक्टिंग टीचर के पास नहीं गया, थोड़ी बहुत परेशानी आने पर टीचर को फोन करके टिप्स से ही काम चल जाता था मगर अटल के किरदार को जानने समझने के बाद निभाने में परेशानी आने पर मुझे अपने एक्टिंग टीचर के पास जाना पड़ा और दो घंटे देने पड़े क्योंकि चुनौतियां बहुत थी। यह कोई काल्पनिक व्यक्तित्व नहीं है। बाकी फिल्मों में हम काल्पनिक किरदार को निभाते है जो लेखक निर्देशक सोच कर हमें बताते हैं मगर इस विराट व्यक्तित्व को निभाने के लिये सोचना पड़ा कि हमे कितना गंभीर होना है,कितनी मिमिक्री करनी है,नकल कितनी करुं। यह मुश्किल भरी चुनौती थी क्योंकि मुझे मिमिक्री करनी आती भी नहीं है। उन्होने कहा इस किरदार को निभाने के लिये मुझे निर्देशक रवि से इस बारे में लंबी बातचीत करनी पड़ी कि हमें उनके मनोभाव को पकडना है कि उनके विचारों को पकडना है। हम जितना मंच पर दिखते है,उससे कहीं अधिक हमारा निजी व्यक्तित्व होता है जो लोगों के सामने नहीं आ सकता। आखिरकार बतौर अभिनेता मुझे लगा कि मै उनकी चेतना को पकड़ूंगा,उनकी आत्मा को पकड़ूंगा,उनके विचारों को पकड़ूंगा। अटल जी के हावभाव,उनके बोलने का अंदाज,अटल जी के विराम बड़े रुचिकर होते थे और इन्ही मनोभावों को मैने पर्दे पर चित्रित करने का प्रयास किया है। हम अटल के कठिन निर्णयों को जानते है,उनके भाषणों से परिचित है मगर हमने इस फिल्म में उनकी जीवन यात्रा को फिल्मी पर्दे पर उतारने का प्रयास किया है। मुझे विश्वास है कि दर्शकों का प्यार मुझे मिलेगा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक पहले 19 जनवरी को फिल्म की रिलीज को लेकर पूछे गये एक सवाल पर फिल्म निर्देशक रवि जाधव ने कहा कि तीन साल पहले फिल्म निर्माण का काम चालू हुआ था। उस समय किसी को पता नहीं था कि फिल्म की शूटिंग कब पूरी होगी और कब रिलीज होगी। पहले पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती 25 दिसंबर को फिल्म के रिलीज करने की योजना थी मगर एडिटिंग की कमियों को पूरा करने के लिये रिलीज की तारीख को आगे बढाना पड़ा। उन्होने कहा कि फिल्म की शूटिंग वैसे तो अटल के जन्मस्थान आगरा के बटेश्वर,ग्वालियर,दिल्ली और मुबंई में हुयी है मगर शूटिंग का बड़ा हिस्सा उनके संसदीय क्षेत्र लखनऊ में फिल्माया गया है।

# 22 जनवरी को धोपाप 51 हजार दीपों व झालरों से होगा जगमग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राम की नगरी अयोध्या धाम में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन रामायण कालीन पौराणिक स्थल 'धोपाप धाम' को सजाकर भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी भी कार्यक्रम में शामिल होंगी। 22 जनवरी को धोपाप धाम मंदिर परिसर 51 हजार दीपों, लाइट व रंग बिरंगी झालर की रोशनी से जगमग होगा।

मान्यता है अयोध्या से 80 किमी दूर स्थित भगवान राम के पुत्र कुश की बसाई नगरी में लंभुआ तहसील में स्थित 'धोपाप' धाम में भगवान राम ने त्रेतायुग में रावण के वध के बाद ब्रह्महत्या से मुक्ति के लिए ऋषियों-मुनियों की सलाह पर 'आदि गंगा गोमती नदी' के इसी तट पर स्नान किया था और ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति पाई थी। जिस घाट पर श्रीराम ने स्नान किया था उसे राम घाट के नाम से जाना जाता है। इस पौराणिक स्थल पर 22 जनवरी को दीपोत्सव के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ, एलईडी के माध्यम से प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट, लोक कलाकार मनोज श्रीवास्तव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन होगा। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार कैंप कर स्थानीय प्रधानों शुभम सोनकर, संजय सिंह, रमाकांत तिवारी, सुरेन्द्र पाल, प्रसून पाण्डेय, राजू सिंह एवं एसपीओ नवीन मिश्रा आदि के साथ तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। वहीं लंभुआ, कूरेभार, पीपी कमैचा व कादीपुर के खंड विकास अधिकारी भी यहां पर कैंप कर साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को चाक- चौबंद करने में लगे हुए हैं। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने तैयारी की जानकारी देते हुए बताया कि धोपाप धाम जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण, दो हाई मास्ट लाइट, रामघाट जाने के लिए 300 मीटर सीसी सड़क व पुलिया का निर्माण, गोमती किनारे स्थित जमीन के समतलीकरण व मंदिर व मंदिर परिसर की रंगाई पुताई आदि का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# बस्ती में किन्नर समाज ने किया भजन-कीर्तन

एजेंसी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में गुरूवार को किन्नर समाज ने अयोध्या में राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भजन-कीर्तन किया। इस दौरान बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे। किन्नर समाज के गुरू काजल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश भर में हर्ष का माहौल छाया हुआ है। आज वे लोग शास्त्री चौक से भजन-कीर्तन शुरू कर पूरे शहर मे भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी हुई गीत को गा कर पूरे शहर को भक्तिमय करेंगे। कम्पनीबाग से होते हुए रोडवेज चौराहे तक भगवान श्रीराम तथा माता जानकी का जयकारा लगवाया जायेगा। इसके लिए सभी किन्नर समाज एक जुट है तथा 13 जनवरी को पूरी विधि विधान से अच्छत वितरण किया जायेगा। उन्होने बताया कि किन्नर समाज के उपर भगवान श्रीराम का बहुत बड़ा उपकार है जिसको भुलाया नही जा सकता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम जब वनवास के लिए जा रहे थे तभी उनकी प्रजा और किन्नर समुदाय भी उनके पीछे-पीछे चलने लगे थे।उस समय भगवान श्रीराम ने उन्हें वापस अयोध्या लौटने को कहा। लंका विजय के पश्चात जब श्रीराम 14 साल वापस अयोध्या लौटे तो उन्होंने देखा बाकी लोग तो चले गए थे, लेकिन किन्नर वहीं पर उनका इंतजार कर रहे थे। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर प्रभु श्रीराम ने किन्नरों को वरदान दिया कि उनका आशीर्वाद हमेशा फलित होगा। तब से बच्चे के जन्म और विवाह आदि मांगलिक कार्यों में हम लोगो द्वारा सभी लोगों को आशीर्वाद प्रदान करते है। इसी कारण से आज हम लोग भगवान प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़ी हुई गीतो को लोगो को सुना कर भक्ति का मौहौल कायम करेगे। इस मौके पर मुमताज किन्नर,किरन किन्नर,पूजा किन्नर,रेखा, रोशनी, कशिश, तानियां, अम्रपाली, जूली,सुमन, झिनकान किन्नर सहित अन्य किन्नर एवं दर्शक मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में प्रोमोशनल पॉवर पॉलिसीज़ औद्योगिक विकास को दे रहीं बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तरप्रदेश भारत के उद्योगों के विकास में सबसे आगे है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि उद्योगों की संख्या में भारी मात्रा में वृद्धि हुई है जो देश को मजबूत और समृद्ध बनाने में सहायक है। इस औद्योगिक उछाल का एक प्रमुख कारण राज्य सरकार द्वारा लागू की गई दूरदर्शी पॉवर पॉलिसीज़ हैं।

उद्योगों को अब दिन के समय बिजली खरीदने से लाभ होता है, जिससे उन्हें दिन के उजाले और रात के दौरान किफायती दरों पर बिजली सुरक्षित करने की अनुमति मिलती है, जिससे उत्पादन लागत कम हो जाती है और 'मेक इन इंडिया' पहल मजबूत होती है। इसके अलावा, कैप्टिव बिजली संयंत्रों और ओपन एक्सेस के प्रति राज्य की अनुकूल पॉलिसीज़ ने उद्योगों को उनके मांग पैटर्न के अनुसार खरीद के फ्लेक्सिबिलिटी के साथ बिजली खरीद



लागत में अनुकूलन हासिल करने के लिए पॉवर एक्सचेंजों का लाभ उठाने में मदद की है।

विशेष रूप से, यूपी ने वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2022-23 तक ओपन एक्सेस के तहत पावर एक्सचेंजों से खरीदी गई बिजली में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी है, जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 में भी गति जारी है। ओपन एक्सेस में वृद्धि राज्य सरकार के द्वारा मजबूत प्रोत्साहन पैकेज के कारण है, जिसमें शून्य अतिरिक्त सरचार्ज, क्रॉस-सब्सिडी सरचार्ज पर पर्याप्त छूट और इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए संबंधित शुल्क शामिल हैं। इस दृष्टिकोण ने न सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, बल्कि उत्तर प्रदेश को राज्य के सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने वाले विविध उद्योगों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने के लिए प्रेरित किया है। कम उत्पादन लागत के कारण, पॉवर एक्सचेंजों से बिजली की अनुकूलित खरीद के कारण, उद्योग राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मौजूदा सर्दियों के मौसम के दौरान बिजली एक्सचेंजों के माध्यम से बिजली खरीद में और तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि कीमतें आम तौर पर निचले स्तर पर स्थिर होती हैं। पर्याप्त औद्योगिक गतिविधि, ओपन एक्सेस का निर्बाध लिंक और अनुकूल पॉवर पॉलिसीज़ का यह संगम उत्तर प्रदेश को कुशल और लागत प्रभावी ऊर्जा खरीद समाधान चाहने वाले उद्योगों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।

## यूपीएसआईएफएस तथा टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस मुंबई के बीच एमओयू

# यूपीएसआईएफएस को विश्व स्तरीय संस्थान बनाने का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपीएसआईएफएस संस्थान को विश्व स्तरीय संस्थान बनाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आज यूपी स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स लखनऊ के अपर पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक डॉ जीके गोस्वामी (आईपीएस) ने मुंबई में यूपीएसआईएफएस तथा टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस मुंबई के बीच ख्रग्फ हस्ताक्षरित किया। संस्थान के निदेशक डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि आज हुए इस महत्वपूर्ण एमओयू से दोनों संस्थानो के बीच रिसर्च मेथ्रोलॉजी के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक तथा न्यायिक विषयों पर शोध कार्य को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा दोनों संस्थाओं के प्राध्यापक एवं छात्र एक दूसरे संस्थानों से सहयोग कर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकेंगे द्य इसके साथ-साथ यूपीएससीएफएस द्वारा तैयार किए गए नये क्षेत्र कम्युनिटी फॉरेंसिक के भी माध्यम से

एमओयू से रिसर्च मेथ्रोलॉजी के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक तथा न्यायिक विषयों पर शोध कार्य को और अधिक बढ़ावा मिलेगा : डा. जीके गोस्वामी



आम जनमानस को फॉरेंसिक साइंस का लाभ तथा उपयोग से अवगत कराने में अवश्य मदद मिलेगी जिससे आम जनता का विश्वास न्यायिक व्यवस्था पर और अधिक बेहतर हो सकेगा। डॉ0 गोस्वामी ने यह भी बताया कि यूपीएसआईएफएस का किसी महत्वपूर्ण संस्थान से यह पहला ख्रग्फ है द्य माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में संस्थान को और अधिक गति और ऊंचाई देने के लिए भविष्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली, आईआईटीआर लखनऊ, ट्रिपल आईटीएम लखनऊ तथा आईआईएम जैसे संस्थानों से भी एमओयू प्रस्तावित किए जाएंगे द्य आज मुंबई में हुए इस ख्रग्फसे टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस मुंबई के रिसर्च सहित अन्य विषयों के अनुभवों लाभ यूपीएसआईएफएस संस्थान से जुड़े छात्र एवं प्राध्यापक सकेंगे एवं आगे की दिशा में रिसर्च कार्य को बढ़ावा दे सकेंगेद्यसंस्थान के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मुंबई के वाइस चांसलर प्रोफ़ेसर मनोज कुमार तिवारी के साथ प्रोफ़ेसर अरविंद तिवारी, प्रोफ़ेसर अश्वनी कुमार एवं रजिस्ट्रार श्री नरेंद्र मिश्रा उपस्थित रहेद्य

# राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किये गए राशिद खान

बदायूँ। बदायूं में शास्त्रीय गायक पद्मभूषण व पद्मश्री उस्ताद राशिद खान गुरुवार को सुपुर्दे खाक कर दिए गए। इससे पहले उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर बंगाल सरकार की ओर से टीएमसी सांसद नदीम उल हक मौजूद रहे, वहीं बदायूँ के पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत तमाम जनप्रतिनिधि व साहित्यकार मौजूद रहे। 55 वर्षीय शास्त्रीय गायक उस्ताद पद्मभूषण राशिद खान ने नौ जनवरी को कोलकाता के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली थी। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को कोलकाता से उनके पैतृक आवास बदायूं के मो कबूलपुरा लाया गया। यहां उनके तमाम प्रशंसक पहुंच गये। जनाजे की नमाज मोहल्ला कबूलपुरा की पीरजियों वाली मस्जिद में होने के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक के लिए छोटे सरकार के कब्रिस्तान में ले जाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में उनके परिवारी जन के अलावा तमाम लोग शामिल रहे। सिटी मजिस्ट्रेट रामजी लाल समेत सीओ उझानी शक्ति सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# नजूल की जमीन पर बने मकानों-दुकानों पर चला योगी का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नजूल की जमीन कब्जा कर बनाए गए मकानों व दुकानों पर गुरुवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशासन के रहम का इंतजार कर रहे लोग अमले को देखकर जल्दी-जल्दी दुकानें व मकान खाली कर गए।देर शाम तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही।गुरुवार सुबह दस बजे पुलिस फोर्स के साथ ही नगर पालिका, राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम नजूल की जमीन गाटा-142 खाली कराने पहुंची तो नजारा देखकर लोग दहशत में आ गए।इस दौरान लोग रहम की दुहाई मांगते रहे। मगर नोटिस के बाद अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी।मामूली कहासुनी के बाद करीब 11 बजे के मंडलायुक्त के आवास बगल दीवानी तिराहा पर बनाई गईं दुकानें तोड़ी गईं।नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि दीवानी तिराहा मंडलायुक्त के आवास के बगल तक नजूल की जमीन पर बने मकान व दुकान चिह्नित किए गए हैं।प्रशासनिक आधार पर दुकानों का ध्वस्तीकरण कराया जाना है। इसके लिए छह जेसीबी के साथ ही पुलिस फोर्स व राजस्व व प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई है।देर शाम तक दुकान व मकान तोड़े गए हैं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान गोंडा लखनऊ राजमार्ग और शाहिद केपी सिंह मार्ग समेत आसपास इलाके में तमाशबीनों की भीड़ जुटी रही।ऐसे में पुलिस फोर्स की तैनाती के बावजूद आसपास पूरे दिन जाम की स्थिति रही।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नजूल के कर्मचारी और अफसरों ने मिलीभगत कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी की गईं।वर्षों बाद अधिकारियों ने हटवाने की कवायदें शुरू की तो भवन स्वामियों ने हाईकोर्ट तक गुहार लगाई। वहां से भी राहत न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है।मगर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंडलायुक्त के आवास के बगल बनी दुकानें तोड़ने पहुंची टीम तो कुछ महिलाएं और बच्चे घर के अंदर ही रहे नहीं निकल रहे थे। जिसको नगर कोतवाल ने महिला पुलिस कर्मियों को ले जाकर महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला फिर बच्चे और महिलाएं रोटी बिखलते हुए सड़क पर आ गए बाहर आते ही जेसीबी से कार्रवाई शुरू की गई है।एसडीएम सदर सुशील कुमार यादव ने बताया कि हाईकोर्ट व प्रशासनिक आधार पर कार्रवाई की गई है।

### गरीबों के आशियाने पर चला बुलडोजर, सीएम योगी के निर्देश के बावजूद प्रशासन ने की ये कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गरीब की दुकान, मकान या झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा,बल्कि यह सख्त कार्रवाई माफियाओं की अवैध संपत्ति पर की जाए, लेकिन जिले में प्रशासन के द्वारा ठीक इसका उल्टा किया गया है।जिला प्रशासन के द्वारा आज तक जहां अपराधी माफियाओं के अवैध आलीशान बिल्डिंग पर बुलडोजर नहीं चलाया गया वही जिले के गरीबों के आशियाने और दुकानों पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया, जिससे गरीब परिवार सड़क पर महिलाओं और बच्चों के साथ रो रहे थे। जिसके पास रहने के लिए घर नहीं थे उनके आशियाने को आनन-फानन में प्रशासन के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया,जिसके कारण पूरा परिवार आसमान तले आ गया है।पीड़ित परिवार का कहना है कि ध्वस्त किए गए इस आशियाना के अलावा उनके पास रहने का न तो कोई ठिकाना है और न ही खाने-पीने की कोई व्यवस्था।ऐसे में पूरा परिवार खुले आसमान तले रहने को मजबूर है।हलाकि सीएम योगी ने अफसरों को सख्त हिदायत दी है कि बुलडोजर किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर नहीं चलेगा.और गरीबों के प्रति संवेदनशील रहने का भी निर्देश दिया.इसके बावजूद जिला प्रशासन के कुछ जिम्मेदार अधिकारी मुख्य मंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहें है।

# घने कोहरे में नाले में बाइक समेत गिरा युवक, हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कर्नलगंज गोण्डा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अहिरहन पुरवा गंडाही गांव जाने वाली सड़क पर स्थित सूखे नाले के मोड़ पर बुधवार की रात्रि में कोहरे के कारण एक बाइक सवार युवक बाइक समेत नाले में जा गिरा। वह घायल अवस्था में रात भर नाले में पड़ा रहा। इलाज के अभाव में युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने सुबह नाले में शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी।मृतक युवक की पहचान कोतवाली देहात के चंदवतपुर गांव के रहने वाले फिरंगी उम्र 20 वर्ष पुत्र रामू के रूप में हुई है?।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चंदवतपुर गांव का रहने वाला फिरंगी पुत्र रामू बुधवार की शाम को बाइक से कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सर्वांगपुर गांव स्थित अपने बुआ के घर गया था।रात लगभग 9 बजे वह वापस अपने गांव जाने के लिए बाइक से निकला था। अहिरहन पुरवा गंडाही ग्राम की सड़क पर वह सूखे नाले के मोड़ को कोहरे के कारण देख नहीं सका और बाइक समेत नाले में जा गिरा।नाला सूखा होने की वजह से उसके सिर में गंभीर चोट आई।वह रात भर नाले में पड़ा रहा।बताया जा रहा है कि समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई।सुबह जब ग्रामीण जब उधर से गुजरे और नाले में युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी।प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय गुप्ता ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर युवक के शव को बाहर निकलवाया।युवक की पहचान होने पर उसके परिवार वालों को सूचना दी गई।जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि संभवतः समय पर इलाज न मिलने के कारण युवक की मौत हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ई-लाटरी के लिए निर्धारित हुआ रोस्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### कृषक अनुदान के लिए 12 जनवरी को होगा चयन

बहराइच । उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने बताया कि 12 जनवरी 2024 को अपरान्ह 11:30 बजे से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक में ई-लाटरी के माध्यम से रू. दस हज़ार से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों यथा-रोटावेटर, लेजर लैण्ड लेवलर, पैडी मल्टी क्राप थ्रेसर, कल्टीवेटर, हैरो, पावर टिलर, ट्रैक्टर माउण्टेन स्प्रेयर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, आलू बोने की मशीन, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, चेपकटर मानव रहित, मिनी राइस मिल, स्ट्रारीपर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। उप निदेशक श्री शाही ने बताया कि ई-लाटरी हेतु ब्लाकवार निर्धारित रोस्टर के अनुसार ब्लाक चित्तौरा, पयागपुर, हुज़ूरपुर एवं विशेश्वरगंज के लिए पूर्वान्ह 11:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक, ब्लाक तेजवापुर, महसी, शिवपुर व नवाबगंज के लिए अपरान्ह 12:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक, ब्लाक बलहा, मिहींपुरवा व रिसिया के लिए अपरान्ह 02:30 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक तथा ब्लाक फखरपुर, कैसरगंज व जरवल के लिए अपरान्ह 03:30 बजे से अपरान्ह 04:30 बजे तक ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया जायेगा। डीडी एग्री ने बताया ब्लाक चित्तौरा के लिए लक्ष्य 11 के सापेक्ष 60, पयागपुर में 08 के सापेक्ष 30, हुजूरपुर में 20 के सापेक्ष 61, विशेश्वरगंज में 09 के सापेक्ष 52, तेजवापुर में 12 के सापेक्ष 42, महसी में 12 के सापेक्ष 55, शिवपुर में 06 के सापेक्ष 42, नवाबगंज के लिए 09 के सापेक्ष 51, बलहा के लिए 13 के सापेक्ष 43, मिहींपुरवा में 16 के सापेक्ष 96, रिसिया में 08 के सापेक्ष 42, फखरपुर में 15 के सापेक्ष 67, कैसरगंज में 07 के सापेक्ष 26 तथा जरवल में 07 के सापेक्ष 25 इस प्रकार कुल लक्ष्य 153 के सापेक्ष पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल के माध्यम से 692 बुकिंग की गई है। श्री शाही ने कृषकों से अपेक्षा की है कि ई-लाटरी के समय विकास भवन सभागार में उपस्थित रहें।

# अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डाः पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी,थाना,चौकी,शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की।इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, अपराधियों की धरपकड़ के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।बुधवार को बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले में बढ़ रहे अपराध की घटनाओं पर कड़ाई से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

महिला उत्पीड़न, व एससीएसटी ऐक्ट डकैती, लूट, हत्या चैन स्नैचिंग फिरौती अपहरण, नकबजनी वन माफियाओं व वाहन चोरी के पेंडिंग मुकदमों में सम्पत्ति की बरामदगी व पुरस्कार घोषित कर हर घटना का जल्द पर्दाफाश करने के लिए टीम काम करे।पुराने मामलों का भी खुलासा किया जाए। साथ ही अवैध कच्ची शराब तथा चोरी, लूट और लंबित पड़ी विवेचनाओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों इनामिया, जिलाबदर, गोवध व एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के तहत अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ अपराधियों के विरूद्ध एचएस खोले जाने व गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने व गैंग पंजीकरण की कार्यवाही करते हुए टॉप-10 अपराधियों का चिन्हीकरण कर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।कोर्ट में गम्भीर अपराधों में चिन्हित मुकदमों में साक्षियों की उपस्थिति कराकर अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा कराने तथा आईजीआरएस प्रार्थनापत्रो का समय बद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।इस मौके पर जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी,वाचक पुलिस अधीक्षक, पीआरओ पुलिस अधीक्षक,समस्त प्रभारी निरीक्षकथानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के दिए दिशा-निर्देश

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर वहां के सभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आस-पास के क्षेत्रों में हो रही गतिविधियों के विषय में जानकारी प्राप्त करने तथा रूट डायवर्जनों का कड़ाई से पालन कराने व अयोध्या की तरफ आने-जाने वाले वाहनों की सघनता से चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जन समस्याएं, थानाध्यक्षों को तत्काल कार्यवाही करने के दिये निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार को जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत कार्यालय आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया।संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को भी तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल पुलिस कार्यालय पर सुबह 10:00 बजे पहुंच गए उन्होंने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया।नगर कोतवाली,देहात कोतवाली, मोतीगंज,तरबगंज वाजीरगंज, धानेपुर, महिलाथाना, मनकापुर,और परसपुर थानों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद थानों के प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को मामले की जांच कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।एसपी ने कहा कि समस्या लेकर आने वाले फरियादी निराश न जाए यही उनकी प्राथमिकता है।

# एसडीएम ने ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केंद्र का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के ई.वी.एम.(इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) तथा वी वी पैट के व्यापक स्तर पर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम के अनुपालन हेतु जागरूकता के उद्देश्य से तहसील सभागार कैसरगंज में स्थापित किये गए ई. वी.एम. वीवी पैट प्रदर्शन केंद् का उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने किया शुभारंभ, प्रदर्शन केंद्र पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिया की प्रदर्शन केंद्र में आने वाले लोगों को ईवीएम पारदर्शिता के संबंध में जागरूक किया जाए। एसडीएम ने तहसील वासियों खास कर युवा वर्ग के मतदाताओं से अपील की तहसील में स्थापित ईवीएम एवं प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर ईवीएम संचालन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ईवीएम प्रदर्शन केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर तहसीलदार अजय कुमार यादव,कैसरगंज नायब तहसीलदार पी.पी गिरी,नायब तहसीलदार ब्रह्मादीन यादव सहित अन्य कर्मचारी एवं लोग मौजूद रहे।

तहसील सभगार मे स्थापित ईवीएम वी वी पैट प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ करते हुए एसडीएम पंकज दीक्षित व मौजूद अन्य



### विकसित भारत के लिए संकल्प ले ग्रामीणः ई.विपेन्द्र

जरवल बहराइच। विकास खण्ड जरवल के अंतर्गत ग्राम पंचायत अली नगर मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ई.विपेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय,मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला मंत्री संजय राव,का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव व ग्राम विकास अधिकारी अरविंद यादव ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत,कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में आए हुए लाभार्थियों को मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का किया वितरण व कार्यक्रम मे किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,खाद रसद विभाग द्वारा तमाम योजनाओं संबंधी गहनता से जानकारी दी,और उन योजनाओं को लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वस्थ विभाग द्वारा द्वारा निशुल्क जांच व दवा व परिवार नियोजन संबंधित किट का किया गया वितरण,आयोजित कार्यक्रम मे मौजूद लोगो को मुख्य अतिथि ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंने देश की एकता को शुद्धण करने का दिलाया संकल्प,इस अवसर पर पत्रकार सत्येंद्र शुक्ला,प्रदीप जयसवाल, रमन शुक्ला, अशोक मिश्रा, ए डी ओ पंचायत बृजेश सिंह, सरवन यादव सहित अन्य रहे मौजूद।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने वन स्टाप सेण्टर का किया निरीक्षण

बहराइच । शेल्टर होम में आवासित बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा तथा शेल्टर होम की आधारभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने बुधवार को देर गेंद घर स्थित वन स्टॉप सेण्टर, बहराइच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद प्रबन्धक श्रीमती रचना कटियार ने बताया कि शिखा गुप्ता व रोशिनी 02 बालिकाएं वन स्टाप सेन्टर में उपस्थित है। श्रीमती कटियार ने बताया कि वन स्टाप सेन्टर में कुल 04 कमरे है, जिसमें 01 परामर्श कक्ष, 01 आश्रय कक्ष, 01 पैरामेडिकल कक्ष व 01 कार्यालय कक्ष है तथा शौचालय मय स्नानगृह है। सुरक्षा व्यवस्था में 04 पुरूष सिपाही तथा 04 महिला सिपाही तैनात किये गये हैं।

### वृद्धाआश्रम में शरण ले सकते है असहाय, वृद्धजनः रमाशंकर गुप्त



बहराइच । शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता के नेतृत्व में वृद्धाआश्रम के कर्मचारियों की टीम ने देर रात बस स्टाप, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, पीपल तिराहा, घंटाघर, छावनी, डिगिहा, पानीटंकी चौराहा सहित नगर के अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पाये गये निराश्रित, असहाय, वृद्धजनों व जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया गया तथा वृद्धजनों को वृद्धाआश्रम में संवासित होने के लिए प्रेरित भी किया गया। वृद्धजनों को बताया गया कि वृद्धाआश्रम में रहने, खाना, कपड़ा, विस्तर, उपचार इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध है आपको वृद्धाआश्रम में किसी प्रकार की समस्या नहीं आयेगी।

### आर्म फोर्स वेटरंस डे 14 जनवरी को

बहराइच । जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी ने बताया कि आर्म फोर्स वेटरंस डे के उपलक्ष्य में वीर नारियों एवं वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं के अभिनन्दन के लिए 14 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है। श्री ध्यानी ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह की 10 वीं पुण्यतिथि पर खेल प्रतियोगिता एवं रक्तदान आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । राजेंद्र नाथ लाहिड़ी स्मारक इंटर कॉलेज डुमरियाडीह में स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ लल्लन सिंह एडवोकेट की दसवीं पुण्यतिथि पर अंतर महाविद्यालय नेट बाल प्रतियोगिता एवं लायंस क्लब दिलीप सिंह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर स्वामी विवेकानंद पाली क्लीनिक हॉस्पिटल लखनऊ में कार्यरत प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर पीयूष प्रताप सिंह के कुशल देखरेख में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें आस-पास के रहने वाले सैकड़ो लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथ के रूप में पधारे मगहर आश्रम के महंत विचार साहब ने मंच को संबोधित करते हुए छात्राओं एवं जनसमूह को दया और करुणा का संदेश दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि आप सभी लक्ष्य के प्रति समर्पण और अटूट लगन से बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। साथ ही मनकापुर राज घराने के कुंवर अतुल कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की सुभाकामना देते हुए कॉलेज प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा की।वहीं मनकापुर चीनी मिल के यूनिट हेड डॉक्टर नीरज बंसल एवं एम केन उमेश सिंह विशेन ने स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला।इस मौके पर आरटीओ शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी,डॉक्टर एचडी यादव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान (साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या), डॉक्टर ओंकारनाथ पाठक एवं डॉक्टर जितेंद्र सिंह एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह सहित महाविद्यालय और इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।अंत में कार्यक्रम में पधारे समस्त गणमान्य अतिथियों का कैप्टन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के मंच का संचालन डॉक्टर पवन कुमार नंदा एवं अनुराग सिंह के द्वारा किया गया।

# पूर्व सांसद एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बलराज पासी ने शपथ कराकर बांटे गए प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।पूर्व सांसद नैनीताल/बहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बहेड़ी स्थित दमखोदा ब्लॉक की ग्राम सभा पुरैनिया एवं सिंधौरा में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए कहां की प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव ना करते हुए सबका साथ सबका विकास किया है।पासी ने कहा प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बगैर भेदभाव प्रधानमंत्रीआवास,अंत्योदय कार्ड,उज्जवला गैस योजना,निशुल्क शौचालय, आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मन निधि जैसी विभिन्न योजनाओं को लागू करके जनहित का कार्य किया है। पासी ने कहा प्रदेश सरकार ने गुंडा तंत्र पर पूरी तरीके से लगाम लगाकर प्रदेश राम राज्य स्थापित करने का प्रयास किया है इस अवसर पर मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा दमखोदा भानु प्रताप गंगवार,मंडल मंत्री सचिन कुमार,ग्राम प्रधान अनिल,पूर्व ग्राम प्रधान शांतिपाल गंगवार,पूर्व मंडल महामंत्री गौरव गोस्वामी,पूर्व सेक्टर संयोजक महेंद्रपाल वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश भाटिया, मोहनलाल हेमंत कुमार,हरेंद्र सिंह ,भगवानदास, राजवीर,रामगोपाल,राजेंद्र सिंह सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बालाजी महाराज का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बुधवार को बाबा का सजाया गया भव्य दरबार,सेवक विशाल के भजनों पर जमकर झूमे दर्शक उपस्थित रहे नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि**

पीलीभीत। विगत 9 जनवरी मंगलवार को श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के सेवक विशाल की ओर से श्री बालाजी महाराज की रथ यात्रा हजारों भक्तों की संख्या में बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई थीं। तो वही बुधवार को श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का तीसरा वार्षिक उत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें श्री बालाजी महाराज के जन्म दिवस के रूप में केक काटकर भक्तों में बांटा गया इस बीच हजारों भक्तों की संख्या आकर अपनी अपनी हाजिरी श्री बालाजी के चरणो में लगाई। इतना ही नहीं सेवक विशाल द्वारा आयोजित तीसरा भव्य वार्षिक उत्सव दरबार में हजारों भक्तों की तादाद में संख्या रही।वहीं बालाजी महाराज दरबार के सेवक विशाल ने वार्षिक उत्सव के दौरान भव्य बालाजी दरबार लगाकर अपने सुंदर-सुंदर भजनों से भक्तों को मनमोहित किया। वही इस बार गोंडा से पधारे टी-सीरीज के कलाकार पंकज निगम ने अपने सुंदर-सुंदर भजनों से भक्तों को मनमोहित किया।

इस अवसर पर जहां यात्रा के दौरान नगर पंचायत पकड़िया नौगवां अध्यक्ष संदीप संतोख सिंह संधू शामिल रहें।तो दूसरे दिन भी संदीप संधू ने अपनी हाजिरी उपस्थित की तथा कन्या पूजन के दौरान भी नगर पालिका अध्यक्ष उपस्थित रहें।दूसरे दिन के भव्य दरबार के दौरान जहां अंग गिनत भक्तों की संख्या उपस्थिति रही।साथ ही सभी भक्तों ने बालाजी महाराज,राम दरबार की सुंदर-सुंदर झांकियां भी देखी।

जनपद के ईदगाह काशीराम कॉलोनी मंदिर में जहां शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर बालाजी महाराज के रथ के साथ हजारों भक्तों की संख्या में भक्त धूमधाम से नाचते गाते हुए निकले थे तो वहीं दरबार कर्ता सेवक विशाल महंत बाबा के रथ के साथ भजनों को आकर्षक को मनमोहित कर रहे थें।वहीं बुधवार को भव्य दरबार सजाया गया और सुंदर-सुंदर भजनों को गाकर सुंदर-सुंदर बाल रूपी झांकी का दर्शन सभी भक्तों ने किया।श्री बालाजी महाराज के तीसरे दिन गुरुवार को हवन पूजन करके कन्या पूजन के साथ बालाजी महाराज का भव्य विशाल भंडारा भी हुआ।जिसमें हजारों भक्तों ने भंडारा खाकर बाबा की जय जय कार की। और लोग आज भी बाबा का आशीर्वाद लेने लगातार आ रहे हैं बताते चलें कि श्री बालाजी महाराज का दरबार सेवक विशाल निशुल्क लगाते हैं और भक्तों को कोई रसीद ना ही कोई चंदा लेकर इस दरबार में बुलाया जाता हैं। सेवक विशाल स्वयं ही बाबा का दरबार लगाते हैं जिससे हजारों भक्तों के दरबार में अपनी अपनी हाजिरी लगाने आते हैं।

## आगामी सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस'' समारोह के मुख्य अतिथि बनेंगे रक्षा मंत्री

उन्नाव।स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के सभी पूर्व सैनिकों को सूचित किया है कि दिनांक 14 जनवरी 2024 को ''सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस'' समारोह के उपलक्ष्य में एयर फोर्स स्टेंशन चकेरी कानपुर में प्रातः 09 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे प्रतिभाग करने वाले पूर्व सैनिक फोन नं0 9707148865, 8780415403 के द्वारा पंजीकरण कराने का कष्ट करें जिससे संख्या के आधार पर व्यवस्थाएं मुहैया कराई जा सकें। साथ ही वेटरन्स दिवस समारोह में निम्नलिखित सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क) का आयोजन किया गया है। हेल्प डेस्क स्पर्श पेंशन-डीपीडीओ, हेल्प डेस्क- पीसीडीए, डीएवी, डीआईएवी, सीडी, हेल्प डेस्क -ईसीएचएस, हेल्प डेस्क-जेडएसबी एवं समस्त बैंक दोपहर के खाने की व्यवस्था।जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त से सम्बन्धित समस्याओं का समाधन कराने के साथ ही कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्यक्रम के अतिथि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह व गणमान्य अतिथियों में सीडीएस, एओसी-इन-सी उपस्थित रहेंगे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गांधी स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाडियों को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसका लाभ आने वाले दिनों में दिखाई देगा।डीएम ने गुरूवार को स्थानीय गांधी स्टेडियम में खेल निदेशालय उप्र एवं उप्र बैडमिंटन संघ के समन्वय से आयोजित राज्यस्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन किया।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जो बच्चे जीते है।इसे सकारात्मक रुप से लेंगे। जो पराजित हुए उनको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। वे दुगुने उत्साह से जुटें।डीएम ने पीलीभीत में आये सभी मंडलों के खिलाडियों का पीलीभीत पधारने पर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीलीभीत में अभी हाल में राज्य स्तरीय मेजर रैकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई थी। इस दृष्टि से यहा नये खिलाडियों के निकलने की संभावना है।उन्होंने कहा कि गुरूवार को बरेली मंडल की टीम के खिलाडियों ने जो पीलीभीत के निवासी है, उन्होंने नया इतिहास लिख दिया। कभी भी मेजबानी में फाइनल नहीं जीते है। उन्होंने प्रतियोगिता आयोजन में लगी टीम को सफल आयोजन की बधाई दी।

इससे पूर्व फाइनल में बालिकाओं के युगल वर्ग में अयोध्या की आराध्या त्रिपाठी शिवांगी सिंह की जोडी ने अलीगढ की मेघा और रिदिश्मा की जोडी को सीधे सेटों में पराजित किया। बालिका वर्ग में एकल में लखनऊ की मितुशी गंगवार ने अयोध्या की आराध्या त्रिपाठी को सीधे सेटों में पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग के युगल में बरेली मंडल के दिव्यांश पांडेय और वर्द्धनराज मधौरिया की जोडी ने प्रयाग राज हास्टल के आदित्य एवं पृथ्वी सांस्कृत्यायन को लगातार दो सेटो में पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।जबकि बालक वर्ग के फाइनल में प्रयागराज हास्टल के आदित्य प्रकाश ने आगरा के अंकुर प्रताप सिंह को सीधे सेटों में हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।डीएम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सात खिलाडियों को जिला बैडमिंटन एसोसियेशन पीलीभीत की ओर से उदयीमान खिलाडी सम्मान से अलंकृत किया।इसमें बालिका वर्ग से अलीगढ की मेघा,आजमगढ की शौर्यमी सिंह,झांसी की अनुशी, बालक वर्ग में आजमगढ के यमुना प्रसाद मौर्य,अलीगढ के वंश प्रताप सिंह,बरेली मंडल के वर्द्धनराज मदौरिया तथा दिव्यांश पांडेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।डीएम ने प्रतियोगिता की तकनीकी समिति के रैफ्री राजेश सक्सेना, लखनऊ,मैच कंट्रोलर मनीष कुमार,अंपायर अंशुल कुमार सहारनपुर,अयोध्या के अनुपम शुक्ला,आजमगढ़ के करण श्रीवास्तव झांसी की सिमरन गुप्ता पीलीभीत के सुधांशु गंगवार,आजमगढ़ के शुभम राय को सम्मानित किया।इससे पूर्व डीएम का जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार,जिला बैडमिंटन एसोसियेशन के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने बुके देकर स्वागत किया।जबकि ओलंपिक संघ के सचिव मनोज गंगवार ने उनको बैज लगाकर स्वागत किया। समापन समारोह का संचालन बैडमिंटन एसोसियेशन के उपाध्यक्ष डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।इस अवसर खेल प्रोत्साहन समिति के सदस्य जगदीश सक्सेना,जिला फुटबाल संघ के कपिलदेव सिंह,संरक्षक नीरज मिश्र, विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री प्रिंस गौड,ताइक्वांडो के राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी रहे रतनदीप सिंह,बालीबाल के राष्ट्रीय खिलाडी प्रशांत शुक्ला,प्रखर नाथ सहित दर्जनों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।आयोजन में स्टेडियम कोच महेश कुमार अविनाश शर्मा, दयावती,प्रगति सिंह,दीपक विष्ट महेश तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभायी।अंत में जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार ने सभी अतिथियों,खिलाडियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों का आभार जताया।बरेली मंडल विजेता पीलीभीत के खिलाडी प्रतियोगिता में बालक वर्ग के युगल विजेता बरेली मंडल की टीम में दोनों खिलाडी वर्द्धनराज माधौरियाऔर दिव्यांश पांडेय पीलीभीत के खिलाडी है।इन दोनों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में फाइनल जीतने का इतिहास रच दिया।अभी तक किसी भी प्रतियोगिता में पीलीभीत के खिलाडियों ने फाइनल मैच नहीं जीता था।जिलाधिकारी ने दोनों खिलाडियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पीलीभीत का गौरव बढाने का अवसर इन खिलाडियों ने दिया है।

# डीएफओ ने उत्कर्ष कार्य करने वाले रेंजर को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।नवीन खंडेलवाल उपनिदेशक एव उप वन संरक्षक पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने सहेंद्र कुमार यादव क्षेत्रीय वनाधिकारी महोफ रेंज को उनके अथक प्रयासों से रेंज के अंतर्गत खड़े पेड़ो की लाट संख्या 308/ 1973 /1974 के खरीदार ठेकेदार बुद्दा खा पुत्र सिराजुद्दीन खा निवासी ग्राम मैनाकोट तहसील कलीनगर से उनके वारिसो से लगभग 50 वर्ष से अधिक पुराने राजस्व बकाया था। रेंजर इसको रेंजर द्वारा से अथक प्रयासों से अपनी स्वयं की विशेष रुचि को लेकर राजस्व की वसूली की गई रेंजर द्वारा किए गए कार्य की सहराना पूरे जनपद में की जा रही है जिसके तहत डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

## बरेली पहुंचे सीएम योगी से चेयरमैन ने की मुलाकात

पीलीभीत।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष डाक्टर आस्था अग्रवाल ने भेट की।पालिका अध्यक्ष डाक्टर आस्था अग्रवाल की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीलीभीत के चौतरफा विकास कराए जाने के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष डाक्टर आस्था अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से लखनऊ मिलने का समय लिया है।अधिक जानकारी देते हुए पालिका अध्यक्ष डाक्टर आस्था अग्रवाल ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ जाएगी।

## आवारा पशुओं से ग्रामीण परेशान फसलों को हो रहा हैं,नुकसान

पूरनपुर।एक तरफ योगी सरकार आवारा पशुओं के लिये बेहतर सुविधाएं देने का दावा करती हैं। लेकिन दावे खोखले नजर आते हैं। वही इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है।ताजा मामला ब्लाक पूरनपुर क्षेत्र का है।जहां नगरिया खुर्द कला,रमनगरा,महाराजपुर,गभिया सहराई, नोजलियां नकटाह सहित अन्य गांवों में इन निराश्रित पशुओं से ग्रामीण व किसान बेहद परेशान है।इन स्थानों पर जिम्मेदार अधिकारियों की साफ लापरवाही सामने आ रही है।इन गांवों में सरकार के आदेशो की सरेआम धज्जियां भी उड़ती हुई दिखाई दी जा सकती है।रात रात भर जाग कर अपने खेतों से इन पशुओं को भगा रहे बेचारे किसान जिम्मेदारो द्वारा गांव में निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाया जाये,लेकिन ऐसा नहीं निराश्रित पशुओं से किसान काफी परेशान हैं।और रात रात भर जाग कर अपनी फसलें बचाते हैं। लेकिन फिर भी किसानों की फसलें निराश्रित पशु चट कर जाते हैं।इस इस समस्या से क्षेत्रीय किसान व ग्रामीण काफी परेशान हैं। भीषण ठंड में किसान रात रात भर खेतों की रखवाली करते आखिर निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जायेगा और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब ध्यान देंगे।यह अपने आप मे एक बड़ा सवाल बना हुआ है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने शासन प्रशासन से इन आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने और तराई क्षेत्र में गौशाला बनवाने की मांग की है।

## सीए परीक्षा में सफल होने पर विधायक बाबूराम व चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने किया सम्मानित

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर कार्यालय सभागार मे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान एवं नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता व नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने सीए की परीक्षा सफल करने वाले जनपद पीलीभीत निवासी मोहक मालपानी पुत्र महेंद्र कुमार मालपानी एवं पूरनपुर नगर पालिका के मोहल्ला कायस्थान निवासी शुभम खंडेलवाल पुत्र अजय खंडेलवाल को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,राम बहादुर गुप्ता,मानस शुक्ला, सभासद सूरज बाथम, विवेक तिवारी,दिनेश भारती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संस्कृति उत्सव का आयोजन प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पर्व ''हमारी संस्कृति-हमारी पहचान'' संस्कृति उत्सव 2023 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन निराला प्रेक्षागृह में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/नोडल अधिकारी नरेन्द्र सिंह के आतिथ्य, संतोष कुमार सिंह जिला पर्यटन सूचना अधिकारी,सचिव, चन्द्रभूषण सिंह संयोजक व निर्णायक मण्डल सूचना अधिकारी सतीश कुमार, संगीत शिक्षक विपिन कुमार श्रीवास्तव एवं शिक्षक विश्वनाथ तिवारी की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ नोडल अधिकारी द्वारा मॉ सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जनपद स्तरीय इस प्रतियोगिता में समूह,एकल गायन में 13 एवं समूह,एकल नृत्य में 14 दल कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में एकल गायन में शकुन सिंह प्रथम, आशीष त्रिवेदी द्वितीय व दिवाकर तिवारी तृतीय, नृत्य में अफजल-गोलू प्रथम, नेहा यादव द्वितीय व प्रफुल्ल कश्यप तृतीय एवं समूह गायन में अवधेश कुमार प्रथम, पंकज तिवारी द्वितीय व रेवती लाल निषाद तृतीय स्थान पर रहे। समस्त विजेता प्रतिभागियों का विवरण मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रस्तावित किया जाएगा। इसके साथ ही निर्णायक मण्डल द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा सुन्दर कांड, आल्हा गायन, लोक गायन, मयूर नृत्य, राम मन्दिर गीत, शास्त्रीय गायन नृत्य आदि मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयीं।

# विकसित भारत के लिए संकल्प ले ग्रामीण: ई.विपेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ई.विपेन्द्र सिंह बीडीओ सत्य प्रकाश पाण्डेय ने बच्चों को कराया अन्न प्रसन्न महिलाओं की कराई गई गोद भराई,व बाँटा प्रमाण पत्र**




जरवल बहराइच। विकास खण्ड जरवल के अंतर्गत ग्राम पंचायत अली नगर मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ई.विपेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय,मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला मंत्री संजय राव,का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव व ग्राम विकास अधिकारी अरविंद यादव ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत,कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में आए हुए लाभार्थियों को मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का किया वितरण व कार्यक्रम मे किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,खाद रसद विभाग द्वारा तमाम योजनाओं संबंधी गहनता से जानकारी दी,और उन योजनाओं को लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वस्थ विभाग द्वारा द्वारा निशुल्क जांच व दवा व परिवार नियोजन संबंधित किट का किया गया वितरण,आयोजित कार्यक्रम मे मौजूद लोगो को मुख्य अतिथि ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंने देश की एकता को शुद्धण करने का दिलाया संकल्प,इस अवसर पर पत्रकार सत्येंद्र शुक्ला,प्रदीप जयसवाल, रमन शुक्ला, अशोक मिश्रा, ए डी ओ पंचायत बृजेश सिंह, सरवन यादव सहित अन्य रहे मौजूद।

## पुलिस दम्पति सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और रीना पाण्डेय ने खाकी का फर्ज निभाया और पेश की मानवता की मिशाल

उन्नाव। लखनऊ कानपुर हाईवे पर, नवाबगंज टोल प्लाजा से आगे थाना अजगैन क्षेत्र में छुट्टा मवेशी से टकराकर कार पलट गयी। हादसे में भाई बहन और पाँच साल की भांजी घायल हो गई। इसी दौरान उधर लखनऊ से उन्नाव लौट रहे दरोगा दम्पती सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और उनकी पत्नी रीना पाण्डेय ने लोगों की मदद से घायलों को कार से सुरक्षित बाहर निकाला,परिवार और पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव को सूचना दी। थोडी देर में मौके पर थाना अजगैन के पुलिस कर्मी और घायलों के पारिवारिक जन पहुँच गए जो घायलों को इलाज के लिए अपने साथ कानपुर ले गए। लखनऊ के बुधेश्वर् निवासी अंशुमान सिंह (30 ) बहन अर्चना ( 32) और पांच साल की भांजी पंखुड़ी को लखनऊ से कानपुर झकरकटी में बहनोई अनुज के यहाँ कार नंबर यू पी 78 ई आर 3876 से लेकर जा रहे थे। लखनऊ कानपुर हाईवे पर नवाबगंज टोल प्लाजा पार करने के बाद थाना अजगैन क्षेत्र में पहुंचे थे। तभी सड़क पर अचानक विपरीत दिशा से छुट्टा मवेशी आ गया और उससे टकराने के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में भाई बहन और भांजी घायल होकर दब गये। इसी दौरान लखनऊ से लौट रहे पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात दरोगा दम्पती सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और उनकी पत्नी रीना पाण्डेय ने अपनी कार रोकी और तुरन्त लोगों की मदद से कार में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। भाई बहन को मामूली चोट लगी जबकि भांजी को खरोंच तक नहीं आई। दरोगा अनूप मिश्रा ने घायलों के परिवार और पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव को सूचना दी। थोडी देर में मौके पर थाना अजगैन के पुलिस कर्मी और घायलों के पारिवारिक जन पहुँच गए जो घायलों को इलाज के लिए अपने साथ कानपुर ले गए। स्थानीय नागरिकों और घायलों के पारिवारिक जनों ने दरोगा दम्पती के मानवीय व्यवहार की अत्यन्त सराहना की।

## फंासी लगाकर युवती ने जीवन लीला की समाप्त

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती ने फंासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है पुलिस मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव दुर्गापूरवा जैतपुर गांव में मुन्नीलाल, अपनी एवं पुत्र देवेंद्र के साथ गांव में आई विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होने गया था, घर पर देवेन्द्र की पत्नी शिवानी 19 वर्ष अकेली ही रह गई थी। उसका बेटा जब शाम को घर पहुंचा तो उसकी पत्नी खूंटी में बंधी रस्सी से लटकी की मिली, स्थिति देख वह अपने परिजनो को बताया परिजन आनन फानन अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# रैन बसेरे का एसडीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरवा उन्नाव। एक्शन में एसडीएम रणवीर सिंह ने गुरुवार को रैन बसेरा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो कमियां नजर आई जिसको लेकर ईओं को तीन दिन में सुधार के लिए निर्देश दिए है। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने रैन बने बसेरा का औचक निरीक्षण किया जहां केयर टेकर प्रेमशंकर मौजूद पाए गए। और रैन बसेरा में आगंतुक पंजिका नहीं बनी मिली। रैन बसेरा में गरीबों व असहाय व्यक्तियों के आने-जाने व रुकने के समय का आंकलन नहीं पाया गया। वहीं साफ सफाई संतोष जनक नहीं पाया व उपचार के लिए प्राथमिक किट एवं दवाइयों की व्यवस्था नहीं पाई गई। साथ ही रैन बसेरा में पानी की व्यवस्था तो की गई है लेकिन रैन बसेरा में रुकने वाले व्यक्तियों के नहाने के लिए गर्म पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं मिली। रैन बसेरा में बिजली प्रकाश की व्यवस्था संतोष जनक नहीं मिली। शौचालय व बाथरुम में साफ-सफाई व नलों की टोटियां सही अवस्था में नहीं पाई गई। एसडीएम ने तीन दिन के अंदर कमियों को सही कराने के लिए ईओ संदीप कुमार को निर्देश दिये है।निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय व केयर टेकर रहे। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि कमियां मिली है तीन दिन के अंदर सही करने के लिए अधिशाषी अधिकारी संदीप कुमार को निर्देश दिये है और लापरवाही होने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# चंदन चौकी विद्या मंदिर को मिली विज्ञान एवं मानविकी वर्ग इंटरमीडिएट की मान्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलियाकलां-खीरी।प्रताप नारायण मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर को इंटरमीडिएट की मान्यता उ.प्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से मिल गई है, इसमें मानविकी वर्ग में हिंदी, संस्कृत, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, कला, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, कम्प्यूटर और वैज्ञानिक वर्ग में साहित्य हिंदी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी सहित सोलह विषयों की मान्यता प्रदान की गई है इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव ने देते हुए विद्या भारती के उच्चाधिकारियों सहित प्रचारक मनोज कुमार का विशेष आभार व्यक्त किये जिनके प्रयासों से विद्यालय को उच्च शिक्षा संस्थान की ओर अग्रसर होने में सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में आदिवासी जनजाति के लगभग एक हजार से अधिक भैया बहने शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। विद्यालय में आवासीय छात्रों के निशुल्क भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है जिसकी व्यवस्था प्रबन्धक सलिल अग्रवाल एवं सम्पूर्णा नन्द प्रचारक द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है। प्रबंधक द्वारा स्वयं के व्यय से एक रसोई घर सहित अन्य निर्माण कार्य छात्र हित में करवाये गये हैं। उन्होंने विज्ञान एवं मानविकी वर्ग की मान्यता मिलने से विद्यालय के माध्यम से क्षेत्रीय आदिवासी बच्चों को स्थानीय स्तर पर मिलने वाली शैक्षिक सुविधाओं एवं विद्यालय के उच्चीकरण कर हर्ष व्यक्त करते हुए अपने समस्त उच्चाधिकारियों, सहयोगियों, शासकीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## न्याय के हक में

एक बड़ी गलती को सुधारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए ग्यारह दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन जघन्य अपराधों के लिये ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था। दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर यह रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी। यही वजह है कि कोर्ट ने भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून के शासन का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई देने का अधिकार ही नहीं था क्योंकि निष्पक्ष न्याय के लिये इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और सजा सुनाई गई। ऐसे में केवल महाराष्ट्र सरकार ही दोषियों की रिहाई का फैसला ले सकती थी। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काटने वाले ग्यारह लोगों को दो सप्ताह में जेल वापस जाने को कहा है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी। हालांकि, सीबीआई ने तर्क दिया था कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद उन्हें रिहा कर दिया गया था। इतना ही नहीं, गोधरा उप-जेल से बाहर निकलने के बाद दोषियों का माला पहनाकर अभिनंदन तक किया गया था। दरअसल, उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई। समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है। उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसमें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी। यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी। दरअसल, ऐसे मामलों में राज्य सरकार के विवेक की भी परीक्षा होती है कि उसके किसी निर्णय से पीड़ित पक्ष आहत न हो। सही मायनों में न्याय की प्रकृति का भी सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को उन भयावह स्थितियों व पीड़िता की पीड़ा का भी अहसास होना चाहिए। यह राज्य सरकार की कल्याणकारी रीतियों-नीतियों की भी परीक्षा थी। वहीं कोर्ट ने अदालत को गुमराह करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप भी राज्य सरकार पर लगाया। बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के फैसले से जहां रिहाई के अधिकार के प्रश्न का जवाब मिला, वहीं पीडिता को न्याय पाने के हक की भी पुष्टि हुई। पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया। बहरहाल, देश में कानून के राज को प्रतिष्ठा देकर न्यायालय ने एक आदर्श मार्गदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन किया है।

## स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करती मोदी सरकार

**विवेकानंद जयंती (12 जनवरी) पर विशेष**

**देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है। स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे। आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंच प्रण का पालन करने का आग्रह किया। जिसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है। स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे।**

12 जनवरी 1863 को कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के यहां एक बालक का जन्म हुआ। भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। जिसको प्रेम से परिवार के लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ। गुलामी के कालखंड में भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य उनके द्वारा हुआ। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपने जीवन की घटना का उल्लेख किया मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ। अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी। जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है। स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे। आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंच प्रण का पालन करने का आग्रह किया। जिसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है। स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हो। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है। स्वामी विवेकानंद गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रिभर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि दरिद्र देवो भव। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्ठियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं को कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है।

गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे-छोटे शिल्पकार जिसको प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा। इसमें बढई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी -पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उसके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्मसभा के अवसर पर अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था कि - रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां। नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।- समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में जान भी जहान भी के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में वसुधैव कुटुंबकम का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है। स्वामी विवेकानंद का यह आह्वान उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को नरेन्द्र मोदी जी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने कदम-ताल मिलाएं एवं अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। **–शिव प्रकाश**

## देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण

**आर.के. सिन्हा**

अयोध्या या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं। भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आए और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आए तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं। तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर ? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान -सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है। इस बीच, एक बात कहनी होगी कि अयोध्या में रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की जिस तरह से तैयारियां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में हुई उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के कामकाज के साथ मंदिर निर्माण के काम को भी देखा। वे रोज काम की प्रगति की जानकारी लेते रहे और अपने मंत्रिमंडल के साथियों व अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। उनकी पैनी नजर के चलते ही राममंदिर में चल रहा निर्माण कार्य वक्त रहते पूर्ण हुआ। बहरहाल, अयोध्या श्रीराम की थी, श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी। श्रीराम भारत के कण-कण में हैं। हमारे भाव की हर हिलोर में श्रीराम हैं। राम यत्र-तत्र, सर्वत्र हैं। जिसमें रम गए, वहीं राम हैं। यहां सबके अपने-अपने राम हैं। गांधी के राम अलग हैं, लोहिया के राम अलग। बाल्मीकि और तुलसी के राम में भी फर्क है। भवभूति के राम दोनों से अलग हैं। कबीर ने राम को जाना, तुलसी ने माना, निराला ने बखाना। राम एक हैं, पर राम के बारे में दृष्टि सबकी भिन्न है। त्रेता युग के श्री राम त्याग, शुचिता, मर्यादा, संबंधों और इन संबंधों से ऊपर मानवीय आदर्शों की वे प्रति मूर्ति है, जिनका दृष्टांत आधुनिक युग में भी अनुसरण करने के लिए दिया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श भ्राता ही नहीं वरन आदर्श पति भी हैं, जो आजीवन एकपत्नी व्रती रहे। भगवान श्री राम ने राजा होते हुए त्याग, संयम, धैर्य, सहयोग और प्रजा के प्रति सेवा भाव का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पत्नी वियोग के साथ नाना प्रकार के कष्ट सहे। ईश्वरीय अवतार होने के बावजूद मनुष्य रूप में अनेक कष्ट सहने के बावजूद इतिहास ने भी उनके साथ कम अन्याय नहीं किया। माता सीता पर मिथ्या दोषरोपण के कारण राम द्वारा सीता का परित्याग एक मात्र ऐसा प्रसंग रहा, जिसके कारण आज भी प्रभु श्रीराम नारीवादियों के कटघरे में खड़े दिखाई देते हैं। हालाँकि, मूल वाल्मीकि रामायण में सीताजी के त्याग का ऐसा कोई प्रसंग नहीं मिलता। ऐसा माना जाता है यह प्रसंग बाद में तत्कालीन लेखकों तथा कवियों ने रामकथा की दिशा को मोड़ने या यूं कहें राम की छवि को धूमिल करने और सनातन संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने के लिए जोड़ा। ऐसा भी कह सकते हैं कि भविष्य में नारी के लिए मर्यादा और शुचिता के कड़े मानदंड स्थापित करने के लिए बाद में यह प्रसंग जोड़ा गया हो।

### सेहत मंत्र

## सेहत के लिए फायदेमंद है चांदी के बर्तन में खाना

जब चांदी के बर्तनों की बात आती है, तो वह हमारे दिमाग में रॉयल्टी की निशानी जैसा लगता है। हम सबको अक्सर अमीर और शाही लोगों को ही चांदी की थाली में खाना खाने की कल्पना करते देखते हैं। लेकिन आमतौर पर लोग चांदी की प्लेटों का उपयोग सिर्फ अपने धन और वर्ग को दिखाने के लिए करते हैं। लेकिन सच्चाई कुछ और है, प्राचीन काल में लोग किसी अन्य कारण से चांदी की प्लेटों में खाना खाते थे। चांदी की प्लेट न केवल धन और शौहरत के लिए, बल्कि आपकी सेहत के लिए अच्छी होती है। यदि आप चांदी के बर्तन में खाना खाते हैं, तो यह लंबे समय के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए यहां हम आपको चांदी की थाली में खाना खाने के फायदे बताते हैं। खाना परोसने के बाद खाना खाने में थोड़ा समय लगता है। ऐसे में विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के बर्तन में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो खाने को हवा में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया से बचाए रखते हैं। इसलिए, चांदी के बर्तनों में खाना आपके लिए सेहतमंद माना जाता है। चांदी के बर्तनों में खाना खाने से आपके पाचन स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। क्योंकि चांदी का आपके शरीर पर शीतलमय प्रभाव पड़ता है। जिससे आपका पाचन सुचारू रहता है और शरीर में मेटाबॉल्जिम को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इस तरह चांदी आपको दस्त, कब्ज और पेट दर्द जैसी बीमारियों के लिए अतिसंवेदनशील नहीं बनाती है। चांदी के बर्तन बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करने में मदद करने के साथ-साथ आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के कमजोर होने से भी बचाते हैं। यह आपको बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। चांड़ी के बर्तन में खाना खाने से आपके शरीर को कई पोषक तत्व भी मिलते हैं, जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि चांदी के बर्तनों में खाना रखने से वह लंबे समय तक सही रखता है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण रोगाणुओं को मारते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खाना लंबे समय तक सुरक्षित और सही रहता है।

### धर्म मंत्र

## भारत ही नहीं चीन और मिस्र में भी होती है सूर्य उपासना

इस क्रम में सबसे पहले जानें कोणार्क के सूर्य मंदिर के बारे में जिसे अंग्रेज़ी में ब्लैक पगोडा भी कहा जाता है। ये मंदिर भारत के उड़ीसा राज्य के पुरी में है। इसे लाल बलुआ पत्थर एवं काले ग्रेनाइट पत्थर से 1236-1264 ई.पू. में गंग वंश के राजा नृसिंहदेव ने बनवाया था। इसे यूनेस्को ने 1984 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था। कलिंग शैली में निर्मित यह मंदिर एक बारह जोड़ी चक्रों वाले, सात घोड़ों से खींचे जाते सूर्य देव के रथ के रूप में बना है। सूर्य को यहां बिरंचि नारायण कहा जाता था। चीन के बीजिंग में 1500 ई. में मियांग राजवंश के जियाजिंग सम्राट के बनवाये हुए सूर्य के मंदिर हैं। इस सूर्य मंदिर का प्रयोग इंपीरियल अदालत द्वारा पूजा के विस्तृत कृत्यों के लिए किया जाता था जिसमें उपवास, प्रार्थना, नाच और जानवरों की बलि भी होती थी। इस मंदिर की सबसे खास बात है लाल रंग का प्रयोग जो सूर्य के साथ जोड़ कर देखा जाता है। इसमें भोजन और शराब परोसने के लिए लाल बर्तन, रेड वाइन और सम्राट के लिए लाल कपड़े शामिल थे। मंदिर अब एक सार्वजनिक पार्क का हिस्सा है। प्राचीन मिस्र में, कई सूर्य मंदिर थे इन पुरानी स्मारकों में से अबू सिंबेल में रमसे के महान मंदिर, और पांचवें राजवंश द्वारा निर्मित परिसर शामिल थे। इनमें से केवल दो ही शेष बचे हैं,यूजरकैफ़ और न्यसेर। पांचवीं राजवंश के इन मंदिरों में आम तौर पर तीन खास चीजें होती थीं।

### पर्यटन



## मंदिरों के महागढ़ नाम से मशहूर जूनागढ़

गिरनार पहाड़ियों की गोद में बसा हुआ जूनागढ़ गुजरात का सबसे ऊंचा स्थल है। इस क्षेत्र में आठ सौ से ज्यादा हिंदू और जैन मंदिर हैं, इसलिए इसे मंदिरों का महागढ़ भी कहा जा सकता है। जानेंगे यहां आएं तो किन जगहों की सैर को बिल्कुल न करें मिस। गिरनार की तलहटी में स्थित और नागा साधुओं का संसार माना जाने वाला यह शिव मंदिर महाशिवरात्रि के दिन एक मिनी कुंभ मेले में परिवर्तित हो जाता है। विभिन्न जगहों से आए नागा साधु मंदिर में शिवजी की पूजा करते हैं और उनके हर-हर महादेव की नाद से गिरनार घाटी गूंज उठती है। इसे अघोरियों का मंदिर माना जाता है। लाल आंखों, बंधी हुई जटाओं और शरीर पर मली हुई भस्म के साथ अघोरी साधुओं की टोली स्वयं शिवजी के भूतों की टोली जैसी प्रतीत होती है। महाकाली और शिवजी के भक्त भवनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद यहां जरूर आते हैं। गिरनार के सबसे ऊंचे शिखर पर विराजमान श्री दत्तात्रेय का छोटा सा मंदिर बादलों भरी घाटी में खिले फूल सा प्रतीत होता है। गुजरात और राजस्थान तो अपनी वाव और बावलियों के लिए मशहूर है, किंतु सोरठ में ज्यादातर कुओं यानि वाव की कहानियां मजेदार हैं। नौ परतों वाले इस गहरे कुएं में पत्थरों की सीढ़ियां उतर कर जाना पड़ता है। इसके निर्माण से जुड़ी कहानी है कि महीनों की खुदाई के बाद भी जब कुएं में पानी नहीं निकला, तब एक ज्योतिषी की सलाह पर दो बहनों अड़ी औक कड़ी ने कुएं में कूदकर बलिदान देने का फैसला किया था। बलिदान के साथ ही कुंआ पानी से भर गया और आज तक यह सूखा नहीं है। दोनों बहनों की याद में कोई पास के पेड़ पर चूड़ियां और चुनरी बांधता है तो कोई प्रार्थना करता है। उपरकोट जूनागढ़ शहर का स्थापना से पहले गुजरात में रजवाड़े हुआ करते थे और सौराष्ट्र प्रदेश की यह नगर सोरठ राज्य का एक अहम हिस्सा थी। मौर्य राजाओं द्वारा बनवाए गए इस किले को हर राजवंश ने अपने वास्तुशिल्पों से तराशा और इस किले को अभेध गढ़ का खिताब दिलाया। जिन दुश्मनों ने किले की दीवार भेदने की कोशिश की, वे नीचे बनई खाई में गिरकर मगमच्छों का भोजन बन गए।

# पूरी तरह से सफल बनायें अखिलेश यादव का कार्यक्रम: फरीद मजफूज किदवई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश अरविंद कुमार

**कार्यकर्ताओ के साथ रामनगर विधायक किदवई ने की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक**

सिंह गोप ने पूर्व विधायक अशर्फी लाल यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा भर से आए तमाम कार्यकर्ताओं से चर्चा की ओर भारी भीड़ इकट्ठा करने को कहा उन्होंने कहा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है हर कार्यकर्ता तन मन से लगकर कम करें और लोगों को सभा स्थल तक ले चलने का इंतजाम करे जहां कोई कमी हो हमें बताया जाए हम उसको पूरा करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व



विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद,जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू उपाध्यक्ष, विजय यादव जिला पंचायत सदस्य, कार्यक्रम आयोजक कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा, संतोष रावत,भूपेंद्र सिंह बबलू, पूर्व प्रमुख राजन सिंह, जिला सचिव जैसीराम यादव, अनिल यादव प्रधान, सभाजीत सिंह, मन्नान भाई, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अतीक चौधरी सहित तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकसित भारत यात्रा से पीएम मोदी का अंत्योदय का संकल्प हो रहा है साकार :उपेंद्र सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## हरख ब्लाक के अब्दुलापुर में यात्रा के क्रम में लाभार्थियों से हुआ संवाद

बाराबंकी । गुरुवार को विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर में व विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत खेमीपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया । तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद श्री रावत ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम है। 'विकसित भारत का निर्माण' और 'अंत्योदय' का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में ल्लमोदी की गारंटीङ्क का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही है। इस अवसर पर विधानसभा विस्तारक जानकी प्रसाद तिवारी, पूर्व



प्रमुख सुनील सिंह, प्रवेश सिंह, सुशील जायसवाल, प्रह्लाद शरण जायसवाल, नीरज वर्मा,दशरथ चौहान, रमेश चद्र वर्मा, भुवनेश्वर, जितेन्द्र वर्मा, चट्टान सिंह, राजेन्द्र वर्मा, गुड्डू सिंह चौहान, रामानंद सिंह, सुचिता सिंह, बाबु खान, प्रदीप बाजपेयी, अतुल रावत, गुड्डू सिंह, दुर्गा बक्श सिंह, अरविन्द सिंह, राकेश रावत, अनिल सिंह, ज्ञान सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# राम कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब श्री राम के जीवन पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत ज्योरी स्थित दुर्गा मंदिर पर चल रही साप्ताहिक श्रीराम कथा में बृहस्पतिवार को कथा व्यास कुलदीप मृदुलांश ने भगवान श्रीराम द्वारा अहिल्या उद्धार कथा का बखान किया। भगवान श्री राम और लक्ष्मण को बचपन में ही अपने यज्ञों की रक्षा करने के लिए गुरू विश्वामित्र राजा दशरथ से मांग लेते हैं।गुरू विश्वामित्र जब ये प्रस्ताव राजा दशरथ के पास लेकर गए तो राजा दशरथ अपने पुत्र राम और लक्ष्मण को उन्हें देने के लिए मना कर रहे थे।लेकिन गुरू विश्वामित्र ने पूरी अयोध्या को जलाने का चेतावनी दी, जिसके बाद गुरू वशिष्ट के समझाने के बाद राजा दशरथ राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र से शिक्षा लेने और यज्ञों की रक्षा करने के लिए दे देते हैं।भगवान राम और लक्ष्मण को लेकर विश्वामित्र जंगल - जंगल टहल रहे थे और उन्हें वनों के बारे में



जानकारी दे रहे थे. इस दौरान गुरू एक रास्ते में पहुंचे और फिर प्रभु श्री राम से प्रश्न किए।

गुरू ने कहा कि इससे आगे जाने के लिए दो रास्ते हैं एक तीन पहर का है एक एक पहर का है, लेकिन एक पहर में ताड़का नाम की एक राक्षसी रहती है. जिससे पार पाना काफी मुश्किल काम है।

भगवान राम एक पहर वाले रास्ते का सुझाव देते हैं. इसके बाद प्रभु राम ने ताड़का नाम की राक्षसी का वध भी किया. कहा जाता है कि इससे प्रसन्न हो कर गुरू विश्वामित्र ने इसी स्थान पर राम लक्ष्मण को धनुर्विद्या सिखाई थी।आगे बढ़ते हुए जब प्रभु श्री राम मिथिला पहुंचे तो उन्होंने अहिल्या का उद्धार किया. जो गौतम ऋषि के श्राप की वजह से शिला बन गई थी।गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या काफी ज्यादा सुंदर थी, जिनकी सुंदरता का बखान देवलोक में भी होता था. इसे सुनकर देवराज इंद्र गौतम ऋषि का रुप रखकर उनकी कुटिया में पहुंच जाते हैं।लेकिन देवी अहिल्या उन्हें पहचान जाती है और भगा देती हैं, मगर कुटिया ने निकलते हुए गौतम ऋषि को इंद्र दिख जाते हैं।इससे क्रोधित होकर गौतम ऋषि अहिल्या को श्राप दे देते हैं जिसकी वजह से वो पत्थर बन जाती है. जनकपुर में जब भगवान उस कुटिया के पास पहुंचते हैं तब अहिल्या का उद्धार करते हैं।इस मौके पर शिवकुमार गुप्ता महाराज नैनामऊ धर्मेन्द्र गुप्ता पवन वर्मा राकेश कुमार रावत अरविंद वर्मा मुन्ना गुप्ता राजकुमार गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे ।

# देश के बदतर हालात आज नही 1977 में थे आज देश सही राह पर है विश्व में हमारा डंका बज रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जमात ए इस्लामी हिन्द आज देश के लिए बड़ी फिक्रमंद दिखाई दे रही यह वही संगठन है जो कई दशक पहले कांग्रेस के खिलाफ चला गया था। आज इस संगठन के जिम्मेदार जिन्ना की भाषा बोल रहे हैं। जब देश मुश्किल हालात से गुजरा तब इनका कोई अता पता नही था।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने जमात ए इस्लामी हिन्द के उपाध्यक्ष के हाल में दिए गए बयान पर चिंता जताते हुए कहा कि इन्हें देश के हालात की चिंता कबसे होने लगी और वह भी महज बयान बाजी करके। आज जब देश सही राह पर है विश्व मे हमारा डंका बज रहा बाहरी देशों से सम्बंध मजबूत हो रहे। आंतरिक सरकारे काम कर रही हैं तब जमात ए इस्लामी के पदाधिकारी चिंता में घुले जा रहे हैं। अगर वास्तव में यह संगठन देश की फिक्र में डूबा हुआ है तो 1977 में कांग्रेस के खिलाफ जाकर जनसंघ का साथ



देने के पीछे क्या वजहें थी। इन्हें अपने इतिहास की ओर भी झांक लेना चाहिए, कांग्रेस के विरोध में अकेले रहते समझ मे आ जाता पर खिलाफ जाकर जनसंघ जैसे संगठन से हाथ मिला लेना, यानी असल मे देश के बदतर हालात आज नही 1977 के आस पास थे। उस वक़्त का साथ और आज के विरोध में फर्क ही इनके दोहरे चरित्र का प्रमाण दे रहा है। इनकी जड़े तो पाकिस्तान में ही हैं आजादी के पहले भी रास्ता खुला था और आज भी, वहां कुछ कर नही सके यहां इनको देश की चिंता सता रही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के उपाध्यक्ष के बयान से जाहिर हो रहा है कि वह जिन्ना की भाषा बोल रहे जो भारत के विरोध में मानसिक संतुलन खो बैठे थे। न उनका विरोध किसी काम आया और न जमात ए इस्लामी हिन्द की चिंता ही किसी काम की है। हाल में सर्वोच्च सदन में सदस्यों ने विपक्ष में बैठकर जो तस्वीर दिखाई है वह शर्मनाक है। सदन में कुछ भी होने नही दिया जा सकता। जायज मुद्दों पर चर्चा के बजाय बेजा बातों पर हंगामा करना सदन की गरिमा के अनुरूप नही है। जो हुआ सही हुआ, विपक्ष अपनी भूमिका निभाई ठीक है पर इसके बजाए वह अपनी भूमिका ही भूल जाए तो स्थिति गम्भीर हो जाती है।

## संपर्कक्रांति, राजधानी, लोहित एक्सप्रेस हुई निरस्त, प्लेटफार्म पर ठिठुरते रहे ट्रेनों के इंतजार में रेलयात्री

मुरादाबाद। लगातार गिर रहे पारे से जहां जन जीवन बेहाल है, वहीं शीतलहर और कोहरे का असर ट्रेनों के पहियों की चाल को लगातार धीमा कर रहा है। फाग सेव डिवाइस और जीपीएस आधारित रेल सेवा दिखावा साबित हो रही है। मुरादाबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों का देर से आना और निरस्त होना गुरुवार को भी जारी रहा। रेलगाड़ियों के इंतजार में प्रतिदिन मुरादाबाद स्टेशन पर शीतलहर से यात्री ठिठुरने को मजबूर हैं। गुरुवार को उत्तरांचल संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, लोहित एक्सप्रेस व मुरादाबाद से सहारनपुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को आज कैंसिल कर दिया गया जिससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी हुई। वहीं आज अमृतसर एक्सप्रेस 35 मिनट, चंडीगढ़ मेल डेढ़ घटे, अवध असम एक्सप्रेस डाउन दिशा 2 घंटे 13 मिनट, जननायक एक्सप्रेस 46 मिनट, हावड़ा से बीकानेर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के दो घंटे से यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

# फंदे से लटकी मिली किशोरी की लाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। संदिग्ध परिस्थितियो मे गुरुवार की दोपहर अपने सिलाई सेंटर से लौटी एक 16 वर्षीय किशोरी का उसकी छत पर लगी ग्रिल के सहारे फंदे से लटकता हुआ शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूपा पुत्री उमेश निवासी तिदनोला 16 वर्ष घर मे सबसे बड़ी पुत्री थी गुरुवार दोपहर में घर से सिलाई कढ़ाई सेंटर बरेठी से 12 बजे घर वापस आई तो सीधे छत पर चढ़ गई कमरे के अंदर ग्रिल से साड़ी के टुकड़े को फंदा बनाकर गले मे बांधकर लटक गई घर वाले जब कमरे में अंदर गये तो देखा वह अचेतावस्था में थी परिजन घर वाले निजी चिकित्सक को बुलाये तब



तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।उक्त घटना से घर वालों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। मौके पर चौकी प्रभारी माती शिव सागर तिवारी व देवा कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुँचकर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# भाकियू ने ज्ञापन सौंपकर समस्या से निजात दिलाने की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। आवारा पशुओं से परेशान किसानो ने गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अगुवाई मे एक ज्ञापन एडीओ आई एस बी को सौंप कर पकड़वाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौपते हुए भाकियू ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा ने कहा इस समय किसान खेतों में रात दिन आवारा पशुओं के लिए भाग रहा है कड़कती सर्दी में खुले आसमान के नीचे आग के सहारे पूस की सर्द रात काट रहा है। साडो द्वारा कई किसानों को घायल भी कर चुके है। मुख्यमंत्री द्वारा आवारा पशुओं के लिए पकड़ने के लिए आदेश है तो फिर भी क्षेत्र में हजारों की संख्या में आवारा पशु कैसे घूम रहे हैं । उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 20



जनवरी तक छुट्टा पशुओं को गौशाला नही भेजा गया तो भारतीय किसान यूनियन बैनर तले अनिश्चितकालीन धरनें पर बैठेंगे।

# राष्ट्र की प्रगति ही भाजपा सरकार का लक्ष्य : अरुण शुक्ला

## ग्राम कांहीपुर में आयोजित संकल्प यात्रा में पहुँचे भाजपा नेता अरुण शुक्ला का हुआ जोरदार स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी । वर्तमान सरकार की सोच राष्ट की प्रगति को लेकर ही सकारात्मक है माननीय मोदी जी देश के विकास पर गम्भीर है । भारत को विकसित करने का जो संकल्प प्रधानमंत्री जी ने लिया था वो अब पूरा हो रहा है देश उन्नति कर रहा है हर नागरिक तक जनकल्याणकारी योजनाए पहुँच रही है उक्तबात भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आमजन को सबोधित करते हुए कही । उन्होंने भाजपा सरकार की विकास नीति से आमजन को रूबरू कराया। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम-सभा कांहीपुर पहुँची जिसमे आज ग्राम प्रधान राजू बाजपेई ने मुख्य अतिथि अरुण शुक्ला को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । इस कार्यक्रम में पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी ने भी सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुशील पटेल , अम्बर शरण जायसवाल , राजू बाजपेई , महेंद्र बाजपेई , संतोष वर्मा ,उत्तम वर्मा ,ललित , सचिव स्वेता मिश्रा आदि मौजूद रहे ।

# जोर लगा के धक्का मार, ऐसे कैसे पकड़ में आएंगे अपराधी, धक्का मारने के बाद चलती गश्ती गाड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी।उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस को हाईटेक बनाने की बात करती है। मगर ये तस्वीरे कुछ और बयां कर रही है कोतवाली सदर पुलिस सरकारी वाहन को धक्का देकर जवानों को किस तरह स्टार्ट करना पड़ता है जो सरकार के दावों की पोल खोल रहा है। ऐसे में अपराधियों को पुलिस कैसे पकड़ती होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है।

गौरतलब हो कि जिले के बड़े-बड़े बदमाशों को पानी पिलाने वाली सदर कोतवाली पुलिस सरकारी जीप को धक्का मारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है दरअसल, गश्त पर जा रहे पुलिसकर्मियों की जीप खराब हो गई फिर क्या था पुलिस वाले सरकारी गाड़ी में धक्का मारते हुए नजर आ रहे हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा




**चल यार, धक्का मार...सदर कोतवाली की धक्का मार पुलिस का वीडियो वायरल**

**पुलिसकर्मियों के धक्के से चल रही कोतवाली सदर की जीप वीडियो वायरल**

है। जानकारी मुताबिक सदर कोतवाली में दो सरकारी जीप हैं एक जीप प्रभारी निरीक्षक के पास है, जबकि दूसरी सरकारी जीप का कोतवाली की स्पेशल पुलिस टीम दबिश आदि में उपयोग करती है। यह जीप काफी कंडम हालत है। गुरुवार को जीप में पुलिसकर्मियों के धक्का लगा रहे थे, जिसका वहा पर किसी जागरूक शख्स ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया कोतवाली सदर के सामने कोतवाली सदर की गाड़ी धक्के के सहारे चलाई जा रही है। एक तरफ स्मार्ट कोतवाली सदर पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग की बात कर रही है वही पुलिसकर्मी धक्के के सहारे गाड़ी खींच रहे हैं। उच्च अधिकारियों की लापरवाही के चलते पुलिसकर्मी सरकारी जीप में धक्का लगा रहे हैं।

# बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों में कराए जाएं विकास कार्य: स्वप्निल वरुण

कानपुर। जिला पंचायत सदन की गुरूवार को बैठक सम्पन्न हुई। सदन में 53 करोड़ 12 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रवीन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सदन की बैठक में मूल बजट 2024-25 में जिला पंचायत को प्राप्त होने वाले अनुदानों से अनुमानित आय 28 करोड़ 50 लाख, अनुदानों से प्राप्त अनुमानित ब्याज 55 लाख, निजी क्षेत्रों से अनुमानित आय 13 करोड़ 69 लाख व 31 मार्च, 2024 को निधि का अनुमानित अवशेष-10 करोड 38 लाख इस प्रकार कुल 53 करोड़ 12 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में उपस्थित ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र की समस्याओं को सुना गया, उन समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया तथा उन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने निर्देश दिया कि सदस्यों से उनके में खराब स्ट्रीट लाइटों की सूची लेकर

**कानपुर जिला पंचायत की बैठक में 53 करोड़ 12 लाख रुपये का हुआ अनुमोदन**

शीघ्र उनकी मरम्मत करवाई जाये। जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र में जो भी निर्माण कार्य कराये जायेगे, उसमें कार्यदायी संस्था को भुगतान से पूर्व सदस्य का संस्तुति पत्र अनिवार्य रूप से लिया जाएगा, संस्तुति पत्र प्राप्त न होने की दशा में कार्यदायी संस्था का भुगतान नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर होने वाली बैठकों की सूचना जिला पंचायत सदस्यों को ससमय देकर उनको बैठक में आमंत्रित किया जाए, जिससे सदस्य भी उन बैठकों में अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखकर उनका समाधान करा सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में नई बस्तियों में विद्युत पोल न होने की वजह से विद्युत के तार अव्यवस्थित ढंग से पड़े हैं, जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। उक्त समस्याओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि विद्युत पोल को स्थापित कराते हुए विद्युत लाइन को व्यवस्थित किया जाये।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्याएं बतायी गई है उनका प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण किया जाएगा। बिना किसी भेदभाव के सभी सदस्यों के क्षेत्रों में विकास के कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के क्षेत्र की कोई समस्या है तो वह हमसे मिलकर अवगत कराये, अपनी समस्या बतायें, हम उसकी समस्या का समाधान करायेंगे। विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि हम सबका मुख्य उद्देश्य होना चाहिए कि हम जिस क्षेत्र में चुने गये हैं उसको विकास की मुख्यधारा से कैसे जोड़ा जाये, जिससे लोगों को उसका लाभ मिल सके और क्षेत्र की जनता का विश्वास हम पर बना रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कराकर अपने कार्यकाल को एक उदाहरण के रूप में पेश करना होगा।

## वाहन चेकिंग में कार आठ लाख 80 हजार नकदी बरामद युवक से पूछताछ जारी

बांदा। जिले के अतर्रा कस्बे में बुधवार की रात पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बोलेरो रोक कर जब इसकी तलाशी ली गई। तब तलाशी के दौरान इसमें सवार 6 युवकों में से एक के पास बैग में 8 लाख 80 हजार रुपए नकद निकाला। इतनी बड़ी रकम इनके पास कहां से आई, यह पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर पुलिस ने रुपए कब्जे में लेकर इनकम टैक्स को सूचना भेज दी है। बुधवार की रात अतर्रा कोतवाली इंस्पेक्टर पंकज सिंह पुलिस बल के साथ बांदा रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बिसंडा की ओर से आई बोलेरो गाड़ी को उन्होंने रोका। गाड़ी में बैठे बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी गांव निवासी शाश्वत द्विवेदी व आदर्श द्विवेदी पुत्रगण रामनयन द्विवेदी, तेंदुरा गांव निवासी शिवम तोमर पुत्र रामलखन, प्रद्युम्न सिंह पुत्र जगदीश सिंह, बिसंडा कस्बा निवासी सत्येंद्र त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी व बिसंडा के ही सत्यम साहू पुत्र राधेश्याम साहू की तलाशी ली।

# कोहली-रोहित की मौजूदगी से भारत को टी20 विश्व कप में मजबूती मिलेगी : सुरेश रैना

एजेंसी



बेंगलुरु। पूर्व भारतीय आलराउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया। रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना ने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। उन्होंने कहा, 'वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।' रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके अनुभव से मजबूती मिलेगी विशेषकर अमेरिका और वेस्टंडीज की चुनौतीपूर्ण पिचों पर। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे। उनका यह भी मानना है कि विश्व कप जैसे दबाव भरे टूर्नामेंट में जब टीम लक्ष्य का पीछा करेगी तो भी उनकी मौजूदगी अहम साबित होगी। भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है।' उन्होंने कहा, 'उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिये समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा। रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया। इस 37 साल के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'संजू ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। उसमें निश्चित रूप से कप्तानी के गुण है क्योंकि जब भी वह मैदान में होता है तो वह हमेशा सोचता रहता है। हमारे पास विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका में केएल राहुल, जितेश शर्मा, इशान किशन और फिट होने के बाद पंत के रूप में काफी अच्छे विकल्प मौजूद हैं।

# पिस्टल निशानेबाज रिदम सांगवान ने भारत के लिए रिकॉर्ड 16वां ओलंपिक कोटा हासिल किया

एजेंसी

जकार्ता। रिदम सांगवान ने गुरुवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ शूटिंग में भारत का रिकॉर्ड तोड़ 16वां ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। यह भारत के लिए कोटा स्थानों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। टोक्यो में पिछले ओलंपिक में भारत ने 15 जीते थे और रियो में 2016 ओलंपिक के दौरान 12 कोटा हासिल किए थे। 20 वर्षीय रिदम ने 28 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन के यांग जिन ने 41 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया के किम येजी 32 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनमें से प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष दो निशानेबाज, बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने आयोजन के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, वे अपने संबंधित देश के लिए कोटा सुरक्षित करेंगे। चूंकि दक्षिण कोरिया ने पिछले क्वालीफाइंग मुकाबलों में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पहले ही दो कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए कोटा स्थान भारत और चीनी ताइपे (चिया यिंग वू) के पास चला गया। भारत ने जकार्ता इवेंट में वरुण तोमर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान के माध्यम से तीन पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।



# टॉम कुरेन का विवादास्पद बीबीएल सीज़न घुटने की चोट के कारण समाप्त

एजेंसी



सिडनी। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम कुरेन घुटने की चोट के कारण बिग बैस लीग (बीबीएल) से बाहर हो गए हैं। कुरेन बीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हैं। इसके अलावा डेजर्ट वाइपर के साथ उनके आईएलटी20 करार पर भी संदेह है। वाइपर की टीम 21 जनवरी को अपना अभियान शुरू करेगी। कुरेन को मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ सिक्सर्स के पिछले मैच में चोट लग गई थी और अब वह नियमित सत्र के अंतिम दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। सिक्सर्स के एक बयान में कहा गया है, ''चोट की पूरी गंभीरता फिलहाल ज्ञात नहीं है क्योंकि कुरेन आने वाले दिनों में यूके लौटने वाले हैं और घर पर आगे का मूल्यांकन कराएंगे। कुरेन के लिए यह एक बाधित बीबीएल टूर्नामेंट रहा है, जिन पर चौथे अंपायर मुहम्मद कुरेशी को डराने के लिए चार मैचों का प्रतिबंध लगाया गया था, जब उन्होंने मना करने के बावजूद लाउंसेस्टन में पिच पर प्री-मैच रन-अप का अभ्यास जारी रखा था। उन्होंने मंजूरी की अपील की लेकिन इसे बरकरार रखा गया। कुरेन का सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ उस मैच में आया जब उन्होंने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी अनुपस्थिति हेडन केर के लिए टीम में वापसी का द्वार खोल सकती है, हालांकि सिक्सर्स के पास शुक्रवार को सिडनी थंडर के खिलाफ स्टीवन स्मिथ उपलब्ध होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के सफ़ेद गेंद दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, हेटमायर बाहर

एजेंसी



एंटीगुआ। पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ टीम से बाहर किए जाने के बाद शिमरोन हेटमायर को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे और टी20 दोनों टीमों से बाहर कर दिया गया है। फ्रेंचाइज़ी अनुबंध लेने के लिए टेस्ट दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताने के बाद जेसन होल्डर और काइल मेयर्स को टी20 टीम में शामिल किया गया है। होल्डर या मेयर्स में से कोई भी टी20ई से पहले होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम का हिस्सा नहीं है, जबकि बल्लेबाज ब्रैंडन किंग और शेरफ़ेन रदरफोर्ड को टी20ई में लौटने से पहले फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की अनुमति दी गई है। शाई होप की कप्तानी वाले वनडे ग्रुप में दो संभावित नवोदित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें ग्रेनेडियन शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टेडी बिशप और गुयाना के विकेटकीपर-बल्लेबाज टेविन इमलाच हैं, जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और केवम हॉज और लेगस्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर को वापस बुलाया गया है। वनडे में 104.55 के स्ट्राइक-रेट के साथ 32.23 के औसत वाले हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 में 1 और 2 के स्कोर के साथ फॉर्म के लिए संघर्ष किया, जिसके बाद तीन वनडे में 32, 0 और 12 का स्कोर रहा। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, ''इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारी वनडे टीम ऑस्ट्रेलिया में काफी प्रतिस्पर्धी होगी। हमारे पास कुछ नए समावेशन हैं, जिन्होंने एक महत्वपूर्ण अवधि में प्रभावित किया है और कुछ वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके बारे में हमें लगता है कि उनका प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, ''टी20 श्रृंखला, आगामी टी20 विश्व कप के लिए हमारी महत्वपूर्ण तैयारियों का हिस्सा है जहां हम मेजबान हैं। हम भारत और इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत समग्र प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं और जैसे-जैसे हम प्रमुख टूर्नामेंट के करीब पहुंच रहे हैं, सुधार करते रहेंगे। तीन वनडे मैच 2, 4 और 6 फरवरी को मेलबर्न, सिडनी और कैनबरा में होंगे, इसके बाद 9, 11 और 13 फरवरी को होबार्ट, एडिलेड और पर्थ में टी20 मैच होंगे। स्टीवन स्मिथ वनडे में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे, जबकि घरेलू टीम ने अभी तक अपनी टी20 टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि इसमें डेविड वार्नर को शामिल किया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज की वनडे टीम- शाई होप (कप्तान), अल्ज़ारी जोसेफ, एलिक अथानाज़े, टेडी बिशप, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे , जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाच, गुडाकेश मोती, केजोर्न ओटले, रोमारियो शेफर्ड, ओशेन थॉमस, हेडन वॉल्श जूनियर।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज की टी20 टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, ओशाने थॉमस।

# स्नूकर मास्टर्सः क्वार्टर फाइनल में मार्क सेल्बी का सामना मार्क एलन से

लंदन। तीन बार के चैंपियन मार्क सेल्बी ने बुधवार को रॉबर्ट मिल्किन्स को आसानी से 6-1 से हराकर स्नूकर मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना मार्क एलन से होगा। सेल्बी, जिन्होंने आखिरी बार 2013 में प्रतियोगिता जीती थी, ने पहले दौर के मैच में एक सेंचुरी सहित 50 से अधिक पांच ब्रेक बनाए। मध्यांतर से पहले वह 4-0 से आगे थे और अंत में 6-1 से जीत पक्की कर ली। 40 वर्षीय सेल्बी एलन के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे, जिन्होंने बुधवार को अनुभवी जॉन हिगिंस को 6-5 से हराया था। एलन ने लगातार चार फ्रेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली, लेकिन हिगिंस के दो फ्रेम पीछे चले जाने के कारण उन्हें निर्णायक फ्रेम तक जाना पड़ा। आखिरी फ्रेम में 86 के ब्रेक ने एलन को 2018 में खिताब जीतने के बाद पहली बार मास्टर्स में शुरुआती दौर का मैच जीतने में सक्षम बनाया।

# नेपाल क्रिकेट संघ ने संदीप लामिचाने को किया सस्पेंड, बलात्कार मामले में हुई आठ साल की जेल

एजेंसी



काठमांडो। एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है। लामिचाने के वकील सरोज घिमिरे ने हालांकि 'द काठमांडो पोस्ट' से कहा कि वह उच्च अदालत में इसके खिलाफ अपील करेंगे । काठमांडो पुलिस ने पिछले साल सितंबर में लामिचाने की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था। इसके बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने उन्हें टीम के कप्तान के तौर पर निलंबित कर दिया था। वह हालांकि कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में जमैका तलावाह के लिए खेल रहे थे। लामिचाने ने अपनी गिरफ्तारी से पहले खुद को निर्दोष बताया था और सोशल मीडिया साइट फ़ेसबुक पर लिखा था कि वह 'जांच में पूरा सहयोग करेंगे और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे'। उन्होंने इसे साजिश भी करार दिया था। पिछले साल फरवरी में क्रिकेट विश्व कप लीग दो त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान नेपाल टीम में खेलने के लिए उनके नाम पर विचार किया गया था। लेकिन पिछले साल के अंत में दुबई में विश्व कप लीग दो त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। वह चोटिल खिलाड़ी की जगह फिर से टीम में शामिल हुए। लामिचाने ने पिछले साल जून-जुलाई में नेपाल के लिए जिम्बाब्वे में वनडे विश्व कप क्वालीफायर खेला और फिर अगस्त-सितंबर में एशिया कप में भी खेले। उन्होंने नेपाल के लिए सफ़ेद गेंद के 100 से ज्यादा मैच में 100 से अधिक विकेट चटकाये हैं। लामिचाने 2018-2020 के बीच इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिये खेले थे और उन्होंने नौ मैच में 13 विकेट झटके।

# ज़ाग्रेब ओपन : भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने 57 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण



ज़ाग्रेब। मौजूदा एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने ज़ाग्रेब ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा में चीन के ज़ो वानहाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले सहरावत ने बुधवार रात रैंकिंग सीरीज़ के 2024 संस्करण में पहला पदक जीतने के लिए वानहाओ को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया। अपने स्वर्ण पदक की राह में, सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में यूएसए के ज़ेन रिचर्ड्स को समान अंतर से हराने के बाद सेमीफाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली को 11-0 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में तुर्की के मुहम्मत करावुस पर 15-4 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। ओलंपियन दीपक पुनिया (86 किग्रा) और यश (74 किग्रा), पदक जीतने में असफल रहे। पुनिया को क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अजामत डौलेटबेकोव से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालाँकि, डौलेटबेकोव फाइनल में पहुंच गए और रेपेचेज के माध्यम से भारत को कांस्य पदक का मौका दिया। पुनिया ने दो रेपेचेज राउंड में से एक में यूक्रेन के वैलेन्टिन बाबी को 4-1 से हराया लेकिन जॉर्जिया के एवसेम श्वेलिद्ज़े से 3-4 की हार ने उनकी पदक की उम्मीद खत्म कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### राशिद की गैर मौजूदगी में दूसरों के पास लोकप्रिय होने का मौका : ट्रॉट

**मोहाली।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में राशिद खान की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के बाकी खिलाड़ियों के पास शानदार प्रदर्शन करके राशिद की तरह लोकप्रिय होने का मौका है। नवंबर में वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराने वाले राशिद का नाम तो टीम में है लेकिन वह रिहैबिलिटेशन के कारण तीनों मैच नहीं खेल सकेंगे। ट्रॉट ने 'जियो सिनेमा' से बातचीत में कहा कि मेरा मानना है कि राशिद की गैर मौजूदगी में दूसरे खिलाड़ी उसकी तरह खेलकर शोहरत हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें राशिद की कमी खलेगी क्योंकि वह टीम के लिये पूरा पैकेज है। लेकिन यह भी देखना रोचक होगा कि उनके नहीं रहने पर कौन आगे बढकर दबाव झेलता है क्योंकि विश्व कप में अब कुछ ही महीने रह गए हैं। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों का सामना करने की चुनौती के बारे में इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट विशेषज्ञ ट्रॉट ने कहा कि उनके खिलाड़ी आईपीएल में इन सितारों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत की हर टीम मजबूत होती है। रोहित और विराट विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं लेकिन हमारे पास कई खिलाड़ी हैं जो आईपीएल में इनका सामना कर चुके हैं। बाकी खिलाड़ियों ने उन्हें टीवी पर देखा है तो उनके खिलाफ रणनीति बनाई होगी। अब उस रणनीति पर अमल करना है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 02.02.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 00302024 दिनांक 10.01.2024 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 46-Sr-DEN-VI-LKO-2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अन्तर्गत TBTR with H-Beam sleepers - 304 Nos. (Br. No. 85, 152, 224 & 252 in PFM-UCR-ON section and Br. No. 132 in PBH-PFM section) का कार्य (प्राक्लन सं. 35/2021 & 114/2023) |
| 4 | **अनुमानित लागत :** रु. 97,34,558.25 |
| 5 | **धरोहर राशि :** रु. 1,94,700.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 19.01.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 02.02.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

**नोटः-** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **117/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | AYC-WVM-CTG-1 |
| Description of work | Installation and operation of 06 Water Vending Machines at Ayodhya Cantt. station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2024 at 12:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 101/2024


# कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.47 फीसदी की उछाल के साथ 77.13 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.30 डॉलर यानी 0.42 फीसदी की बढ़त के साथ 71.67 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश बीते वर्ष छह गुना होकर 2,920 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोने में निवेश से जुड़े वित्तीय उत्पाद गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड (ईटीएफ) में निवेश बीते वर्ष इससे पिछले साल की तुलना में छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपये रहा। निवेशक उच्च महंगाई दर, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस परंपरागत निवेश उत्पाद को तरजीह दे रहे हैं।

म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ के अंतर्गत संपत्ति आधार और निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। गोल्ड ईटीएफ, एक्सचेंज में कारोबार वाला कोष (ईटीएफ) है। यह घरेलू भौतिक सोने के भाव पर नजर रखता है। यह कोष आधारित निवेश उत्पाद है, जो सोने की कीमतों पर




आधारित होता है और इसके तहत सोने में निवेश किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में 2023 में 2,290 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। यह 2022 के 459 करोड़ रुपये के प्रवाह से कहीं अधिक है। बीते वर्ष सिर्फ अगस्त में इस कोष में 1,028 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो 16 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। सुरक्षित निवेश को लेकर सोने के प्रति आकर्षण बना हुआ है। महंगाई से उत्पन्न जोखिम से बचाव को लेकर लोग इसमें निवेश कर रहे हैं। मुख्य रूप से महंगाई बढ़ने, इसे काबू में लाने के लिये ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के साथ निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश को तरजीह दे रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''ऊंची मुद्रास्फीति और उसके बाद ब्याज दर में बढ़ोतरी से सोने के प्रति आकषर्ण बढ़ा है। इसके अलावा इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण बढ़े वैश्विक तनाव ने इसे निवेशकों के लिए एक आकर्षक और सुरक्षित निवेश विकल्प बना दिया है। जेरोधा फंड हाउस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल जैन ने कहा कि भारतीयों का भौतिक सोने के साथ सदियों पुराना जुड़ाव रहा है। जबकि गोल्ड ईटीएफ जैसे निवेश उत्पाद अपनाने के मामले में वे धीमे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''समय के साथ डिजिटलीकरण का उपयोग बढ़ने और व्यापक रूप से उत्पादों की उपलब्धता के साथ निवेशक गोल्ड ईटीएफ के विकल्प का चयन सहजता के साथ कर रहे हैं। हमने जो अस्थिरता देखी है, उसे देखते हुए सोने में निवेश एक अच्छा कदम है।''

# चुनाव आयोग की वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट का गुरुवार को नया संस्करण लॉन्च किया।

आयोग की यह वेबसाइट नियमित रूप से प्रकाशित प्रेस विज्ञप्तियों, संचार, निर्देशों और रिपोर्टों के माध्यम से आयोग की विभिन्न पहलों और गतिविधियों का प्रतिबिंब होगी। आयोग पारदर्शिता का भी सूचक है और समय-समय पर संबंधित हितधारकों के साथ सभी प्रासंगिक जानकारी साझा करता है, चाहे वह मतदाता हों या राजनीतिक दल या चुनाव प्रबंधन अधिकारी हों। आयोग की वेबसाइट सूचनाओं का भंडार है, जो भारत में चुनावों की योजना और संचालन से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी रखती है। इसमें 1951 से अब तक हुये चुनावों




(संसदीय और राज्य विधानसभाओं) का विवरण है। वेबसाइट पर इन चुनावों के परिणामों के बारे में भी जानकारी साझा की गयी है। बेहतर अनुभव और सूचना तक आसान पहुंच के लिये आयोग की वेबसाइट को पुनः डिजाइन किया गया है। इसे हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करके डिज़ाइन किया गया है। वेबसाइट के नये संस्करण में निर्वाचकों / मतदाताओं, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिये एक विशेष अनुभाग है, जहां एक ही स्थान पर, वे सभी सूचनाओं, सेवाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि आईटी प्लेटफॉर्म और ऐप उनकी सुविधा के लिये डिज़ाइन किये गये हैं। मतदाताओं को एक ही स्थान पर आयोग की सेवाओं तक सीधी पहुंच मिलती है, जैसे कि नामांकन, ईपीआईसी कार्ड, ईईपीआईसी डाउनलोड करना, मतदाता सूची में अपना विवरण अपडेट करना और साथ ही अपने मतदान केंद्रों के साथ-साथ संभावित उम्मीदवारों को जानना, आदि दूसरी ओर, इस वेबसाइट से राजनीतिक दल पंजीकरण, चुनाव चिह्न, संविधान, पार्टी प्रशासन से लेकर अपनी व्यय रिपोर्ट, योगदान रिपोर्ट से लेकर खातों के वार्षिक ऑडिट तक सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट को ओपन सोर्स, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी स्टैक के साथ उच्च भार के पैमाने पर डिजाइन किया गया है।

# इतिहास ने जब भी करवट ली, कांग्रेस ने हमेशा बहिष्कार किया : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कहा कि देश के इतिहास ने जब भी करवट ली, कांग्रेस ने उसका साथ देने की बजाय बहिष्कार किया और इसीलिए जनता चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस का बहिष्कार कर रही है।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं के नहीं जाने के फैसले को लेकर कांग्रेस पार्टी और उनकी मानसिकता पर कड़ा प्रहार किया।

श्री त्रिवेदी ने कहा, भारत का इतिहास जब भी करवट लेता है तब उस अवसर में शामिल होने या फिर उसका साथ देने के की जगह कांग्रेस पार्टी उसका बहिष्कार करती है। नए संसद भवन के निर्माण ,जी 20 की भारत की अध्यक्षता, जीएसटी कर संरचना, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद या फिर वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण हो, कारगिल विजय दिवस का मनाने की बात हो, 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण हो, या फिर उन्हीं के पार्टी के नेता रहे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न प्रदान किये जाने की बात हो, कांग्रेस पार्टी सभी का बहिष्कार करती आई है। और आज राममंदिर उद्घाटन की बात क्यों ना हो इस मौके पर भी कांग्रेस पार्टी इसका बहिष्कार कर रही है।



उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी के इसी बहिष्कार-बहिष्कार के चलते जनता अब कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार कर रही है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी प्रवृति के अनुरुप चल रही है और उसी के हिसाब से कार्य कर रही है, जो कि कांग्रेस पार्टी के सिकुड़ती मानसिकता को दर्शा रहा है।

श्री त्रिवेदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु का भी जिक्र करते हुए कहा, उनके समय में जब सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन मई 1951 में हुआ तब नेहरु जी ने तर्करहित बात कहकर उसके निमंत्रण को खारिज किया था। जिसमें पंडित नेहरु ने लिखा था कि.... इस कठिन समय में समारोह के लिए मेरा दिल्ली से आना संभव नहीं है.. मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं इस पुनुरुत्थानवाद से बहुत परेशान हूं.. मेरे लिए बहुत कष्टकारक है कि मेरे राष्ट्रपति और मेरे कुछ मंत्री और राजप्रमुख के नाते आप सोमनाथ के इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं.. मुझे लगता है कि मेरे देश के प्रकृति के अनुरुप यह नहीं है और इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जमाने में गोरक्षक संतों पर गोलियां चलीं। राममंदिर की खुदाई में जब साक्ष्य निकले तो वामपंथी इतिहासकारों के दबाव में उसे रुकवा दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जमाने में कारसेवकों की हत्या करने वालों का समर्थन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जमाने आते-आते राम काल्पनिक होने का हलफनामा हो गया। श्री त्रिवेदी ने इस मौके पर कहा कि राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्य में शामिल होने का कांग्रेस पार्टी के पास सुनहरा अवसर था जिससे वह अपने कर्मों और प्रवृति का प्रायश्चित कर सकती थी, पर कांग्रेस पार्टी ने इस मौके को गंवा दिया। पार्टी प्रवक्ता ने कांग्रेस पार्टी पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा ,ल्लवर्तमान की कांग्रेस पार्टी नेहरु की कांग्रेस है ना कि महात्मा गांधी की कांग्रेस।

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम जमानत छह माह बढ़ाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले के आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को खराब स्वास्थ्य के कारण दी गई अंतरिम जमानत की अवधि गुरुवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अनापत्ति के बाद जमानत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलों को रिकॉर्ड में लिया कि अगर अदालत मलिक को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का फैसला करती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। श्री राजू ने अदालत से कहा कि मलिक के अनुरोध पर विचार किया जा सकता है। उन्हें चिकित्सा आधार पर जमानत विस्तार दिया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने मलिक को दी गई मेडिकल



आधार पर जमानत की अवधि बढ़ाने का फैसला किया और मामले को छह महीने के बाद के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश किया। शीर्ष अदालत ने पिछले साल अक्टूबर में मलिक की अंतरिम जमानत तीन महीने के लिए बढ़ा दी थी। इससे पहले अदालत ने कहा था कि मलिक किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं। उन्हें 11 अगस्त 2023 को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिलने के बाद से उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। ईडी ने कथित तौर पर भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े एक मामले में मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था।

# शुक्ल ने हिन्दी में एमबीबीएस की समीक्षा की

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है।

श्री शुक्ल ने आज मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षों की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी।

श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। दवाओं एवं अन्य कंज्यूमेबल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित योजना बनाये। इन कार्यों के लिए बजट उपलब्धता प्राथमिकता से कराई जाए। उन्होंने हमीदिया में कैथ लैब संचालन की समस्या पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि शीघ्र संचालन की व्यवस्था करें। बैठक में अवगत कराया गया कि नई बिल्डिंग में कैथ लैब संचालन के लिए स्थान दिया गया है। जब तक नया ओपीडी ब्लॉक नहीं बनता तब तक कैथ लैब यहीं संचालित की जायेगी। जल्द ही लैब की शिफ्टिंग भी की जायेगी।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मो. सुलेमान, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर श्वसन चिकित्सा विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. लोकेंद्र दवे, अधीक्षक हमीदिया एवं विषय नोडल हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. आशीष गोहिया सहित एसोसिएट प्रोफ़ेसर ईएनटी विभाग और विषय नोडल हिंदी प्रकोष्ठ डॉ. यशवीर जेके, उप कुलसचिव एवं राज्य समन्वयक हिन्दी प्रकोष्ठ श्रीमती अमृता बाजपेयी तथा सलाहकार हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा श्रीमती रागिता अग्निहोत्री उपस्थित थे।

# नीम कोटेड यूरिया की कीमत नहीं बढ़ी : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को किसानों को भ्रमित नहीं करने की सीख देते हुए कहा है कि नीम कोटेड यूरिया के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं।

श्री मांडविया ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया वेबसाइट पर श्री यादव के नाम जारी संदेश में कहा है, ''प्रिय अखिलेश जी,पहले तो मैं आपको यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूँ की नीम कोटेड यूरिया की 45 किलो के प्रति बैग 266.5 रुपए में मिलती थी, मिलती है, और मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि आशा है कि आप किसानों को गुमराह नहीं करेंगे और किसान हित में मिलकर काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जय




अनुसंधान के नारे साथ सरकार ने किसानों के हित में नया सल्फर कॉटेड 'गोल्ड यूरिया' बनाया है, जिसकी नई मात्रा एवं दाम तय किए गए हैं। श्री मांडविया ने कहा, '' कोविड के समय भी आपने देश में बनी वैक्सीन पर सवाल उठाये थे, जिसको देश और हमारे वैज्ञानिक भूल नहीं पाये हैं। आज फिर से आपने उन्हीं वैज्ञानिकों का मजाक उड़ाया है। कुछ समय पहले श्री यादव ने केंद्र सरकार पर नीम कोटेड यूरिया के दाम बढ़ने का आरोप लगाए थे और कहा था कि सरकार किसानों को लूट रही है।

# बाबरी ढांचे का ध्वंस एक गांधीवादी समाधान था : बलवीर पुंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। अयोध्या पर आयी एक नयी पुस्तक में दावा किया गया है कि करीब 31 वर्ष पहले छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने बाबरी ढांचे का हश्र दरअसल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा 1925 में सुझाये गये एक समाधान से प्रेरित था और राम मंदिर निर्माण का विरोध करने वाले लोग विदेशी औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेष मात्र हैं जिन्होंने साक्ष्यों एवं तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर एक विकृत नैरेटिव बनाया और मुसलमानों को उस ढांचे के लिए लड़ने के लिए उकसाया।

उक्त निष्कर्ष वरिष्ठ स्तंभकार, लेखक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बलबीर पुंज की नयी पुस्तक 'ट्राइस्ट विद अयोध्याः डीकोलोनाइजेशन ऑफ इंडिया' में निकाला गया है। पुस्तक का विमोचन 13 जनवरी को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों किया जाएगा।

श्री पुंज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पुस्तक के संदर्भ एवं विषयवस्तु की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में साक्ष्यों, ऐतिहासिक घटनाओं और संदर्भों के साथ यह स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि भारत और श्रीराम कैसे कई अलग-अलग रूपों में जुड़े हैं। इसमें श्रीराम जन्मभूमि पर आक्रमण करने वालों का इतिहास और इसके पुनर्वास हेतु सतत संघर्ष का विवरण है। साथ ही इसमें यह भी बताया गया है कि सत्ता में बैठे लोगों का, जिनका चिंतन औपनिवेशी है तथा भारत के उदय का संबंध उसके सांस्कृतिक पुनरुत्थान एवं भारतीय मस्तिष्कों के वि-औपनिवेशीकरण के साथ है।

श्री पुंज के अनुसार श्रीराम मंदिर पुनर्निर्माण के विरोध को औपनिवेशिक मानसिकता द्वारा शक्ति प्रदान की गई थी, जो स्पष्ट रूप से इस्लामी और ब्रिटिश आक्रांताओं के भारत छोड़ने के बाद देश में सक्रिय है। उनकी लड़ाई और अनेक दलों द्वारा निरंतर अभियानों का एकमात्र उद्देश्य यह था कि वह उस बाबरी ढांचे को बचाए, जो बहुत पहले मस्जिद नहीं रह गई थी और आयोध्या स्थित जन्मस्थली पर किसी भी तरह श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण को रोका जाए। लेकिन उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संवैधानिक खंडपीठ ने 09 नवंबर 2019 को सर्वसम्मत फैसला देकर उसी गुलाम औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त 'इतिहासकारों', उनके सहयोगियों और तथाकथित 'सेक्युलर' राजनीतिज्ञों को आइना दिखा दिया। इस विचार समूह ने जानबूझकर श्रीराम जन्मभूमि के साक्ष्यों को निरस्त किया, तथ्यों को अपने एजेंडे के लिए तोड़ा-मरोड़ा और छिपाया, साथ ही एक विकृत नैरेटिव बनाकर मुसलमानों को उस ढांचे के लिए लड़ने हेतु उकसाया, जो बदलती परिस्थिति में कभी प्रासंगिक ही नहीं रहा।

लेखक का कहना है कि इन सभी 'अपराधियों' को समस्त भारतीयों, विशेषकर करोड़ों रामभक्तों से क्षमा मांगनी चाहिए, जिनके विषवमन ने अनगिनत निर्दोषों की जान ली और उनकी संपत्ति को क्षति पहुंची। इसी वैचारिक कुनबे ने सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया, साथ ही वैश्विक मंच पर भारत की बहुलतावादी, सहिष्णु और शांतिपूर्ण छवि को कलंकित किया। उन्होंने लिखा कि 22 जनवरी



2024 को पुनर्निर्मित श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होगा। यह भारत और शेष विश्व में एक अरब से अधिक हिंदुओं के लिए सपना पूरा होने जैसा है। बहुत लोगों ने यह भी नहीं सोचा था कि जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर का पुनर्निर्माण, उनके जीवनकाल में पूर्ण होगा। यह विशाल मंदिर, राजस्थान से लाए गए गुलाबी पत्थरों से बना है, जो प्राचीन भारतीय निर्माण तकनीकों और आधुनिक प्रौद्योगिकी का मिश्रण है। अनगिनत विश्वासियों के लिए यह भव्य मंदिर, श्रीराम के दिव्य निवास को पुनर्जीवन देने जैसा होगा। उन्होंने लिख कि जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर का पुनर्निर्माण, स्वतंत्र भारत में औपनिवेशिक दृष्टिकोण से मुक्ति का सबसे मुखर प्रतीक है। इससे संबंधित कई पक्षों पर पिछले कुछ दशकों से चर्चा हो रही है, विशेषकर 1984 के बाद से। कई प्रश्न, जिनमें से कुछ बचकाने, तो कुछ मामले को और अधिक उलझाने के लिए उठाए गए। क्या श्रीराम वास्तव में थे? उनका जन्म अयोध्या में हुआ था, इसका प्रमाण क्या है? उनके जन्मस्थान का साक्ष्य क्या है? क्या रामायण काल्पनिक है? पूछा जाता है कि प्रभु श्रीराम सर्वव्यापी हैं, तो उनकी जन्मस्थली पर एक मंदिर क्यों बनाना चाहिए? क्यों न इसके स्थान पर एक अस्पताल या सार्वजनिक शौचालय बना दिया जाए, क्योंकि उनकी आवश्यकता एक श्रीराम मंदिर से कहीं अधिक है? श्री पुंज कहते हैं कि ये सभी प्रश्न न तो मासूम हैं और न ही जिज्ञासा की भावना से पूछे गए थे, बल्कि इनमें घृणा और शरारत की दुर्गंध आती है। श्रीराम की प्राचीनता इतिहास द्वारा सिद्ध हैं। रामायण, महाभारत और पुराणों के साथ, इतिहास का एक हिस्सा है। अयोध्या स्थित जन्मभूमि श्रीराम का जन्मस्थान है और वे भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं, यह कई सहस्राब्दियों से चली आ रही परंपराओं और कई ऐतिहासिक वृत्तांतों द्वारा समर्थित आस्था से जुड़ा हैं। दुनिया में सभी मजहब निश्चित रूप से विश्वास पर आधारित हैं। उनके अधिकांश तीर्थस्थल दृष्टांतों और दंतकथाओं से वैधता प्राप्त करते हैं, जिनपर उनके करोड़ों अनुयायी विश्वास करते हैं। उन्होंने पुस्तक में दावा किया है कि 06 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचे का ध्वंस एक गांधीवादी समाधान था। उन्होंने कहा कि एक समय गांधीजी से पूछा गया था कि जब किसी अन्य के ज़मीन पर जबरन मस्जिद बना दी जाए, तो उसका समाधान कैसे किया जाए? गांधीजी ने इसका उत्तर 'यंग इंडिया' में 5 फरवरी 1925 को दिया था, जिसके उद्धरण इस प्रकार है, ल्ल...दूसरे की जमीन पर बिना इजाजत के मस्जिद खड़ी करने का सवाल हलके लिहाज से निहायत ही आसान सवाल है। अगर 'अ' का कब्जा अपनी जमीन पर है और कोई शख्स उस पर कोई इमारत बनाता है, चाहे वह मसजिद ही हो, तो 'अ' को यह अख्तियार है कि वह उसे गिरा दे। मस्जिद की शक्ल में खड़ी की गई हर एक इमारत मस्जिद नहीं हो सकती। वह मस्जिद तभी कहीं जाएगी जब उसके मस्जिद होने का धर्म-संस्कार कर लिया जाए। बिना पूछे किसी की जमीन पर इमारत खड़ी करना सरासर डाकेजनी है। डाकेजनी पवित्र नहीं हो सकती। अगर उस इमारत को, जिसका नाम झूठ-मूठ मस्जिद रख दिया गया हो, उखाड़ डालने की इच्छा या ताकत 'अ' में न हो, तो उसे यह हक बराबर है कि वह अदालत में जाए और उसे अदालत द्वारा गिरवा दे, जब तक मेरी मिल्कियत है, तब तक मुझे उसकी हिफाजत जरूर करनी होगी, वह चाहे अदालत के द्वारा हो या अपने भुजबल द्वारा। लेखक ने पुस्तक में दावा किया है कि अयोध्या में विवाद को सुलझाया जा सकता था और राम मंदिर स्वतंत्रता के बाद बिना किसी समस्या के जन्मभूमि स्थल पर बन जाता, परंतु यह पं.नेहरू की औपनिवेशिक मानसिकता और उनके रूपी अन्य मानसपुत्रों के कारण संभव नहीं पो पाया, जो भारतीय व्यवस्था में भीतर तक घुसे हुए थे।

## सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक की अग्रिम जमानत पर शुक्रवार को करेगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक के खिलाफ 2018 में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर 12 जनवरी को विचार करेगा। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने केंद्रीय राज्य मंत्री की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब-तलब किया। श्री प्रमाणिक ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ के चार जनवरी के आदेश को चुनौती दी, जिसमें उन्हें मामले में अंतरिम सुरक्षा देने से इनकार कर दिया गया था। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के दिनहाटा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2018 में एक समूह ने तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक व्यक्ति को कथित तौर पर गोली मार दी गई और वह घायल हो गया। इस मामले में श्री प्रमाणिक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

## पेज एक का शेष

### वाराणसी और प्रयागराज...

नहीं मिला था। ओडीएफ की अन्य श्रेणी में 129 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस का प्रमाण पत्र मिला है। पिछले साल 40 को ही मिला था। 435 निकायों को ओडीएफ का प्रमाण पत्र मिला है। सभी श्रेणियों को मिलाकर यूपी के सभी शहर अब ओडीएफ हो गए हैं।

### सेफ सिटी परियोजना...

हैं लेकिन किसी में कैमरे नहीं हैं। मथुरा वृंदावन में 85 बिल्डिंग की रिपोर्ट है लेकिन इसमें भी किसी में कैमरे नहीं हैं। शासन की जो रिपोर्ट आयी है उसमें आवास विकास परिषद की स्थिति सबसे खराब है। मथुरा वृंदावन में आवास विकास ने एक भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की रिपोर्ट नहीं दी गई। कानपुर में आवास विकास के दो बहुमंजिला बिल्डिंग के पांच टावर में एक भी कैमरे नहीं हैं। इसी तरह लखनऊ में आवास विकास के 14 अपार्टमेंट में 144 टावर हैं। इसमें 526 कैमरे लगे हैं। सहारनपुर, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़, मेरठ, गोरखपुर, आगरा, मुरादाबाद तथा बरेली में भी आवास विकास की प्रगति शून्य है। गाजियाबाद में आवास विकास की दो बिल्डिंग के 16 टावर में कुल 21 कैमरे ही हैं।

### अयोध्या-अहमदाबाद...

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अयोध्या में ऐसा लगा कि मानो हर कोई प्रभु श्रीराम के स्वागत में आह्लादित है। योगी ने नव्य अयोध्या बनाई है। उन्होंने कहा कि 'जहां होता है राम का नाम-वहां पूरे होते हैं सारे काम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना, एक रिकॉर्ड है। इस फ्लाइट के माध्यम से वाइब्रेंट गुजरात और आध्यत्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में 2014 में 700 एयरक्राफ्ट प्रति सप्ताह था, आज 137 गुना बढ़कर 1654 एयर मूवमेंट प्रति सप्ताह तक पहुंच गया है। इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने देश के सिविल एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइंस की मजबूत उपस्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में इंडिगो हर दिन उत्तर प्रदेश के सात हवाईअड्डों से 165 उड़ानें भर रहा है। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी सुनिश्चित है। दोनों ओर से फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन में उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और फ्लाइट संख्या 6ई112 की अयोध्या से पहली उड़ान के पहले यात्री को बोर्डिंग पास भी प्रदान किया गया। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह और सांसद किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी और इंडिगो के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

### जम्मू-कश्मीर...

स्मगलिंग की कोशिशें भी जारी हैं, लेकिन सेना इन कोशिशों को लगातार नाकाम कर रही है। पिछले साल नॉर्थ ईस्ट में सरकार की नीतियों के कारण पॉजिटिव डेवलपमेंट हुए हैं। वहां हिंसा भी कम हुई है। हालांकि, मणिपुर में जरूर हिंसा देखने को मिली है, लेकिन वहां भी हम स्थिति को कंट्रोल में लाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत-म्यांमार सीमा हमारे लिए चिंता का विषय है। हम इस पर करीब से नजर रख रहे हैं। असम राइफल की 20 बटालियन को वहां तैनात किया गया है। इस सीमा पर इसलिए भी ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि यहां से मणिपुर में घुसपैठ की जा सकती है। अग्निवीर के दो बैच पूरी तरह फील्ड पर हैं और उनसे फीडबैक भी हमें लगातार मिल रहा है। इसके अलावा 120 महिला ऑफिसर को स्थाई कमीशन दिया जा चुका है। वे सभी फील्ड पर कमांडिंग रोल में हैं।

### कई इलाकों में...

लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, बहराइच आदि जिलों में कोहरा छाया रहने का अनुमान जताया गया है। बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं घना और कहीं-कहीं बहुत घना कोहरा छाया रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बहुत घने कोहरे का प्रकोप रहा। कुछ इलाकों में धूप नहीं निकली और कोल्ड डे बना रहा। राज्य के आगरा मंडल में दिन के तापमान में काफी ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी। प्रदेश में रात का सबसे कम तापमान आगरा में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### भारतीय पासपोर्ट...

आयरलैंड, नीदरलैंड आते हैं। इस इंडेक्स में बेल्जियम, लग्जमबर्ग, नॉर्वे, पुर्तगाल और युनाइटेड किंगडम चौथे स्थान पर हैं। इन देशों के नागरिक कुल 191 देशों का दौरा कर सकते हैं।

### 22 जनवरी को दीपमाला...

करने हेतु शासनादेश के अनुसार कार्य करने तथा मण्डलायुक्त कार्यालय में रिपोर्ट देने को कहा है। सूचना विभाग द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वाहन जो चल रही है, इसके अलावा लगभग 50 स्थानों पर स्थापित करने की कार्ययोजना है, उसे भी जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देश दिया गया है।

### राम मंदिर में प्राण...

भक्तों को भोजन कराया जाएगा । उन्होंने बताया कि महायज्ञ की समाप्त होने के बाद 1008 शिवलिंग को सरयू नदी में विसर्जित किया जाएगा। नेपाली बाबा ने बताया कि इस समारोह की शुरुआत 14 जनवरी को यजमानों के सिर मुंडन के साथ होगी तथा 17 जनवरी से रामायण के 24 हजार श्लोकों के जाप के साथ हवन शुरू होगा, जो 25 जनवरी तक चलेगा। उनके अनुसार प्रतिदिन 1008 शिवलिंगों का पंचामृत से अभिषेक होगा । उन्होंने कहा, 'हम मूल रूप से नेपाल के नहीं हैं, हम अयोध्या के निवासी हैं। मेरा जन्म इसी मंदिर नगरी में हुआ था और मैं तपस्वी नारायण दास का शिष्य हूं (बाद में मैं नेपाल चला गया)। नेपाल के राजा ने वहां एक यज्ञ अनुष्ठान करने के कारण मेरा नाम नेपाली बाबा रखा । उन्होंने कहा कि शिवलिंगों की नक्काशी के लिए मध्य प्रदेश की नर्मदा नदी से पत्थर लाए गए हैं जिन्हें कारीगर तराश कर शिवलिंग बना रहे हैं और यह काम 14 जनवरी से पहले पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, महायज्ञ में रहने वाले ब्राह्मणों और श्रद्धालुओं के लिए सरयू के तट पर एक टेंट सिटी बनाई गई है।

# मैं बुआ और मुख्यमंत्री मामा के रूप में बच्चों के साथ खड़े हैं: रेखा आर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने कोविड महामारी से प्रभावित ऐसे बच्चों की सहायता करने के लिये मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुभारंभ की गयी है, जिनके माता पिता की मृत्यु कोविड महामारी के कारण हुई है। इस बारे में मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मैं बुआ और मुख्यमंत्री मामा के रूप में बच्चों के साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य के उन सभी परिवारों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जिनके परिवार के सदस्य की मृत्यु कोरोना महामारी के कारण हुई है। कोविड-19 के समय में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए उत्तराखंड सरकार के द्वारा यह सराहनीय कदम उठाया गया है। योजना के अंतर्गत ऐसे निराश्रित और असहाय बच्चों के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुरू की गयी जिसमे निराश्रित बच्चों के साथ-साथ उन परिवारों को भी आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। मंत्री आर्या ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लाभार्थियों को माह अक्टूबर, 2023 तक की किश्तों का भुगतान किया जा चुका है।अब मुख्यमंत्री वात्सल्य योजनान्तर्गत लाभार्थियों को तीन हजार प्रतिमाह की दर से पीएफएमएस के माध्यम से माह नवम्बर, 2023 में 6062 लाभार्थी एवं दिसम्बर, 2023 में 6041 लाभार्थियों को कुल रु. 363.09 लाख की धनराशि भेजी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार हर गरीब व्यक्ति के साथ खड़ी है।कोविड में असहाय हो चुके लोगों व बच्चों के लिए मुख्यमंत्री धामी ने वात्सल्य योजना शुरू की थी, जिसका आज हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभ ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के साथ हर समय खड़ी है, उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। आज प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# राज्य की पंचायतीराज व्यवस्था को छिन्न भिन्न करना चाहती है भाजपा : करन माहरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य की धामी सरकार पर कंग्रेस के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ राजनैतिक विद्वेष एवं प्रतिशोध की भावना से काम करने और राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का आरोप लगाया है। प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष माहरा ने जिला पंचायत चमोली की अध्यक्ष रजनी भण्डारी को वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए पदच्युत किये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की राज्य सरकार विपक्षी दल के चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों को झूठे आरोपों में फंसाकर एन-केन-प्रकारेण पदच्युत कर पंचायतों में राज्य की सत्ता के बल पर काबिज होना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा राजनैतिक प्रतिशोध और द्वेष की भावना से प्रेरित होकर विपक्षी दल के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की जा रही दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई की कंग्रेस पार्टी कठोर शब्दों में निन्दा करती है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार सत्तारूढ़ हुई है तब से राज्य सरकार के इशारे पर राजनैतिक प्रतिशोध और द्वेष की भावना से विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। एक ओर राज्य सरकार के इशारे पर कंग्रेस पार्टी के चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों को अलोकतांत्रिक तरीके से पदों से हटाया जा रहा हैं वहीं पूर्व प्रतिनिधियों पर झूठे मुकदमे लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कंग्रेस पार्टी की जिला पंचायत चमोली की अध्यक्ष रजनी भण्डारी को झूठे आरोप लगाते हुए पद से हटाने का षड्यंत्र रचा गया था, जिसे न्यायालय ने नकार कर भाजपा सरकार के मुंह पर तमाचा मारा था। इसी प्रकार उत्तरकाशी जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, नगर पालिका परिषद श्रीनगर की अध्यक्ष पूनम तिवारी एवं ब्लॉक प्रमुख खटीमा रणजीत सिंह नामधारी को भी अलोकतांत्रिक तरीके से झूठे आरोप लगाते हुए उनके पदों से हटाया गया है, जो गंभीर विषय है।

# उत्तराखंड अपर मुख्य सचिव बोलीं कोलकाता से टनकपुर की रेल सेवा दोनों प्रदेशों को मानसखंड से जोड़ेगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मानसखंड को कोलकाता से जोड़ने के लिए 17 अप्रैल से कोलकाता-टनकपुर रेल सेवा प्रारंभ करने की योजना है, जिससे कोलकाता और मानसखंड के बीच में अच्छा जुड़ाव हो जाएगा।

यह जानकारी प्रदेश की अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दी। उन्होंने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत आने वाले मंदिरों से अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को जोड़ने के लिए 15 अप्रैल से एक रेल सेवा मानसखंड एक्सप्रेस प्रारम्भ किये जाने पर कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यह रेल सेवा कोलकाता से टनकपुर तक संचालित की जाएगी। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए टनकपुर से पूर्णागिरी, हाटकालिका, पाताल भुवनेश्वर, जागेश्वरधाम, गोल्ज्यू देवता मंदिर, नन्दा देवी, कैंची धाम आदि मानसखंड मंदिर माला के अन्य मंदिरों तक स्थानीय बस व अन्य परिवहन सेवाओं को संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केएमवीएन के अतिथि गृह, होम स्टे, स्थानीय होटल आदि और हुनर योजना के तहत प्रशिक्षित स्थानीय गाइड्स पर्यटकों के आतिथ्य में सहयोग करेंगे। पर्यटकों की वापसी के लिए काठगोदाम से कोलकाता के लिए रेल सेवा उपलब्ध रहेगी। सचिवालय में मानसखंड मंदिर माला मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान एसीएस राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मंदिरों को जोड़ने वाली अप्रोच रोड्स के चौड़ीकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसीएस रतूड़ी को पर्यटन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत चिहि्नत कुमाऊं मण्डल के सभी 16 मंदिरों के अलग-अलग मास्टर प्लान अनुमोदित हो चुके हैं। इनमें से 9 मंदिरों की डीपीआर तैयार हो चुकी है। इनमें से अधिकांश मंदिरों का शिलान्यास जल्द हो जाएगा। मंदिरों के सौन्दर्यीकरण एवं विकास का कार्य कलस्टर अप्रोच रोड के साथ किया जा रहा है। एसीएस रतूड़ी ने मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत आने वाले सभी मंदिरों सौन्दर्यीकरण के साथ ही इनसे जोड़ने वाली अप्रोच रोड के चौड़ीकरण के कार्यों को भी साथ-साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग को सिंगल लाइन सड़कों को डबल लाइन में बदलने के कार्यों को जल्द समाप्त करने के निर्देश जारी हुए हैं। उन्होंने संस्कृति विभाग को राज्य की ऐतिहासिक विरासतों, मंदिरों आदि के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हैरीटेज एक्ट पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव सचिन कुर्वे सहित संस्कृति, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# बिछने थे 65 एमएम के पाइप, बिछा दिए 40 एमएम, ईई ने दिए हटाने के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। चमोली जिले के देवाल तहसील मुख्यालय के लिए बन रही पेयजल योजना मानकों के अनुरूप नहीं बन रही है। पेयजल लाइन में 65 एमएम के पाइप बिछाये जाने थे, लेकिन ठेकेदार ने 40 एमएम के बिछा दिए। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों में जल निगम के खिलाफ आक्रोश बना है। जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर ईई ने लाइन को उखाड़ कर 65 एमएम लाइन को बिछाने के आदेश सहायक अभियंता को दिए हैं। गौरतलब है कि तहसील देवाल बाजार में पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए हनीगाड से देवाल के लिए दो करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से साढे छह किलोमीटर की लाइन जल निगम की ओर से ठेकेदार के माध्यम से बनाई जा रही है। इंस्टेंट के आधार से स्त्रोत से 65 एमएम लोहे के पाइप बिछाया जाना है, लेकिन ठेकेदार ने 40 एमएम के पाइप बिछा कर आधी लाइन बना दी है। पूर्व प्रमुख उर्मिला बिष्ट, पूर्व छात्र नेता महावीर बिष्ट, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष कमल गडिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि हनीगाड पेयजल योजना मानकों के अनुरूप नहीं बन रही है। लाइन जगह-जगह पर ओपन है। उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार हनीगाड से रिजर्व टैंक कलियाधार तक 65 एमएम के पाइप बिछाए जाने थे, लेकिन ठेकेदार की ओर से 40 एमएम के पाइप बिछाये जा रहे हैं, इस लाइन से 36 हजार की आबादी को पानी उपलब्ध कराना है। जनप्रतिनिधियों ने इस बात शिकायत जल निगम के अधिशासी अभियंता गोपेश्वर से की है। इस पर अधिशासी अभियंता ने सहायक अभियंता को जन प्रतिनिधियों की शिकायत पर पाइप लाइन को उखाड़ कर 65 एमएम के पाइप बिछाने के निर्देश दिए है। अभिशासी अभियंता अरुण शाह ने कहा कि शिकायत मिली है। मौके पर जा कर जांच की गयी है। लाइन गलत बिछाई गई है। लाइन को उखाड़ कर 65 एमएम की लाइन को बिछवाने और पाइपों को मानक के तहत मिट्टी में दबाने के आदेश सहायक अभियंता को दिए है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष पर बरसे नवजोत सिंह सिद्धू

चंडीगढ़। पंजाब में कांग्रेस का अलग गुट चला रहे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कांग्रेस में अपने विरोधियों को निशाने पर लिया है। पंजाब में इस समय एक गुट का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ नवजोत सिंह सिद्धू अपने स्तर पर अपना गुट खड़ा करने में लगे हैं। पंजाब कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव की बुलाई बैठक में भी सिद्धू गुट नदारद रहा। नवजोत सिद्धू पंजाब में लगातार अलग से रैलियों का आयोजन कर रहे हैं। जिसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष खुलेआम नवजोत सिंह सिद्धू की आलोचना कर रहे हैं। कई दिनों की चुप्पी के बाद सिद्धू ने अपने अंदाज में गुरुवार की सुबह ट्वीट कर अपने विरोधियों को घेरा। सिद्धू ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि 'कौड़ी-कौड़ी बिके हुए लोग, समझौता करके घुटने पे टिके हुए लोग, अरे बरगद की बात करते हैं, गमलों में उगे हुए लोग। सिद्धू का यह ट्वीट कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के लिए पलटवार माना जा रहा है।

# अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने युवाओं के साथ मिलकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के वादे के मुताबिक युवाओं के हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखी है। मोदी सरकार ने अग्निवीर की आड़ में सेना में चयनित 1.5 लाख से ज्यादा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है लेकिन कांग्रेस युवाओं के साथ है। उनके हक की लड़ाई जारी रखेगी। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने इन युवाओं के डेलिगेशन से 26 दिसंबर को मुलाकात की थी व इनके न्याय के लिए सड़क से संसद तक का साथ देने का वादा किया था। उसी कड़ी में आज ये युवा और कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग प्रकोष्ठ ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# भारत आने के नाम पर सीआरपीएफ जवान से ठगे 49 हजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में तैनात एक जवान से उसकी सोशल मीडिया पर बनी महिला मित्र ने भारत आने की बात कहकर मिलने का झांसा दिया और फिर इसके बाद हवाई अड्डे पर कस्टम चेकिंग में रोके जाने का हवाला देकर 49 हजार रुपये ऐंठ लिए। सीआरपीएफ जवान ने आरोपित महिला के खिलाफ काठगोदाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम में तैनात जवान महेंद्र कापड़ी ने पुलिस को बताया कि फ़ेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए उनकी एक महिला से बातचीत हो रही थी। बातचीत का सिलसिला पिछले करीब एक महीने से चल रहा था। सीआरपीएफ जवान के मुताबिक महिला लंदन की रहने वाली थी और उसका नाम अमीनिया लैरी था। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर 2023 की सुबह करीब 10:30 बजे उनके पास अमीनिया का फोन कॉल पहुंचा और खुद के भारत आने की बात कही। उसने आने के पीछे यहां पर व्यापार करने की बात बताई। इसके कुछ ही देर बाद उसकी दोबारा कॉल आई और हवाई अड्डे पर कस्टम जांच में रोके जाने की बात कहकर 49500 रुपये की मदद मांगी। भरोसे में आकर महेंद्र कापड़ी ने रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। कुछ देर बाद दोबारा जब रकम मांगने के लिए फोन पहुंचा तब ठगी का शक हुआ। सीआरपीएफ जवान की तहरीर पर काठगोदाम पुलिस ने ढाई माह बाद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकार बदले की भावना से काम कर रही है : यशपाल आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया है कि रजनी भंडारी के मुद्दे पर सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। गुरुवार को एक बयान में नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने कहा कि जिन 2012-13 के आरोपों के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को पद से हटाया गया था, उस पर पूर्व में दो बार चमोली जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच में कोई भी वित्तीय अनियमितता नहीं पाई गई। यह बदले की भावना, हाई कोर्ट में पराजित हो गई,लेकिन अब पुनः सरकार ने चमोली जिला पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष रजनी भंडारी को राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर अनियमिताओं का आरोप लगाकर अध्यक्ष पद से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी सरकार के इस निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए। बदले की भावना, सरकार और राज्य के लिए उचित नहीं है।एक बार फिर न्यायालय की शरण में जाकर इस अनुचित कार्यवाही के ख़िलाफ़ न्याय की गुहार करेंगे।कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की इस द्वेषपूर्ण कार्रवाई में मज़बूती से उनके साथ रहेगा।

# ममता बनर्जी ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर लॉ सेक्रेटरी को लिखा पत्र, प्रस्ताव पर जताई असहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। समिति के सचिव को लिखे पत्र में ममता ने कहा कि 1952 में केंद्र और राज्य स्तर पर एक साथ पहली बार आम चुनाव कराए गए थे। उन्होंने कहा, ''कुछ वर्षों तक इस तरह से चला लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई।'' उन्होंने पत्र में लिखा, ''मुझे खेद है कि मैं आपके द्वारा तैयार 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हूं। हम आपके सूत्रीकरण और प्रस्ताव से असहमत हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, ''शासन की 'वेस्टमिंस्टर' प्रणाली में संघ और राज्य चुनाव एक साथ न होना एक बुनियादी विशेषता है, जिसे बदला नहीं जाना चाहिए। संक्षेप में कहें तो एक साथ चुनाव नहीं होना भारतीय संवैधानिक व्यवस्था की मूल संरचना का हिस्सा है।'' पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर अपनी-अपनी राय रखने के लिए एक पत्र लिखा था।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया।

आयोग के अनुसार इस अवसर पर ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण भी लॉन्च किया गया। ईसीआई वेबसाइट को सभी हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतर अनुभव और जानकारी तक आसान पहुंच के लिए फिर से डिजाइन किया गया है। वेबसाइट में एक समर्पित अनुभाग है, जहां मतदाता, राजनीतिक दल और उम्मीदवार एक ही स्थान पर सभी प्रासंगिक जानकारी, सेवाओं, आईटी प्लेटफार्मों और उनकी सुविधा के लिए डिज़ाइन किए गए ऐप्स तक पहुंच सकते हैं। आयोग के अनुसार 11-12 जनवरी तक दो दिवसीय सम्मेलन 2023 में हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के अनुभवों और सीखों को साझा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। साथ ही चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डेटा प्रबंधन, ईवीएम/ वीवीपैट, स्वीप रणनीति, मीडिया और संचार पर विषयगत चर्चा भी की जाएगी। सीईसी राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए चुनाव वाले राज्यों के सीईओ की सराहना की।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063